आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

दैनिक अवन्तिका

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 272 | उज्जैन, बुधवार 14 अक्टूबर, 2026 | आश्विन शुक्ल 4 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

चीन ने लद्दाख की 28 जगहों को अपना बताया

बीजिंग/नई दिल्ली। चीन ने लद्दाख की 28 जगहों पर अपना बताया है। चीन ने मंगलवार को इन जगहों के नाम तय करने के भारत के फैसले पर आपत्ति भी जताई। चीन ने कहा- ये इलाके हमारे हैं और भारत के नाम बदलने या नया नाम रखने से जमीन पर मालिकाना हक नहीं बदलेगा। भारत ने 2 अक्टूबर को इन जगहों के नाम आधिकारिक तौर पर तय किए थे। इनमें गोगरा और हॉट स्प्रिंग जैसे इलाके भी शामिल हैं, जहां 2020 में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच तनाव हुआ था।

अजरबैजान में 96% मुस्लिम फिर भी हिजाब बैन हुआ

बाकू। मुस्लिम बहुल देश अजरबैजान में स्कूलों में हिजाब पहनने को लेकर विवाद शुरू हो गया है। सरकार ने स्कूलों के ड्रेस कोड में बदलाव किया है। नए नियमों के तहत ऐसे कपड़े पहनने पर रोक लगाई गई है, जिन्हें सरकार धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ मानती है। इसके बाद हिजाब पहनकर स्कूल पहुंचीं कुछ छात्राओं और शिक्षकों को कक्षाओं में जाने से रोक दिया गया। फैसले के विरोध में छात्राओं ने कक्षाओं का बहिष्कार किया और प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। इस फैसले का विरोध पड़ोसी देश तुर्किये तक पहुंच गया है।

यूपीआई पर 0.4 प्रतिशत चार्ज दिवाली तक टला

नई दिल्ली। यूपीआई पेमेंट पर 15 अक्टूबर से लागू होने वाला चार्ज दिवाली तक टाल दिया गया है। इसमें दुकानदार को 2 हजार रु. से ज्यादा का यूपीआई पेमेंट करने पर 0.4% चार्ज लगना था। एनपीसीआई ने त्योहारी सीजन को देखते हुए इसे टालने का फैसला लिया है। एनपीसीआई ने कहा है कि इसे दिवाली के तुरंत बाद लगाया जाएगा, लेकिन अभी तारीख नहीं बताई है। अगर ग्राहक दुकानदार को 2 हजार रु. से ज्यादा का यूपीआई पेमेंट करता है, तो दुकानदार को कुल रकम पर 0.4% का एमडीआर चार्ज देना होगा। अगर ग्राहक 75 हजार रु. या उससे ज्यादा का बड़ा पेमेंट करता है, तो प्रतिशत के बजाय अधिकतम 300 रु. का फ्लैट चार्ज लागू होगा।

रणवीर शौरी को मर्डर की धमकी मिली



लोहे की रॉड से हमला करेंगे, पुलिस ने शुरू की जांच, सीजेपी प्रदर्शन का विरोध किया था

मुंबई। कॉकरोच जनता पार्टी के सड़क प्रदर्शन का विरोध करने के बाद बॉलीवुड अभिनेता रणवीर शौरी को जान से मारने की धमकी मिली है। 12 अक्टूबर की रात 9.10 बजे उन्हें दो अलग-अलग ईमेल आईडी से धमकी भरे मैसेज भेजे गए, जिनमें सार्वजनिक जगह पर लोहे की रॉड से सिर पर हमला करने की बात कही गई है। रणवीर शौरी ने इन ईमेल के स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर करते हुए साइबर पुलिस और मुंबई पुलिस से शिकायत की है। मुंबई पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है। अभिनेता रणवीर शौरी को राज परिहार नाम की ईमेल आईडी से मेल भेजा गया। ईमेल में बेहद अभद्र और हिंसक भाषा का इस्तेमाल किया गया है। धमकी देने वाले ने लिखा कि वे रणवीर की लोकेशन और मूवमेंट पर नजर रख रहे हैं और सही वक्त आने पर हमला करेंगे। ईमेल में धमकी दी गई कि सार्वजनिक जगह पर पीछे से लोहे की रॉड से सिर पर वार करेंगे।

नैनो न्यूज

- **नई दिल्ली :** ईसी वाले विवाद के बीच राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत, मानहानि की कार्रवाई पर लगी रोक।
- **नई दिल्ली :** पीएम मोदी ने कहा- भारत ने दुनिया को सस्ती दवाएं-टैलेंट दिया, बदले में क्रेडिट-रॉयल्टी भी नहीं ली, देश पहली बार ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम का मेजबान।
- **पंजाब :** नशा बेचने का विरोध करने पर हत्या, फेसबुक लाइव करते पहुंचा एक्टिविस्ट, केमिस्ट गोली मारकर भागा, समर्थकों ने दुकान तोड़ी।
- **नई दिल्ली :** एसआईआर के खिलाफ विपक्ष की याचिका में 14 खामियां, सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने बताया- कोर्ट फीस 220 कम दी, पेज गायब, खड़गे का आईडी कार्ड धुंधला।
- **तेहरान :** इजराइल पहुंची अमेरिकी फ्लाइट को बम की धमकी, कल इंडोनेशियाई पायलट के कारण विमान लौटाया, फ्लाईदुबई हादसे के बाद 11 देशों के पायलटों पर रोक।

दिल्ली में राहुल गांधी के आवास पर इंडिया ब्लॉक की बैठक के बाद विपक्षी नेताओं ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा हमारा मिशनः राहुल गांधी

विपक्ष ने कहा- वोट के साथ धरनास्थल भी चोरी हो रहे, प्रदर्शन जारी रहेगा, सीईसी को सजा मिलेगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली में राहुल गांधी के आवास पर इंडिया ब्लॉक की बैठक के बाद विपक्षी नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। राहुल गांधी ने कहा- देश में लोकतंत्र को बर्बाद किया जा रहा है और यह लड़ाई अलग-अलग नहीं, बल्कि एक ही आंदोलन है। उन्होंने कहा- मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश का इस्तीफा हमारा मिशन है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- वोट चोरी के प्लान को उजागर करने के लिए विपक्ष एक साथ है। तेजस्वी यादव, सुप्रिया सुले सहित अन्य विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने आरोप लगाया कि वोट के साथ अब धरनास्थल भी छीने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम लोगों के अधिकारों की रक्षा और लोकतंत्र को बचाने के लिए आंदोलन जारी रहेगा। राहुल ने अपने आवास पर विपक्षी नेताओं और छात्र संगठनों को चाय पर चर्चा के लिए बुलाया था। बैठक में ज्ञानेश कुमार और एसआईआर के विरोध में आंदोलन को आगे बढ़ाने की रणनीति पर चर्चा हुई। विपक्ष ने ज्ञानेश कुमार पर कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि वह अपनी लड़ाई जारी रखेगा।



हमारा संघर्ष नहीं रुकेगा जीत हासिल होगी

राहुल गांधी ने कहा- विपक्ष का संघर्ष जारी रहेगा और वह अपने लक्ष्य तक पहुंचकर रहेगा। उन्होंने कहा कि इसमें कल, परसों या दो साल भी लग जाएं, उनकी टीम रुकने वाली नहीं है। उन्होंने कहा- जिस ऊर्जा, ताकत और एकजुटता के साथ हमने आंदोलन किया है, उसी भावना के साथ मिलकर लड़ते रहेंगे।

- **नेहा बोरा बोलीं- बीजेपी लोकतंत्र और संविधान की दुश्मन- एआईएसए**
अध्यक्ष नेहा बोरा ने कहा- अगर बीजेपी सोचती है कि वह लोकतंत्र की नींव पर हमला कर सकती है और जब लोग अपने वोटिंग अधिकारों की मांग के लिए सड़कों पर उतरें, तो उनका विरोध करने का अधिकार भी छीन लिया जाएगा और वे चुप रहेंगे, तो बीजेपी गलतफहमी में है।
- **प्रशांत भूषण बोले-आंदोलन जारी रहेगा-** आंदोलन को रोका नहीं जा सकता, क्योंकि विरोध प्रदर्शन करना संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि अब इस विरोध में कई और संगठन शामिल होंगे। किसान संगठनों के साथ सिविल सोसाइटी और ट्रेड यूनियन भी आंदोलन में शामिल होंगे।

सीहोर में आदिवासी परिवारों के 12 मकान तोड़े जाने के मामले ने पकड़ा राजनीतिक तूल

अब शिवराज के बेटे कार्तिकेय ने बताए तेवर, कहा आदिवासियों से पहले अफसरों को हमसे टकराना होगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सीहोर

सीहोर जिले के कोसमी गांव में आदिवासी परिवारों के 12 मकान तोड़े जाने के मामले ने राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। कार्तिकेय सिंह चौहान ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उसी स्थान पर मकान बनवाने का भरोसा दिया। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने भी संबंधित अधिकारियों से तीन दिन में जवाब मांगा है।

सीहोर जिले के बुधनी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोसमी में आदिवासियों के मकान तोड़े जाने का मामला अब सियासी टकराव के साथ प्रशासनिक जवाबदेही की बड़ी लड़ाई बनता जा रहा है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के कड़े ऐतराज के बाद अब उनके बेटे कार्तिकेय सिंह चौहान भी पीड़ित परिवारों के बीच पहुंच गए। उन्होंने आदिवासी परिवारों के साथ जमीन पर बैठकर भोजन किया और दो टूक शब्दों में ऐलान किया कि बेघर हुए परिवार तिरपाल में नहीं रहेंगे, उनके मकान उसी जगह बनाए जाएंगे, जहां से उन्हें हटाया गया है। कार्तिकेय की चेतावनी ने इस पूरे घटनाक्रम को नया राजनीतिक मोड़ दे दिया है।



पहले हमसे टकराना होगा

सोमवार शाम केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान सीहोर जिले के भरूंदा क्षेत्र के ग्राम कोसमी पहुंचे। यहां उन्होंने प्रभावित आदिवासी परिवारों से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि पीड़ित परिवारों को बेसहारा नहीं छोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को आदिवासी परिवारों से टकराने से पहले हमारा सामना करना होगा। उनके इस बयान को प्रशासनिक कार्रवाई के खिलाफ कड़े राजनीतिक प्रतिरोध के रूप में देखा जा रहा है।

मूंग खरीदी विवाद ने बढ़ाई सियासी गर्मी

केंद्र और राज्य आमने-सामने, शिवराज-मोहन के रिश्तों पर फिर उठे सवाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल



प्रदेश में मूंग खरीदी का मुद्दा अब केवल किसानों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि इसने केंद्र और राज्य सरकार के बीच समन्वय पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। किसानों के आंदोलन, खरीदी लक्ष्य बढ़ाने और 18 जून 2026 की चर्चित बैठक को लेकर सामने आए दावों ने प्रदेश की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है। इस पूरे घटनाक्रम के बीच पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संबंधों को लेकर राजनीतिक चर्चाएं एक बार फिर तेज हो गई हैं।

प्रदेश में इस वर्ष मूंग की बंपर पैदावार हुई। किसानों की मांग थी कि सरकार अधिक से अधिक उपज का समर्थन मूल्य पर क्रय करे। प्रारंभिक स्तर पर सीमित खरीदी की घोषणा से किसानों में नाराजगी बढ़ गई। कई जिलों से किसान भोपाल पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। आंदोलन के दबाव के बाद सरकार ने खरीदी का दायरा बढ़ाते हुए लक्ष्य लगभग 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत तक करने का निर्णय लिया। इस फैसले से राज्य सरकार पर करीब 600 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ने की चर्चा भी सामने आई। इसी बीच एक नया विवाद उस समय खड़ा हो गया जब जानकारी सामने आई कि 18 जून 2026 को केंद्र सरकार के कृषि मंत्रालय ने मूंग खरीदी की समीक्षा के लिए पांच राज्यों की चर्चित बैठक बुलाई थी।

- केंद्र का दावा है कि मध्य प्रदेश सरकार को बैठक की पूर्व सूचना दी गई थी और अधिकारियों से संपर्क भी किया गया था, लेकिन राज्य के मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी बैठक में उपस्थित नहीं हुए। दूसरी ओर, राज्य सरकार का कहना है कि उसे बैठक की सूचना समय पर प्राप्त नहीं हुई। इस विरोधाभासी पाये ने प्रशासनिक समन्वय पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है।
- राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि मध्य प्रदेश और उसे बैठक में भागीदारी होती तो खरीदी की प्रक्रिया और कोटा बढ़ाने के संबंध में स्थिति पहले स्पष्ट हो सकती थी। हालांकि इस संबंध में किसी पक्ष की बात नहीं स्पष्ट अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

दैनिक अवन्तिका ने दो माह पूर्व ही 5 अगस्त 2026 के अंक में मूंग खरीदी विवाद के दौरान केंद्र और राज्य आमने सामने शीर्षक खबर के माध्यम से शिवराज मोहन के रिश्तों में आई खटास की तरफ इशारा कर दिया था।

सीएस से रिपोर्ट मांगी है, जल्द दूध का दूध और पानी का पानी होगाः सीएम मोहन यादव



सीहोर जिले के बुधनी विधानसभा क्षेत्र के कोसमी गांव में आदिवासी परिवारों के मकान तोड़े जाने का मामला अब सरकार और भाजपा संगठन के स्तर तक पहुंच गया है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की नाराजगी के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि उन्हें मामले की जानकारी मिली है और उन्होंने मुख्य सचिव से रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी और दूध का दूध, पानी का पानी हो जाएगा। रविवार को हुई कार्रवाई के बाद शिवराज सिंह चौहान प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचे थे और उनके साथ धरने पर बैठ गए थे। उन्होंने कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए प्रभावित परिवारों को राहत देने की बात कही थी। उन्होंने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर मामले में बात करने की भी बात कही थी। उनके दिल्ली से भोपाल लौटने के बाद इस मुद्दे पर चर्चा होने की संभावना है।

आशुतोष रांका और सौरव दास जंतर-मंतर से हिरासत में

सरकार ने कल से ही यहां प्रोटेस्ट बैन किया सीजेपी नेता बोले- प्रदर्शन यहीं करेंगे



दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी के प्रवक्ता सौरव दास और आशुतोष रांका को मंगलवार को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया। दोनों सीजेपी समर्थकों के साथ जंतर-मंतर पर पहुंचे और नारेबाजी कर रहे थे, जिसके बाद पुलिस ने सभी को पकड़ लिया।

सीजेपी ने हिरासत में लिए गए नेताओं का वीडियो जारी किया। रांका ने कहा, ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे तक प्रोटेस्ट जंतर-मंतर पर ही होगा। आज 10 लोग आए हैं, कल 1 हजार आएंगे, परसों 10 हजार आएंगे। जंतर-मंतर पर अब प्रदर्शन नहीं हो सकते। केंद्र सरकार ने सोमवार को इसे निर्धारित प्रदर्शन स्थल की लिस्ट से हटा दिया था। सीजेपी मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर और एसआईआर के विरोध में प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने 10 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन बुलाया था, लेकिन पहुंच नहीं पाए थे।

तिरंगा लहराना कब से वायलेशन हो गया

सीजेपी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा- तिरंगा लहराना कब से वायलेशन हो गया? जो भी ये सोचता है तिरंगा लहराना जंतर-मंतर पर वायलेशन है, वो देशद्रोही है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे ही देश में, भारत देश में तिरंगा लहराना कानून का उल्लंघन कब से हो गया? यह तानाशाह मानसिकता का सबसे बड़ा उदाहरण है।

बाजार में तेजी, सेंसेक्स 1100 अंक चढ़ा

टैक्स में राहत की उम्मीद और ट्रम्प के ईरान पर हमला न करने के ऐलान का असर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली



शेयर बाजार में आज यानी 13 अक्टूबर को बढ़त रही। सेंसेक्स 1,109 अंक चढ़कर 73,034 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 359 अंक की बढ़त रही, ये 22,722 पर बंद हुआ। टैक्स में राहत मिलने की उम्मीद और ट्रम्प के ईरान पर हमला न करने के ऐलान की वजह से बाजार चढ़ा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने साफ किया है कि 3 नवंबर को होने वाले मिडटर्म चुनावों से पहले अमेरिका ईरान पर हमला नहीं करेगा। दोनों देशों के बीच बातचीत सकारात्मक चल रही है। मध्य पूर्व में तनाव कम होने की उम्मीद से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स टैक्स और सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स पर चर्चा की बात कही है। इसका बाजार में पॉजिटिव असर दिखा है। इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड यानी आईएमएफ ने साल 2026 के लिए भारत की विकास दर के अनुमान को 6.4% से बढ़ाकर 7% कर दिया है।

प्रदेश में अब प्रॉपर्टी टैक्स के साथ देना होगा 2% फायर सेस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

प्रदेश में अग्नि सेवाओं के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए अब नया फायर टैक्स लगाया जाएगा। यह टैक्स सेस के रूप में उन सभी जमीनों और इमारतों पर लगेगा जो संपत्ति कर के दायरे में आती हैं। इसकी दर संपत्ति कर की न्यूनतम दो प्रतिशत या राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित दर के अनुसार होगी। जिन आवासीय संपत्तियों को प्रॉपर्टी टैक्स से छूट मिली हुई है, उन्हें फायर उपकर भी नहीं देना होगा। फायर उपकर का प्रविधान आधुनिक अग्निशमन उपकरणों की खरीद और इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए किया गया है।

राजस्थानः बॉर्डर पर ड्रोन से गिराई हथियार व आरडीएक्स की खेप

कारतूस बरामद, पंजाब के दो युवक पकड़ाए

एजेंसी ▸▸ श्रीगंगानगर

राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के रावला क्षेत्र में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास ड्रोन से संदिग्ध सामग्री गिराए जाने की सूचना से सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। सूत्रों के मुताबिक, तलाशी अभियान के दौरान कारतूस, पिस्टल और मैगजीन बरामद होने की जानकारी सामने आई है।

राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास ड्रोन से हथियार और विस्फोटक गिराए जाने का मामला सामने आया है। रावला क्षेत्र के 12 केएनडी गांव में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, सीमा सुरक्षा बल और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में आरडीएक्स, दो पिस्टल और करीब 650 कारतूस समेत



अन्य संदिग्ध सामग्री बरामद की गई। मामले में पंजाब के दो युवकों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस के अनुसार, दोनों कथित तौर पर ड्रोन से गिराए गए पैकेट उठाने पहुंचे थे। पुलिस के मुताबिक, सोमवार देर रात मिली खुफिया सूचना के आधार पर संयुक्त टीमों ने कार्रवाई की। शुरूआती आशंका थी कि ड्रोन से मादक पदार्थों की खेप गिराई गई है, लेकिन तलाशी के दौरान हथियार और संदिग्ध विस्फोटक सामग्री मिली। बरामद सामग्री की सटीक प्रकृति और मात्रा की पुष्टि के लिए विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है।

ड्रोन ने तीन बार में गिराए पैकेट

एएनटीएफ के महानिरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि ड्रोन ने तीन बार उड़ान भरकर तीन हिस्सों में खेप गिराई। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा एजेंसियों ने कथित तौर पर पैकेट उठाते समय दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। उनके अनुसार, दोनों युवक करीब एक महीने से ऑपरेशन 'सीमादंतक' के तहत निगरानी में थे। बरामद सामग्री में आरडीएक्स और दो पिस्टल के अलावा चार मैगजीन, करीब 650 कारतूस, बैटरी के चार जोड़े और दो रिमोट कंट्रोल भी शामिल बताए गए हैं। हालांकि, विस्फोटक सामग्री की वास्तविक प्रकृति और बरामद सामान की विस्तृत जांच अभी बाकी है।

अपनी बकरी मरी तो रो पड़े, दूसरों की बारी आई तो भगवान का कानून याद दिलाया!

शिवराज सिंह के धरने पर सियासी तंज, गरीबों के मकान टूटने के दौरान दिए गए पुराने बयानों को लेकर उठाए सवाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल



कानून सबके लिए एक है तो मानवीय संवेदना भी सबके लिए एक जैसी होनी चाहिए- राजनीति में संवेदनशीलता का मूल्यांकन केवल इस बात से नहीं होता कि नेता कब धरने पर बैठता है, बल्कि इस बात से भी होता है कि वह दूसरों की पीड़ा पर कितना मुखर होता है। किसी नेता का अपने क्षेत्र के लोगों के लिए आवाज उठाना अपने आप में गलत नहीं है। असली सवाल यह है कि क्या वही संवेदनशीलता उन गरीब परिवारों के लिए भी दिखाई गई, जिनके मकान उसकी सरकार के कार्यकाल में तोड़े गए थे? किस्सा पंडित की बकरी का हो या राजनीति में बुलडोजर कार्रवाई का, संदेश एक ही है—न्याय और संवेदना की कसौटी व्यक्ति देखकर नहीं बदलनी चाहिए। कानून सबके लिए एक है तो मानवीय संवेदना भी सबके लिए एक जैसी होनी चाहिए। गरीब की बारी में उपदेश और अपने क्षेत्र की बारी में विरोध—यही दोहरा मापदंड राजनीति पर सबसे बड़ा सवाल खड़ा करता है।

राजनीति में दूसरों को उपदेश देना आसान है, लेकिन जब वही परिस्थिति अपने सामने आती है तो नजरिया कैसे बदल जाता है, इसे समझाने के लिए एक पुराना किस्सा सुनाया जाता है। एक किसान की बकरी मर गई तो उसे समझाने पहुंचे पंडित जी ने कहा कि जन्म-मृत्यु ईश्वर के हाथ में है और भगवान के कानून को कोई नहीं बदल सकता। लेकिन कुछ समय बाद जब पंडित जी की अपनी बकरी मर गई तो वे खुद दहाड़ें मारकर रोने लगे। किसान ने उन्हें उनका ही उपदेश याद दिलाया तो पंडित जी का जवाब था—वो तेरी बकरी थी, ये मेरी बकरी है।

यह किस्सा मध्यप्रदेश की राजनीति में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को लेकर की जा रही टिप्पणी के संदर्भ में सुनाया गया। टिप्पणी का निशाना यह है कि जब दूसरे लोगों के मकान टूटते हैं, तब उन्हें नियम-कानून और व्यवस्था का हवाला दिया जाता है, लेकिन जब कार्रवाई अपने राजनीतिक क्षेत्र या परिचित लोगों तक पहुंचती है तो विरोध का स्वर बदल जाता है।

दूसरों के दर्द पर उपदेश, अपने क्षेत्र में कार्रवाई पर धरना- टिप्पणी में शिवराज सिंह चौहान के अपनी विधानसभा क्षेत्र में मकान तोड़े जाने के विरोध में धरने पर बैठने का उल्लेख किया गया। सवाल उठाया गया कि जब वे मुख्यमंत्री थे और प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में गरीबों के मकानों पर बुलडोजर चलाए जाने तथा बस्तियां हटाए जाने की घटनाएं सामने आ रही थीं, तब प्रभावित परिवारों के दर्द को किस नजर से देखा गया था? उस समय यदि कार्रवाई को नियम-कानून या ईश्वर की व्यवस्था बताकर उचित ठहराया जाता था, तो अब अपने क्षेत्र में मकान टूटने पर विरोध क्यों? इस तंज के केंद्र में बुलडोजर कार्रवाई से ज्यादा राजनीतिक दृष्टिकोण का अंतर है। सवाल यह है कि किसी कार्रवाई का विरोध इस आधार पर होना चाहिए कि वह गरीब परिवार के साथ अन्याय कर रही है, या विरोध तब ज्यादा मुखर होता है जब उसका असर अपने राजनीतिक क्षेत्र में दिखाई देता है?

गरीब का घर टूटे तो कानून, अपने क्षेत्र में टूटे तो अन्याय?

मकान किसी भी परिवार के लिए केवल ईंट-पत्थर की इमारत नहीं, बल्कि वर्षों की मेहनत, जमा पूंजी और जीवन की सुरक्षा का आधार होता है। अतिक्रमण हटाने या अवैध निर्माण के विरुद्ध कार्रवाई कानून के अनुसार होनी चाहिए, लेकिन इसमें प्रभावित परिवारों के अधिकारों, वैधानिक प्रक्रिया और पुनर्वास के सवालों की अनदेखी भी नहीं की जा सकती। यही कसौटी हर सरकार और हर जनप्रतिनिधि पर समान रूप से लागू होनी चाहिए। यदि किसी गरीब का घर गलत तरीके से तोड़ा जा रहा है तो उसका विरोध किया जाना चाहिए, चाहे वह किसी भी पार्टी का समर्थक हो या किसी भी क्षेत्र में रहता हो। और यदि कार्रवाई कानून के अनुसार है, तब भी प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह निर्धारित प्रक्रिया का पालन करे।

महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

लाख प्रयास, मोक्षदायिनी बदहाल

मोक्षदायिनी, उत्तरवाहिनी अपने उद्गम स्थल से होकर पास के दो जिलों में होती हुई धर्मनगरी पहुंचती है। उद्गम पूर्व-दक्षिण के ईशान कोण से संबध है तो वहां से प्रवाह करते हुए उत्तर की और बढ़ती है जिसमें पूर्व के जिले से होती हुई धर्मनगरी में प्रवेश करती है। उद्गम के जिले में तो फिर भी इसके हाल ठीक-ठीक कहे जा सकते हैं लेकिन जैसे ही यह धर्मनगरी के पास के पूर्वी जिले में पहुंचती है वहां इसकी बदहाली धर्मप्राण तो देखते ही अपनी नाक सिकोड़ लेते हैं। वहां इस पर एक आवर्धन योजना भी संचालित की जा रही है उसके बाद भी इसमें एक नाग के नाम का नाला पूरे शहर ही नहीं उघौगों की गंदगी को ऐसे छोड़ता है जैसे मोक्षदायिनी का प्रवाह उसकी इस गंदगी को लेने के लिए ही यहां से है। कुछ समय पूर्व संतों ने इस नाले पर पहुंचकर अपनी आपत्ति जताई थी। उघोग में भी पहुंचे थे लेकिन उसके बाद भी स्थिति ढांक के तीन पात की रही है। पास के पूर्वी जिले में मोक्षदायिनी के तट को देखा जाए तो इतनी गंदगी इसमें प्रवाहित कि जा रही है कि जल ही आचमन योग्य नहीं बताया जा रहा है। महाआयोजन की तैयारी के लिए इसे प्रवाहमान बनाए जाने को लेकर अरबों-खरबों की योजना पर अमल किया जा रहा है। एक तालाब में पानी इकट्ठा कर उसे पास के तालाब से इसके प्रवाह में छोड़कर इसे12 मासी प्रवाहमान बनाने पर काम किया जा रहा है। धर्मनगरी के पूर्व-दक्षिण ईशान कोण के जिले से आने वाली ख्याता को 8 माह इसमें मिलने से रोकने के लिए क्लोज डक्ट बनाया जा रहा है। आधा दर्जन बैराज भी बनाए जा रहे हैं, कुछ बैराज को उंचा किया जा रहा है। जिसके लिए महाआयोजन 16 में डायवर्शन योजना लाई गई थी। इसके बाद भी धर्मनगरी के पूर्व के जिले में नाग नाम के नाले पर मात्र कुछ करोड़ की योजना को अमल में लाने में किसी का कोई रूझान नहीं आ रहा है। संतों के देखने और आवाज उठाने के अपरांत भी मामले को नजरअंदाज किया जा रहा है। महीनों बाद भी वहां काम शुरू करने की अपेक्षा फिर से उसे देखा देखी की जा रही है। खुसूर-फुसूर है कि सालों पूर्व मालवा के एक संत ने इसके लिए गर्मी के दिनों में प्रति वर्ष अपना अभियान शुरू किया था। संत आते उनके साथ उनके हजारों समर्थ आते थे। उन्होंने बड़े-बड़े नलकूप भी प्रमुख घाटों पर करवाए थे। उन्होंने जब जिम्मेदारों पर सवाल उठाना शुरू किए तो उनके पूरे अभियान पर ही पानी डालने में कोई कोर कसर शेष नहीं छोड़ी गई। अब भी पास के पूर्व के जिले से वही गंदगी आ रही है जो दो दशक पूर्व वहां के उद्योगों से बराबर आ रही थी जिस पर सवाल कायम हुए थे। दशकों बाद भी इस मामले में सुधार न होना यह जता रहा है कि जिम्मेदार इस समस्या को बनाकर रखना चाहते हैं। उसके पीछे की वजह वे ही ज्यादा बेहतर जानते हैं।

नैनो न्यूज

- **अग्रसेन जयंती** पर निकला चल समारोह, दीपेश अग्रवाल बने नवयुवक मंडल के अध्यक्ष, गोला मंडी धर्मशाला से मनोरमा गार्डन तक निकला कारवां, मेला प्राधिकरण अध्यक्ष रहे मुख्य अतिथि
- **अग्रसेन जयंती** पर अनाज तिलहन व्यवसायी संघ ने चल समारोह का पुष्पवर्षा कर स्वागत, व्यापारियों ने की आरती, इस दौरान व्यापारियों ने पालकी में विराजित महाराजा अग्रसेन एवं कुलदेवी महालक्ष्मी की आरती कर पूजन किया और आशीर्वाद लिया
- **अखिल भारतीय** खंगार क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजू ठाकुर ने उज्जैन के भूपेन्द्र पंवार को अखिल भारतीय खंगार क्षत्रिय महासभा का प्रदेश मंत्री नियुक्त किया है।
- **दिव्यांग ने की मांग,** तीर्थनगरी में बने निःशुल्क विश्राम गृह और रोजगार के लिए लगे फैक्ट्री, 30 कमरों के रेस्ट हाउस और जीवनसाथी के लिए परिचय सम्मेलन का रखा प्रस्ताव
- **अलख उज्जयनी** की गरबा आराधना में उमडा जनसैलाब, विधायक व विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने की माता की आरती आयोजन को बताया सनातनी संस्कृति की सौगात
- **सनातन मंच** के गरबा महोत्सव में उमड़ी हजारों लोगों की भीड़, न्यू इंजीनियरिंग कॉलेज ग्राउंड पर आयोजित कार्यक्रम में युवाओं व परिवारों ने किया पारंपरिक गरबा
- **घुटना प्रत्यारोपण** शिविर में 32 लोगों ने लिया लाभ, लायंस क्लब उज्जैन गोल्ड और अपोलो हॉस्पिटल ने लगाया निःशुल्क जागरूकता एवं जांच शिविर
- **अमर शहीदों** की याद में त्रिवेणी इको पार्क में रोपे 21 फलदार पौधे, पर्यावरण प्रेमी मंच के आयोजन में शामिल हुए शहर के कई गणमान्य नागरिक
- **गरबा आराधना** के साथ अलख उज्जयनी के भव्य मेले का शुभारंभ, नारायण यादव और डॉ. रवि सोलंकी ने किया विधिवत उद्घाटन
- **राज्य कर्मचारी** संघ ने मनाया 48वां स्थापना दिवस, अधिकारों की लड़ाई के साथ कर्मचारियों में राष्ट्र प्रथम का भाव जगा रहा संगठन
- **शोभायात्राओं** में चैतन्य भैरव नारी शक्ति ढोल ताशा पार्टी का शानदार प्रदर्शन, अग्रवाल समाज ने साफा पहनाकर किया पूजा दीदी और उनकी टीम का सम्मान

आगर जिले का फतेहपुर मेंढकी गांव सामाजिक समरसता की मिसाल बना

ब्राह्मण, अजा परिवार के बुजुर्गों की अर्थी एक साथ उठाई

ग्रामीण युवाओं ने जातिवाद को तोड़ते हुए माकडौन कस्बे से बैंड बुलाए, डोल-बाजे के साथ निकली अंतिम यात्रा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जातिगत मामलों के लिए अक्सर चर्चाओं में आने वाले आगर-मालवा जिले के ग्राम फतेहपुर मेंढकी ने सामाजिक समरसता की ऐसी मिसाल पेश की है जिसकी चारों और चर्चा है। ग्रामीणों ने जाति की सीमाओं से ऊपर उठकर इंसानियत को सबसे बड़ा धर्म होने का संदेश दिया। गांव में एक ही दिन ब्राह्मण समाज के सत्यनारायण शर्मा और अनुसूचित जाति वर्ग के नारायण मालवीय के निधन के बाद ग्रामीणों ने दोनों की अंतिम यात्राएं अलग-अलग निकालने के बजाय एक साथ डोल बाजे के साथ निकालने का निर्णय लिया। दोनों का अंतिम संस्कार भी एक ही श्मसान में किया गया।



पूरा गांव इसमें भागीदार बना और बुजुर्गों को अंतिम विदाई दी गई।

ग्राम फतेहपुर मेंढकी निवासी सत्यनारायण शर्मा 67 वर्ष का लंबी बीमारी के बाद सोमवार सुबह निधन हो गया। परिवार और समाजजन अंतिम संस्कार की तैयारियों में जुटे ही थे कि कुछ ही समय बाद गांव के नारायण मालवीय 65 वर्ष का हृदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया। एक के बाद एक हुई दो मौतों से गांव में शोक की लहर छा गई। दोनों परिवारों में मातम का माहौल था।

कीर्तिमान रचने का काम किया- विधायक

आगर विधायक मधु गेहलोत ने कहा कि आगर विधानसभा हमेशा एक कीर्तिमान रचने का काम करती है। एक व्यक्ति सामान्य वर्ग से आता है और एक व्यक्ति एससी वर्ग से आता है। ये मेरे विधानसभा के लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि दोनों को एक साथ एक श्मशान में ले जाकर अंतिम संस्कार किया जाता है।इस सामाजिक समरसता के लिए मैं सभी मेरे आशीर्वाद दाता और पूरी आगर विधानसभा और फतेहपुर के सभी लोगों को धन्यवाद देता हूँ कि ऐसी मिसाल पेश करके एक भारत में, मध्य प्रदेश में और आगर विधानसभा में कीर्तिमान रचने का आपने काम किया।

इससे हिंदुत्व को बल मिलेगा- जिलाध्यक्ष- भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय ने कहा कि हमारे ग्राम फतेहपुर मेनकी में सामाजिक समरसता का बहुत बड़ा उदाहरण देखने को मिला। ग्रामीण जनों ने तय किया कि दोनों की अंतिम यात्रा एक साथ पूरे गाजे-बाजे के साथ निकाली जाएगी। फतेहपुर मेंढकी में सामाजिक समरसता का एक बहुत बड़ा उदाहरण हमारे लिए पेश किया है। इस उदाहरण से हमारे हिंदुत्व को बल मिलेगा। हमारी सनातन सभ्यता को ताकत मिलेगी।

वरिष्ठों की सहमति से हुआ सब

इसी बीच ग्रामीणों ने ऐसा निर्णय लिया, जिसने पूरे घटनाक्रम को सामाजिक समरसता की मिसाल बना दिया। युवाओं ओर वरिष्ठजनों के बीच हुई आपसी चर्चा के बाद दोनों की अंतिम यात्रा एक साथ निकालने का निर्णय लिया। इसके बाद दोनों अर्थियों को एक साथ सजाकर अंतिम यात्रा निकाली गई। गांव के श्मसान पर दोनों को एक साथ अंतिम संस्कार किया गया।

उज्जैन में 17 अक्टूबर को 151 स्थानों पर होगा 31 हजार कन्याओं का पूजन

17 अक्टूबर को नवरात्रि पर होगा भव्य आयोजन, पूजन और भोजन के बाद हर कन्या को भेंट किया जाएगा टिफिन बॉक्स

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नवरात्रि के अवसर पर उज्जैन में 17 अक्टूबर को 151 स्थानों पर एक साथ 31 हजार कन्याओं का पूजन किया जाएगा। लोकमान्य तिलक गणेश उत्सव महाजन समिति के तत्वावधान में होने वाले इस आयोजन में कन्याओं के पूजन और भोजन के बाद प्रत्येक कन्या को उपहार स्वरूप टिफिन बॉक्स भेंट किया जाएगा। आयोजन को लेकर पिछले छह महीने से तैयारियां की जा रही हैं।

मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कार्यक्रम के सूत्रधार एवं समिति के संयोजक, उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने आयोजन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़े स्तर पर कन्या पूजन किया जा रहा है। कार्यक्रम सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक चलेगा।

मतदाता सूची के आधार पर किया कन्याओं का पंजीयन- विधायक कालूहेड़ा ने बताया कि 13 वर्ष से कम आयु की कन्याओं की संख्या का आकलन करने के लिए मतदाता सूची को आधार बनाकर पंजीयन की प्रक्रिया शुरू की गई। आयोजन के लिए 31 हजार से अधिक कन्याओं का पंजीयन हो चुका है। कन्याओं के पंजीयन से लेकर आयोजन की व्यवस्थाओं तक अलग-अलग स्तर पर काम किया जा रहा है।



151 स्थानों पर क्षेत्रीय नागरिक बनेंगे यजमान

शहर में निर्धारित 151 स्थानों पर कन्या पूजन और भोजन की व्यवस्था संबंधित क्षेत्र के नागरिकों द्वारा की जाएगी। क्षेत्रीय नागरिक यजमान के रूप में कन्याओं का पूजन कर आयोजन में सहभागी बनेंगे। व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए क्षेत्रवार टीमें बनाई गई हैं और लगातार बैठकें की जा रही हैं।

पांच हजार से अधिक संभालेंगे व्यवस्था

आयोजन को सफल बनाने के लिए पांच हजार से अधिक कार्यकर्ता और स्वयंसेवक जुटे हुए हैं। फिलहाल आयोजन से संबंधित प्रवेशिका देने का काम चल रहा है। समिति द्वारा विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा भी की जा रही है, ताकि सभी 151 स्थानों पर कार्यक्रम निर्धारित समय पर संपन्न हो सके।

समाज के सभी वर्गों से सहभागिता की अपील- विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने समाज के सभी वर्गों से आयोजन में सहभागी बनने की अपील की। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में संत, समाजसेवी संगठन, भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल होंगे।

मेला क्षेत्र के केंद्र में नया सिंहस्थ कार्यालय आधा बना

कमांड एवं कंट्रोल रूम के संसाधनों के लिए अलग से 30 करोड़ की स्वीकृति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ 28 में संतों महंतों को भूखंड आवंटन की प्रक्रिया एवं सिंहस्थ के दौरान अपनी समस्याओं के निदान के लिए मेला क्षेत्र से 5-7 किलोमीटर दूर कार्यालय में नहीं आना होगा। इस बार सिंहस्थ क्षेत्र के केंद्र में ही करीब रू. 30 करोड़ की लागत से कमांड एवं कंट्रोल रूम सह मेला कार्यालय बनाया जा रहा है। सिंहस्थ मेला प्राधिकरण अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल के अनुसार कार्तिक मेला क्षेत्र में बन रहे इस कार्यालय का 50 प्रतिशत काम पूर्ण हो चुका है। द्वितीय तल की छत के साथ मार्च 27 में इसका निर्माण पूर्ण कर लिया जाएगा। बाद में इसका फर्नीशिंग पूर्ण कर लिया जाएगा।

वर्तमान में सिंहस्थ मेला कार्यालय का काम पुराने कोठी रोड स्थित कार्यालय से चल रहा है। इसी में प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं मेला अधिकारी सहित अन्य अधिकारी बैठकर सिंहस्थ की योजनाओं को आकार देने में लगे हैं। सिंहस्थ की महत्वपूर्ण बैठकें भी अधिकांश यहीं हो रही है।

स्थाई कार्यालय की सौगात- सिंहस्थ - 28 में स्थाई कार्यालय की सौगात मिल रही है। इसे उज्जैन विकास प्राधिकरण बना रहा है। बकौल अग्रवाल यह जी प्लस 1 मंजिल का भवन की संरचना है। इसमें करीब 63000 हजार वर्ग फूट निर्माण क्षेत्र है। भूतल एवं प्रथम तल पर अलग-अलग 31500 वर्ग फूट का निम्राण रहेगा। इसके अंदर इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर बनेगा, जहाँ से पूरे मेला क्षेत्र की सीसीटीवी, ड्रोन, डेटा एनालिटिक्स, अकसे भीड़ प्रबंधन, मोबाइल ऐप से रूट / पार्किंग जानकारी, सायबर सुरक्षा, पानी-बिजली की निगरानी होगी।

शिलान्यास को डेढ़ साल हुआ- इसका शिलान्यास 17 मार्च 2025 को 662.46 करोड़ के पैकेज के साथ किया था। मध्यप्रदेश कैबिनेट में एक प्रस्ताव लाया गया था कि सिंहस्थ मेला कार्यालय को सिर्फ मेले के दौरान नहीं, बल्कि पूरे साल स्थायी रूप से चालू रखा जाए। इसके लिए नए राजपत्रित और अराजपत्रित पद भी बनाए जाने का प्रस्ताव है।

शहर की टाउनशिप के केंद्र में- नीमनावासा, धतरावदा और लालपुर गांवों की 473.32 हेक्टेयर टाउनशिप में, कार्तिक मेला ग्राउंड को केंद्र मानकर बनाया जा रहा है। मेला कंट्रोल रूम के लिए अलग से 30 करोड़ की स्वीकृति भी दी गई है। अग्रवाल बताते हैं कि इसके भू-तल मेला अध्यक्ष, मेला अधिकारी एवं स्टाफ के साथ आने वाले संतों-महंतों के लिए विशेष व्यवस्था होगी। प्रथम तल पर पूरा आईसीसीसी ऑपरेशन रूम, सर्वर/डेटा रूम, सिक्योरिटी, रिसेप्शन होगा। भूतल पर कॉन्फ्रेंस हाल, प्लानिंग ऑफिस, स्टाफ ऑफिस, रिकॉर्ड रूम रहेगा।

हरसिद्धि मंदिर में भक्तों का तांता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

प्रसिद्ध शक्तिपीठ हरसिद्धि माता के दरबार में तड़के से ही भक्तों का तांता लगा हुआ देखा जा रहा है। माता के अलौकिक विग्रह के दर्शन की लालसा से दूर-दूर से श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर माता का आकर्षक श्रृंगार सभी का मन मोह रहा है। नवरात्रि के प्रथम दिवस घटस्थापन के पावन अवसर पर जवारे भी बोए गए हैं।

वरसिद्धि मंदिर की सांकल बजा रही युवती- वरसिद्धि माता मंदिर पर भी श्रद्धालु अपनी मनोकामना के धागे बांध रहे हैं। विवाह की अभिलाषी युवतियां वरसिद्धि माता के मंदिर की सांकल बजाकर शीघ्र विवाह की कामना कर रही हैं। मान्यता है कि माता के द्वार पर



लगी सांकल बजाकर कामना करने से शीघ्र विवाह हो जाता है।

नागर ब्राह्मण परिषद शाखा उज्जैन का पारंपरिक नवरात्रि महोत्सव आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नागर ब्राह्मण परिषद, शाखा उज्जैन द्वारा पारंपरिक नवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में समाजजनों ने उत्साह के साथ सहभागिता करते हुए धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं का उत्सव मनाया। नवरात्रि के उल्लासमय वातावरण में माता की आराधना के साथ समाज की एकता और पारिवारिक संस्कारों की झलक देखने को मिली।

महोत्सव का उद्देश्य समाज की पारंपरिक संस्कृति और धार्मिक मान्यताओं को सहेजने के साथ नई पीढ़ी को इनसे जोड़ना रहा। आयोजन में समाजजनों ने



मिलकर नवरात्रि पर्व की परंपराओं का निर्वहन किया और उत्सव को यादगार बनाया।

परिषद की शाखा उज्जैन द्वारा इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक विरासत और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया।

विनोद कुमार जी का जीवन संगठन, निष्ठा, समर्पण और साधना का प्रेरक उदाहरण : कृष्ण गोपाल

संघ के वरिष्ठ प्रचारक विनोद कुमार की श्रद्धांजलि सभा में किया स्मरण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ डॉ. जफर महमूद.उज्जैन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं अखिल भारतीय कार्यकारिणी के निमंत्रित सदस्य स्व. विनोद कुमार जी का उज्जैन में 6 अक्टूबर को निधन हो गया। लोकमान्य तिलक परिसर स्थित राजा भाऊ महाकाल सभा गृह में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह कृष्ण गोपाल जी सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख व्यक्तियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवन, कार्य और संगठन के प्रति समर्पण का स्मरण किया।

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए संघ के सह सरकार्यवाह कृष्ण गोपाल जी ने कहा कि विनोद कुमार जी का जीवन संगठन के प्रति निष्ठा, समर्पण और निरंतर कार्यशीलता का प्रेरक उदाहरण रहा है। उन्होंने संघ की शिक्षा प्राप्त करने के साथ साधु जीवन जीकर दिखाया। उनका जीवन सादगी से ओत-प्रोत था और





वे सिद्धांतों का कठोरता से पालन करते थे। वे अपने अनुशासित और दृढ़ व्यक्तित्व के कारण टाइगर के नाम से जाने जाते थे। उन्होंने कहा कि विनोद कुमार जी का ध्येय संघ से प्रतिदिन नए परिवारों को जोड़ना था। इसी उद्देश्य से वे निरंतर नए कार्यकर्ताओं और उनके परिवारों से संपर्क करते रहते थे। उन्होंने मातृभूमि के दुःख दूर करने का संकल्प लेकर अपना जीवन राष्ट्रकार्य के लिए समर्पित किया। वे आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन आकाश में तारों की तरह स्थापित होकर सदैव प्रेरणा देते रहेंगे।

संघ के मध्य क्षेत्र के पूर्व संघचालक अशोक सोहनी ने कहा कि विनोद कुमार जी का प्रचारक के रूप में 55 वर्षों का जीवन प्रेरणादायी रहा। निरंतर कार्य में लगे रहना और निर्णय लेने की क्षमता उनकी अद्भुत विशेषताएं थीं। पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. सत्यनारायण जटिया ने कहा कि जीवन के प्रसंग में आंच, जांच और सांच का विशेष महत्व है। विनोद कुमार जी समस्याओं पर चर्चा करने के बजाय उनके समाधान के लिए विचार करते थे। विश्व हिंदू परिषद के विनोद शर्मा ने कहा कि त्याग, तपस्या और अनुशासन जैसे गुणों से उनका जीवन परिपूर्ण था। उन्होंने धर्म सेवा और राष्ट्रसेवा में अपना जीवन लगाया। जीवन कितना लंबा है, इससे अधिक महत्वपूर्ण यह है कि उसे किस प्रकार जिया जाए। विनोद कुमार जी अपने श्रेष्ठ जीवन, चिंतन और मार्गदर्शन से कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते थे।

55 वर्षों का प्रचारक जीवन प्रेरणादायी

कार्यकर्ताओं की चिंता करना उनकी विशेषता थी

विद्या भारती के क्षेत्र संगठन मंत्री अखिलेश मिश्रा ने कहा कि विनोद कुमार जी सदैव कार्यकर्ताओं की चिंता करते थे। प्रचारक के रूप में उन्होंने तपस्वी जीवन जिया। उनके साथ आत्मीय संबंध स्थापित हुए और वे उनके आध्यात्मिक मित्र बन गए थे। महाकाल मंदिर के महेश पुजारी ने कहा कि विनोद कुमार जी भगवान शिव के अनन्य भक्त थे। महाकाल मंदिर के पुजारियों, कर्मचारियों और भक्तों के प्रति उनका अद्भुत अनुराग था। सनातन संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाने की भावना से वे निरंतर कार्य करते रहे। आध्यात्मिक संत श्री राधे राधे बाबा ने कहा कि विनोद कुमार जी के जीवन और कर्म से यह प्रेरणा मिलती है कि मोक्ष की अनुभूति केवल मृत्यु के बाद ही नहीं, बल्कि जीते-जी भी प्राप्त की जा सकती है।

चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन

श्रद्धांजलि सभा का संचालन उज्जैन विभाग कार्यवाह मनीष गोयल ने किया। सभा में स्व. विनोद कुमार जी के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर संघ के अनिल ओक, योगेश शर्मा, बलवीर सिंह, केतन, बलराज भट्ट, विजय केवलिया, पारस गेहलोत, योगेश भार्गव, राकेश खांडेकर, सोहन उदेनिया, नगर निगम सभापति कलावती यादव, विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रवि सोलंकी, पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान, राजेंद्र भारती, सोनू गेहलोत सहित बड़ी संख्या में संघ कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने विनोद कुमार जी के जीवन और राष्ट्र तथा समाज के प्रति उनके योगदान को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | बुधवार 14 अक्टूबर, 2026 | www.awantika.com

न्यूज ब्रीफ

युवा संगम (रोजगार मेला) इंदौर में 15 अक्टूबर को होगा आयोजित

इंदौर। रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा 15 अक्टूबर को एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। यह मेला जिला रोजगार कार्यालय परिसर, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के पास 10 पोलोग्राउंड इंदौर में प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। उप संचालक रोजगार श्री पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि रोजगार मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा 250 से अधिक रिक्त पदों पर प्रारंभिक चयन की प्रक्रिया की जाएगी। मेले में शामिल होने वाले युवाओं को अपनी योग्यता एवं रुचि के अनुसार रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

अंगदान दूसरों को नया जीवन देने का बनता है माध्यम

इंदौर। मध्यप्रदेश शासन द्वारा अंगदान, देहदान एवं नेत्रदान को प्रोत्साहित कर समाज में जनजागरूकता बढ़ाने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। अंगदान और देहदान मानवता की सेवा का ऐसा पुनीत कार्य है, जिसके माध्यम से जरूरतमंद लोगों को नया जीवन और अनेक लोगों को नई रोशनी मिल सकती है। यह मानवीय संवेदना, परोपकार और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का अनुकरणीय उदाहरण है इसी भावना को साकार करते हुए इंदौर के गोयल एवेन्यू निवासी 68 वर्षीय स्वर्गीय श्रीमती प्रतिभा अनिल भोसले का देहदान, नेत्रदान एवं त्वचा दान 12 अक्टूबर 2026 को संपन्न हुआ। उनका देहदान मानसरोवर आयुर्वेदिक कॉलेज भोपाल में, नेत्रदान एमके इंटरनेशनल आई बैंक इंदौर में तथा त्वचा दान चोइथराम स्किन बैंक इंदौर में किया गया।

3500 बेटियों ने मिलकर उकेरी मां की ममता

इंदौर। आमतौर पर रंगोली रंगों से सजती है, लेकिन झाबुआ में नजारा कुछ ऐसा था कि रंगों की जगह इंसान ही रंग बन गए। करीब 3500 स्कूली छात्राओं और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने मिलकर मां की गोद में दुलार पाते बच्चे की ऐसी आकर्षक मानव रंगोली रची कि मातृत्व का भाव मैदान में साकार हो उठा। पीजी कॉलेज ग्राउंड में सजी इस अनूठी रंगोली ने देखने वालों को चौंकाया भी और मां-बच्चे के रिश्ते की आत्मीयता का अहसास भी कराया। सेवा के रंग राष्ट्र के संग कार्यक्रम के तहत आयोजित इस सामूहिक प्रस्तुति का संदेश स्पष्ट था—मां सशक्त होगी, तभी परिवार, समाज और राष्ट्र मजबूत बनेगा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में सशक्त मां-सशक्त भारत की थीम पर हजारों प्रतिभागियों ने एक साथ निर्धारित आकार में बैठकर मां और बच्चे की आकृति बनाई।

ज्ञानेश के इस्तीफे की मांग को लेकर किया पुतला दहन



इंदौर । मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर इंदौर ठरवकपूर्व जिला अध्यक्ष रजत सिंह पटेल के नेतृत्व में इंदौर में पैदल मार्च एवं पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च निकालकर अपनी मांगों को लेकर विरोध दर्ज कराया। इसके पश्चात पुतला दहन कर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग उठाई गई। कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग को प्रमुखता से रखा। इस अवसर पर रजत सिंह पटेल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों एवं युवाओं से जुड़े मुद्दों पर अपनी आवाज बुलंद की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया और संवैधानिक संस्थाओं की जवाबदेही महत्वपूर्ण विषय हैं, जिन पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन इंदौर के भोलाराम उस्ताद मार्ग पर किया गया। इसमें ठरवककार्यकर्ताओं ने भाग लेकर संगठन की मांगों के समर्थन में अपना विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रिंस हार्डिया, संदीप पठोदे ,अंकित संरोनिया ,विशाल राणा, , सौरभ शेख, मोहम्मद फि रोज, , हिमांशु मलोरिया ,शशांक त्रिपाठी, देव सिंह चौहान, नबील खान, कपिल सोलंकी, कुणाल सुनहरे, पलाश मिश्रा, , आयुष यादव, तन्मय राजपूत, सौम्य कोकने, साहिल खान , योगेश तोमर , शिवानी गुर्जर , भूमा वर्मा , प्रदीप सैनी एवं टीम एवं अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नैनो न्यूज

- **देवास – औद्योगिक इकाइयों में उत्पादन पर जोर-** देवास के औद्योगिक क्षेत्र में इकाइयां उत्पादन, कच्चे माल की उपलब्धता और आपूर्ति व्यवस्था बेहतर बनाने पर ध्यान दे रही हैं। स्थानीय कारोबारियों के लिए लागत नियंत्रण प्रमुख चुनौती है।
- **आगर – कृषि व्यापार में हलचल-** आगर जिले में कृषि उपज के कारोबार से जुड़े व्यापारी मंडियों में आवक, गुणवत्ता और भाव पर नजर रख रहे हैं। किसानों और व्यापारियों के लिए परिवहन लागत भी अहम बनी हुई है।
- **आगर – दुकानदारों ने बढ़ाया सामान-** आगर के स्थानीय बाजारों में दुकानदार ग्राहकों की जरूरतों के अनुसार दैनिक उपयोग की वस्तुओं का स्टॉक बढ़ाने में जुटे हैं। कारोबारी बिक्री के साथ उधारी नियंत्रण पर भी ध्यान दे रहे हैं।
- **सुसनेर – मंडी कारोबार में आवक पर नजर-** सुसनेर क्षेत्र में कृषि उपज के व्यापार से जुड़े कारोबारी मंडी आवक, गुणवत्ता और परिवहन व्यवस्था पर नजर बनाए हुए हैं। किसानों को उपज के उचित भाव मिलने की उम्मीद रहती है।
- **सुसनेर – ग्रामीण बाजारों में बढ़ी खरीदारी-** सुसनेर के ग्रामीण व्यापार में किराना, कृषि उपकरण और दैनिक जरूरतों के सामान की मांग महत्वपूर्ण बनी हुई है। दुकानदार स्थानीय ग्राहकों की जरूरतों के अनुसार खरीदारी और भंडारण की योजना बना रहे हैं।

घर भी नहीं पहुंच पाए फैंस तब तक प्रबंधन की तत्परता के चलते चकाचक हो गया स्टेडियम

इंदौरः भारत-वेस्टइंडीज मैच के बाद निकला 27000 किलो कचरा

मैच समाप्त होते ही दर्शक गैलरियों की भी सफाई कर दी गई, पानी के गिलास और प्लास्टिक की बोतलों समेत करीब 2400 किलो सूखा कचरा भी एकत्रित किया

'जीरो वेस्ट' थीम पर हुआ था मैच का आयोजन


दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

पिछले आठ सालों से देश का सबसे स्वच्छ शहर क्यों बना हुआ है, इसकी एक बानगी रविवार रात होलकर स्टेडियम में साफ तौर पर देखने को मिली। भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेले गए अंतरराष्ट्रीय टी-20 मुकाबले को देखने के लिए करीब 30 हजार दर्शक स्टेडियम पहुंचे थे। इतने बड़े आयोजन में हजारों किलो कचरा निकलना स्वाभाविक था, लेकिन इंदौरी स्वच्छता का कमाल देखिए कि मैच खत्म होने और दर्शकों के घर लौटने से पहले ही पूरा स्टेडियम चमक उठा था। जैविक कचरे से खाद बनेगी और इस प्रक्रिया का पहला चरण स्टेडियम परिसर में ही पूरा किया जाता है। इसके बाद इसे प्लांट भेजा जाता है। मध्य प्रदेश क्रिकेट संगठन ने इस अंतरराष्ट्रीय मुकाबले को 'जीरो वेस्ट' थीम के तहत आयोजित किया था।

एमपीसीए के साथ मिलकर स्टेडियम की स्वच्छता की कमान संभालने वाले सृष्टि फाउंडेशन के श्रीगोपाल जगताप ने बताया कि एक तरफ मैदान पर खिलाड़ी चौके-छक्के लगा रहे थे, वहीं दूसरी तरफ स्टेडियम परिसर में 'स्वच्छता के खिलाड़ी' लगातार सफाई में जुटे हुए थे। मैच की दोनों पारियों के ब्रेक के दौरान दर्शक जो स्नैक्स और भोजन करते हैं, उससे निकलने वाले कचरे को तुरंत साफ किया जा रहा था। मैच समाप्त होते ही दर्शक गैलरियों की भी सफाई कर दी गई।

फ्लेक्स से बनेंगी एक हजार थैलियां

पर्यावरण संरक्षण की इस अनूठी पहल के तहत स्टेडियम में विज्ञापन के लिए लगाए गए फ्लेक्स को भी सहेजकर सुरक्षित रखा गया है। इन फ्लेक्स से महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं करीब



एक हजार उपयोगी थैलियां तैयार करेंगी। इसके एवज में समाजसेवी संस्थाओं द्वारा इन महिलाओं को भुगतान किया जाता है, जिससे उन्हें रोजगार का एक बेहतरीन अवसर भी मिल रहा है।

फोर-वे सेग्रीगेशन का पालन किया

इस मैच के दौरान कचरे के प्रबंधन के लिए 'फोर-वे सेग्रीगेशन' का पालन किया गया, जिसके तहत कचरे को चार अलग-अलग हिस्सों में बांटा गया। स्टेडियम परिसर से 300 किलो से अधिक गीला कचरा निकला है, जिससे जैविक खाद तैयार की जाएगी। खाद बनाने की प्रक्रिया का पहला चरण स्टेडियम परिसर में ही कचरे में बायोकल्चर मिलाकर पूरा कर लिया जाता है। इसके अलावा, खाने के गत्ते, पानी के गिलास और प्लास्टिक की बोतलों समेत करीब 2400 किलो सूखा कचरा भी एकत्रित किया गया। इस सूखे कचरे का पूरी तरह पुनर्चक्रण (रिसाइक्लिंग) किया जा रहा है। कागज के गत्तों और गिलासों से लुगदी बनाकर नया कागज तैयार किया जाएगा, जबकि प्लास्टिक की बोतलों और शीतल पेय की केन्स से दोबारा इस्तेमाल होने वाले उत्पाद बनाए जाएंगे।

मध्यप्रदेश हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से दो दिन में मांगा जवाब

चार किलोमीटर दूर स्कूल ले जाना शासन को पड़ा भारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ग्वालियर

स्कूल दूर स्थानांतरित किए जाने के कारण चार किमी की दूरी तय कर पढ़ाई के लिए जाने वाले छोटे बच्चों के भविष्य को लेकर मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने गंभीर रुख अपनाया है। न्यायमूर्ति जीएस अहलूवालिया और न्यायमूर्ति अनुराधा शुक्ला की पीठ ने राज्य सरकार को अतिरिक्त जवाब दाखिल करने के लिए दो दिन का समय दिया है। साथ ही स्कूल को शिफ्ट करने से संबंधित सभी दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

न्यायालय ने सरकार से यह भी स्पष्ट करने को कहा है कि स्कूल स्थानांतरित करने का निर्णय लेते समय शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के प्रविधानों पर विचार किया गया था या नहीं। मामले की अगली सुनवाई 16 अक्टूबर को होगी। यह मामला रसल जाटव की ओर से दायर याचिका से संबंधित है। सोमवार को सुनवाई के दौरान शासन की ओर से अधिवक्ता ने बताया कि पहले अतिरिक्त जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय मांगा गया था, लेकिन प्रत्येक निर्णय के पीछे संबंधित दस्तावेज और नीतिगत आधार होने के कारण पूरा रिकार्ड न्यायालय के सामने रखने के लिए दो दिन का समय दिया जाए।

क्या है पूरा मामला और याचिका की पृष्ठभूमि?

यह पूरा मामला रसल जाटव की ओर से दायर की गई एक याचिका से जुड़ा हुआ है। याचिका में इस बात को प्रमुखता से उठाया गया है कि प्रशासनिक या अन्य कारणों से स्कूलों को बच्चों के मूल निवास से काफी दूर स्थानांतरित कर दिया गया है, जिसकी वजह से छह से आठ साल तक के छोटे-छोटे बच्चों को अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए हर रोज लगभग चार किलोमीटर की लंबी दूरी पैदल तय करनी पड़ रही है। पिछली सुनवाई के दौरान भी हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से प्राथमिक स्कूलों के जर्जर भवनों और उनकी समय पर मरम्मत न कराए जाने को लेकर कड़ा जवाब तलब किया था।

स्कूल शिफ्ट करने से संबंधित सभी रिकार्ड किए जाएं प्रस्तुत

न्यायालय ने बच्चों को पढ़ाई के लिए चार किमी तक की दूरी तय करनी पड़ने की स्थिति को ध्यान में रखते हुए सरकार को दो दिन का समय दिया। पीठ ने निर्देश दिया कि स्कूल शिफ्ट करने से संबंधित सभी रिकार्ड प्रस्तुत किए जाएं। साथ ही यह भी बताया जाए कि निर्णय लेते समय शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रविधानों पर ध्यान दिया गया था या नहीं। गौरतलब है कि पिछली सुनवाई में भी हाई कोर्ट ने सरकार से प्राथमिक स्कूलों के जर्जर भवनों और उनकी मरम्मत नहीं कराने के संबंध में जवाब मांगा था। याचिकाकर्ता की ओर से अधिनियम के उन प्रविधानों का हवाला दिया गया था, जिनमें प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों के लिए एक किमी और कक्षा छठवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए तीन किमी की पैदल दूरी के भीतर स्कूल उपलब्ध कराने की व्यवस्था है।

प्रावधानों पर कोर्ट की नजर

सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान शासन के वकील ने अतिरिक्त जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का वक्त मांगा था। हालांकि, मामले की गंभीरता और बच्चों के भविष्य से जुड़े होने को देखते हुए अदालत ने कहा कि प्रत्येक प्रशासनिक निर्णय के पीछे ठोस नीतिगत आधार होना चाहिए। पीठ ने राज्य सरकार से यह भी स्पष्ट रूप से जवाब मांगा है कि क्या स्कूल स्थानांतरित करने का यह निर्णय लेते समय 'शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009' के वैधानिक प्रावधानों का पालन किया गया था या नहीं।

योजनाबद्ध शिफ्टिंग का अभाव, आमजन होते रहे परेशान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पुरानी कहावत है जल्दी का काम शैतान का। यह कहावत चरितार्थ होती नजर आती है जब देवासगेट से बस स्टेण्ड जल्दबाजी मे नानाखेडा शिफ्ट किया गया। योजनाविहिन कार्य सदैव ही परेशानियों का सबब बनता है। नानखेडा स्टेण्ड के अंदर पहले से ही प्रतिदिन लगभग ढाई सौ बसों का इंदौर व देवास रूट पर संचालन होता था ऊपर से शिफ्टिंग के कारण लगभग डेढ सौ बसों का अतिरिक्त दबाव भी बढ गया। ऐसे मे बस स्टेण्ड के अंदर बसों के लिए अपर्याप्त जगह रही और इंदौर जानेवाली बसें मुख्य सडक पर खडी रहीं । बसों के मुख्य सडक पर होने से इंदौर रोड पर आवागमन बाधित होता रहा। बस स्टेण्ड पर अपने गंतव्य रूट की बस ढूंढने मे भी यात्रियों को दिक्कत हुई। यात्री प्रतीक्षालय मे उद्घोषणा की कोई व्यवस्था न होने से किसी भी रूट की बस की जानकारी न रही ऐसे मे यात्री अपनी बस ढूंढते रहे। वृद्ध और फैमिली के साथ यात्रा कर रहे यात्रियों को बहुत परेशानी हुई। सामान लेकर बच्चों के साथ बस ढूंढते हुए बहुत से यात्री घूमते रहे। प्रतीक्षालय मे मात्र चार ही नल हैं वे भी पर्याप्त दबाव से नहीं चल रहे। ऐसी स्थिति मे पेयजल को लेकर भी यात्री परेशान होते रहे। नानाखेडा बस स्टेण्ड के पहुंच मार्ग पर कुछ क्रेन मालिकों ने अवैध पार्किंग कर कब्जा कर रखा है। वाहन स्टेण्ड के बाहर कतारबद्ध बहुत सी क्रेन खडी रहती हैं।

मां ने नदी में तैरना सिखाया, उज्जैन से एशिया तक 'अर्जुन' ने भरी उड़ान

एशियन मास्टर्स स्विमिंग चैंपियनशिप में जीता कांस्य

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में नदी किनारे से शुरू हुआ तैराकी का सफर अब अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंच गया है। उज्जैन के तैराक अर्जुन सिंह सोलंकी ने बेंगलुरु में आयोजित द्वितीय एशियन मास्टर्स स्विमिंग चैंपियनशिप में 200 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर शहर का नाम रोशन किया है। खास बात यह है कि अर्जुन को तैराकी की शुरूआती ट्रेनिंग उनकी मां ने ही दी थी। नदी के पास घर होने के कारण बचपन में मां ने उन्हें तैरना सिखाया और यहीं से उनका तैराकी का सफर आगे बढ़ा। अर्जुन के अनुसार उनकी मां खुद भी स्कूल गेम्स में स्टेट लेवल की खिलाड़ी रह चुकी हैं, जिन्होंने शुरूआत से ही उन्हें तैराकी के लिए तैयार किया।



बेंगलुरु में 4 से 10 अक्टूबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में 27 देशों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। अर्जुन ने 25 से 29 वर्ष आयु वर्ग में 200 मीटर बैकस्ट्रोक में तीसरा स्थान हासिल किया। इस स्पर्धा में पहला स्थान श्रीलंका के खिलाड़ी ने और दूसरा स्थान भारत के खिलाड़ी ने प्राप्त किया। अर्जुन ने नियमित अभ्यास और अनुशासन के साथ अपनी तैयारी जारी रखी। उन्होंने 2009 में तैराकी की तैयारी शुरू की थी और 2011 में पहली बार नेशनल प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। अर्जुन 2023 में गोवा नेशनल गेम्स में सिल्वर मेडल भी जीत चुके हैं। इसके अलावा वे ट्रायथलॉन और मॉडर्न पेंटाथलॉन में भी पदक हासिल कर चुके हैं। ट्रायथलॉन में साइकिलिंग, स्विमिंग और रनिंग शामिल होती है, जबकि मॉडर्न पेंटाथलॉन में रनिंग, स्विमिंग और शूटिंग जैसी स्पधाएं होती हैं।

कोच को दिया श्रेय, उज्जैन के अन्य खिलाड़ी भी शामिल

अर्जुन ने अपनी उपलब्धि का श्रेय कोच देवीदास रामचंदानी उर्फ गोलू और अमित यादव के मार्गदर्शन के साथ लगातार अभ्यास को दिया। इस प्रतियोगिता में उज्जैन के दिलीप जोशी, अविनाश टावर, सोमेश शर्मा और सुभाष गुप्ता ने भी हिस्सा लिया।

पटवारियों को नौकरी जाने का डर या फिर कुछ अलग बात...

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश के पटवारी जमीन से जुड़े कामों में पूरी तरह बट्टा लगा रहे हैं। एक तरफ वे काम नहीं करना चाहते, दूसरी तरफ उन पर रिश्वतखोरी के आरोप आए दिन लगते रहते है। ये पटवारी एक तो चोरी ऊपर से सीना जोरी कहावत को पूरी तरह चरितार्थ कर रहे हैं। पटवारियों का कहना है कि उनसे हुई गलती पर उनकी नौकरी जा सकती है।

जबकि, सच्चाई इसके ठीक उलट है। इस काम में पटवारियों की ऊपरी कमाई मारी जा रही है। पिछले कुछ वर्षों में ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें पटवारी घूस लेते रंगे हाथों पकड़े गए हैं। पटवारी कोई काम बिना लेन-देन के नहीं करना चाहते। हैरानी की बात यह है कि इन पटवारियों ने अपने-अपने निजी कार्यालय खोले हुए हैं। इन्हीं कार्यालयों में काली कमाई का निर्धारण होता है। गौरतलब है कि हाल ही में स्वामित्व योजना के काम में भी पटवारियों ने लापरवाही दिखाई थी। इसे लेकर कलेक्टरों ने पटवारियों को फटकार लगाई थी और नौकरी से बर्खास्त करने की चेतावनी भी दी थी। लेकिन, पटवारियों पर इसका कोई असर नहीं हुआ। उल्टा, पटवारियों ने तर्क दिया कि रजिस्ट्री में कोई गलती हो गई तो उनकी नौकरी पर संकट आ सकता है। उनका कहना है कि अधिकारियों के तबादले के बाद गलती की जिम्मेदारी उन्हें ही उठानी पड़ेगी।

जहां कृष्ण ने सीखीं 64 कलाएं, वह धरोहर बताएगी शिक्षा में जीवन मूल्यों का महत्व

130.75 करोड़ से संवरेगा उज्जैन का सांदीपनि आश्रम

तकनीक के माध्यम से गुरुकुल की शिक्षा पद्धति को जान सकेंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भगवान श्रीकृष्ण ने जिस भूमि पर गुरु सांदीपनि के सान्निध्य में 64 कलाओं और 16 विद्याओं का ज्ञान प्राप्त किया, वह अब शिक्षा के साथ संस्कारों और जीवन मूल्यों की महत्ता भी बताएगी। उज्जैन का महर्षि सांदीपनि आश्रम अब केवल आस्था और दर्शन का केंद्र नहीं रहेगा, बल्कि भारतीय गुरुकुल परंपरा को समझने का अवसर भी देगा। इसके लिए मध्य प्रदेश सरकार सिंहस्थ-2028 से पहले 130 करोड़ 75 लाख रुपये के बजट से कार्य कराएगी।

आश्रम में ऐसा अनुभव क्षेत्र विकसित किया जाएगा, जहां श्रद्धालु वर्चुअल रियलिटी (वीआर) और आगमेंटेड रियलिटी (एआर) तकनीक के माध्यम से गुरुकुल की शिक्षा पद्धति को जान सकेंगे। डिजिटल गैलरी में भगवान श्रीकृष्ण, सुदामा और बलराम के बाल्यकाल की कथाएं अत्याधुनिक लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से प्रस्तुत की जाएंगी। प्राचीन भारतीय गुरुकुल व्यवस्था में शिक्षा का अर्थ केवल पुस्तकीय ज्ञान हासिल करना नहीं था। गुरु के मार्गदर्शन में विद्यार्थी विभिन्न विद्याओं और कलाओं के साथ अनुशासन, कर्तव्यबोध, सहअस्तित्व और व्यावहारिक जीवन के जरूरी गुण भी सीखते थे। महर्षि सांदीपनि आश्रम के प्रस्तावित विकास का उद्देश्य इसी परंपरा को नए स्वरूप में लोगों के सामने लाना है। सिंहस्थ-2028 के पहले होने वाले ये कार्य आश्रम को आस्था और दर्शन के केंद्र के साथ भारतीय ज्ञान, संस्कृति और जीवन मूल्यों को समझने के महत्वपूर्ण स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में कदम होंगे।

संस्कारों की पाठशाला थी गुरुकुल परंपरा

इसके साथ ही आश्रम के ऐतिहासिक गौमती कुंड का वैज्ञानिक पद्धति से संरक्षण किया जाएगा, ताकि उसकी संरचना और जल सुरक्षित रहे। परिसर में मालवा की पारंपरिक वास्तुकला, नक्काशीदार पत्थरों और टेराकोटा का उपयोग प्रस्तावित है। इससे स्थानीय स्थापत्य परंपरा को भी पहचान मिलेगी।



दरअसल, गुरुकुल की प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धति में ज्ञान केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं था। गुरु के सान्निध्य में विद्यार्थी विद्याओं और कलाओं के साथ अनुशासन, कर्तव्य, सहअस्तित्व और जीवन के व्यवहारिक पक्षों को भी सीखते थे। सांदीपनि आश्रम का विकास इसी परंपरा को नई पीढ़ी और देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं के सामने प्रस्तुत करने का अवसर बनेगा।

वीआर-एआर तकनीक से जानेंगे कृष्णकालीन गुरुकुल की परंपरा

आश्रम में बनने वाला एक्सपीरियंस जोन पर्यटकों और श्रद्धालुओं को प्राचीन गुरुकुल व्यवस्था का अनुभव कराने के उद्देश्य से विकसित किया जाएगा। आधुनिक तकनीक के माध्यम से यह समझाने का प्रयास होगा कि उस दौर में शिक्षा किस तरह दी जाती थी और गुरु के सान्निध्य में विद्यार्थी ज्ञान के साथ जीवन जीने की कला कैसे सीखते थे। डिजिटल गैलरी में कृष्ण, सुदामा और बलराम से जुड़े प्रसंगों को दृश्य-श्रव्य माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। इससे आश्रम आने वाले लोगों, खासकर नई पीढ़ी, को भारतीय ज्ञान परंपरा से परिचित होने का अवसर मिलेगा।

सम्मान से बात कीजिए...

कुटुंब न्यायालय में जज के व्यवहार पर भड़के वकील हाईकोर्ट तक पहुंचा मामला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कुटुंब न्यायालय में प्रधान न्यायाधीश के व्यवहार और कार्यशैली को लेकर वकीलों ने विरोध जताया है। सोमवार को जिला न्यायालय और हाईकोर्ट के अधिवक्ता संघों के प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर अपनी नाराजगी जाहिर की। वकीलों ने प्रशासनिक न्यायाधीश से मुलाकात कर शिकायतें रखीं और कहा कि न्यायालय में अधिवक्ताओं के साथ सम्मानजनक व्यवहार होना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि शिकायतों के बावजूद स्थिति नहीं बदली तो न्यायालय के कामकाज का बहिष्कार किया जाएगा।

जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष राकेश पाल के मुताबिक कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश के व्यवहार को लेकर नई कार्यकारिणी के चुनाव के बाद से ही लगातार शिकायतें मिल रही थीं। वकीलों का आरोप है कि अदालत में सुनवाई के दौरान उनसे ठीक तरीके से बात नहीं की जाती। कुछ मामलों में पक्षकारों के सामने भी वकीलों को अपमानजनक बातें कहे जाने की शिकायत है। पाल ने बताया कि इस संबंध में पहले भी हाईकोर्ट में दो बार लिखित शिकायत दी जा चुकी है। सोमवार को भी इस मामले को लेकर शिकायत की गई।

राकेश पाल ने आरोप लगाया कि कई बार वकीलों को अदालत में अपनी बात रखने और जिरह करने में परेशानी होती है। कुछ मौकों पर वकीलों से कहा गया कि उन्हें वकालत करना नहीं आता और उन्हें कोई दूसरा काम करना चाहिए।

न्यूज कालम



वायल-पचखेड़ा नहर पर मोटर चोरी का मामला : पुलिस ने बरामद की मोटर

मनावर। वायल-पचखेड़ा नहर क्षेत्र में किसानों की मोटर चोरी के मामले में ग्रामीणों की सतर्कता और पुलिस की सक्रियता से महत्वपूर्ण सफलता मिली है। 11 अक्टूबर 2026 को पुलिस चौकी बाकानेर की टीम मोटर चोरी के मामले में चोरी गई मोटर को बरामद करने के लिए घटनास्थल पर पहुंची। जानकारी के अनुसार, वायल निवासी शोभाराम पाटीदार के मोटर पंप वाले स्थान के पास झाड़ियों में छिपाकर रखी गई मोटर को पुलिस ने बरामद किया। बताया जा रहा है कि मोटर चोरी की घटना के बाद ग्रामीणों ने सतर्कता दिखाते हुए संदिग्धों को पकड़ने में सहयोग किया था। इसके बाद पुलिस की मदद से मामले में कार्रवाई आगे बढ़ी। मोटर बरामद होने पर वायल क्षेत्र के किसानों ने पुलिस प्रशासन और चौकी बाकानेर की टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। किसानों को उम्मीद है कि पुलिस की जांच आगे बढ़ने के साथ पिछले दिनों क्षेत्र में हुई अन्य मोटर चोरी की घटनाओं का भी खुलासा हो सकता है। किसानों ने पुलिस से मांग की है कि नहर क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जाए, ताकि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके और किसानों की मोटरों की सुरक्षा सुनिश्चित हो।

गरबा पंडाल में भक्ति के रंग, काली अवतार और राम-रावण युद्ध का मंचन



सनावद। नवरात्रि में शहर के गरबा पंडाल भक्ति और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से गुलजार हैं। वार्ड 17 स्थित ओंकारेश्वर रोड के दुर्गा माता मंदिर में दुर्गा माता फ्रेंड्स ग्रुप द्वारा प्रतिदिन गरबों के साथ धार्मिक नाटकों का मंचन किया जा रहा है। समिति सदस्य निलेश मालाकार और नितिन मेवाड़ ने बताया कि बीती रात मां शारदा गरबा मंडल पुनासा ने काली माता की लीला और राम-रावण युद्ध का प्रभावी मंचन किया। आयोजन में प्रकाश हॉस्पिटल के संचालक नितिन माली और डॉ. शिव चौधरी अतिथि के रूप में शामिल हुए। समिति द्वारा उत्कृष्ट नृत्य और मेकअप करने वाली टीमों को पुरस्कृत भी किया जा रहा है। आयोजन में कन्हैया ठाकुर, ताराचंद्र चाचरिया, ऋतिक तौर, दीपक योगी, विक्की ठाकुर, आदित्य ठाकुर और विक्की माली सहित समिति सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। समिति ने धर्मप्रेमी नागरिकों से आयोजन में शामिल होकर गरबा उत्सव को सफल बनाने की अपील की है।

ट्रैकिंग की मदद से पुलिस ने खोजा गुम मोबाइल, आवेदक को सौंपा



सनावद। थाना सनावद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महेश गुर्जर का गुम हुआ मोबाइल ट्रैकिंग के जरिए खोजकर उन्हें वापस सौंप दिया। थाना प्रभारी धर्मेंद्र यादव के निर्देश पर उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह पवार, आरक्षक सत्यनारायण सेन एवं न्यायालय खंडपीठ सदस्य रविंद्र अम्बिया ने संबंधित स्टाफ की मदद से मोबाइल की ऑनलाइन ट्रैकिंग कर लोकेशन चिह्नित की। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो मोबाइल सड़क किनारे पड़ा मिला, जिसे सुरक्षित आवेदक महेश गुर्जर के सुपुर्द कर दिया गया। मोबाइल वापस मिलने पर महेश गुर्जर ने थाना प्रभारी धर्मेंद्र यादव, सुरेंद्र सिंह पवार, सत्यनारायण सेन एवं रविंद्र अम्बिया सहित पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।

आवारा मवेशियों-कुत्तों का मुद्दा गरमाया, नागरिक अधिकार मंच ने प्रशासन को चेताया



सनावद। शहर की सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा और मोहल्लों में कुत्तों के झुंड नागरिकों की परेशानी बढ़ा रहे हैं। समस्या के स्थायी समाधान की मांग को लेकर नागरिक अधिकार मंच ने मंगलवार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। मंच ने कहा कि मुख्य मार्गों, चौराहों और बाजारों में घूमते मवेशियों से दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है, वहीं कुत्तों के झुंड से बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों की सुरक्षा को लेकर चिंता है। मंच ने मवेशियों को गोशालाओं तक पहुंचाने और कुत्तों की समस्या से निपटने के लिए नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई की मांग की। ये रहे मौजूदः संरक्षक दिनेश सोनी व रमेश भतानिया, अध्यक्ष पवन शर्मा, सचिव संजय सोनी, उपाध्यक्ष जयेश राठौर व हबीब खान, संगठन मंत्री ऋषि एरन सहित छोटेलाल धीमान, आदित्य मिश्रा, अभिनव मिश्रा, शेर सिंह सोलंकी, मांगीलाल मोरे और खुशियाल सिंह पवार सहित अन्य नागरिक मौजूद रहे।

इनरव्हील क्लब ने साझा किये वरिष्ठजनों के अनुभव

खंडवा। वरिष्ठजनों के अनुभवों से लाभान्वित होने एवं उन्हें खुशी व संतुष्टि की अनुभूति कराने हेतु इनरव्हील क्लब खंडवा द्वारा विभिन्न महिला समूहों के वरिष्ठजनों हेतु रखे गए आयोजन में सदस्यों ने दादी-नानी के आजमाए हुए उपयोगी नुस्खे बताए।

सरकार की जनविरोधी नीतियों और बिजली कटौती के विरोध में कांग्रेस ने मुख्यमंत्री का पुतला फूंका

जिला सूखाग्रस्त घोषित नहीं किया तो करेंगे चक्काजाम-महेश पटेल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आलीराजपुर



जिले में अल्पवर्षा से किसानों की फसलें प्रभावित होने और ग्रामीण अंचलों में बेतहाशा बिजली कटौती के विरोध में मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश पटेल एवं ओमप्रकाश राठौर के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सिनेमा चौराहे पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी की। इसके बाद ढोल-ढमाकों के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचे कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने सहित बिजली समस्या के निराकरण की मांग को लेकर कलेक्टर नीतू माथुर को ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान सभा को संबोधित करते हुए महेश पटेल ने कहा कि इस वर्ष पर्याप्त बारिश नहीं होने से आलीराजपुर जिले में खेती-किसानी पर प्रतिकूल असर पड़ा है। अल्पवर्षा के चलते खेतों में खड़ी फसलें प्रभावित हुई हैं और किसानों के सामने आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। ऐसी स्थिति में सरकार को जिले को तत्काल सूखाग्रस्त घोषित कर प्रभावित किसानों को राहत प्रदान करनी चाहिए। श्री पटेल ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि जिले की प्रभारी मंत्री और कैबिनेट मंत्री के बीच आपसी गुटबाजी के चलते विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के राज में अधिकारी मस्त हैं और जनता त्रस्त है। मंत्रियों की कथित गुटबाजी का फायदा अधिकारी उठा रहे हैं, जबकि आमजन अपनी समस्याओं को लेकर परेशान हैं। श्री पटेल ने सेवा संकल्प अभियान के तहत स्कूली बच्चों को तेज धूप में कार्यक्रमों में बुलाए जाने पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने इसे निंदनीय बताते हुए कहा कि बच्चों की सुविधा और स्वास्थ्य का ध्यान रखा जाना चाहिए।

पटेल ने चेतावनी देते हुवे कहा की आगामी दिनों में जिले को सूखाग्रस्त घोषित नहीं किया गया और बिजली कटौती की समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो कांग्रेस आंदोलन तेज करेगी। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के समापन पर जिलेभर में प्रधानमंत्री का पुतला दहन, चक्काजाम और धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेसी नेता ओमप्रकाश राठौर ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर आदिवासी किसानों की समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अल्पवर्षा से प्रभावित किसानों को राहत दिलाने के लिए सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए।

नेपा मिल में 17 महीने से नहीं मिला वेतन, दशहरा-दीपावली पर भी अंधेरा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नेपानगर

भारत सरकार के उपक्रम नेपा लिमिटेड, नेपानगर में श्रमिकों का शोषण चरम पर है। संस्थान में कार्यरत स्थायी, संविदा और बदली कर्मचारियों का लगभग 17 माह का वेतन लंबित है। दशहरा और दीपावली जैसे बड़े त्योहार सिर पर हैं, लेकिन कर्मचारियों के घरों में खाली हाथ का अंधेरा है। नेपामिल्स श्रमिक संघ (मान्यता प्राप्त - इंटक) ने इस गंभीर मामले को लेकर मुख्य महाप्रबंधक कारखाना को 12 अक्टूबर 2026 को पत्र लिखा है। संघ अध्यक्ष प्रवीण सोनी ने पत्र में सीधे तौर पर प्रबंधन पर नए श्रम कानून के उल्लंघन का आरोप लगाया है। पत्र में कहा गया है कि भारत सरकार द्वारा लागू नई श्रम संहिता के तहत हर नियोक्ता की वैधानिक जिम्मेदारी है कि वह हर श्रमिक को वेतन माह की 7 तारीख तक भुगतान करे। लेकिन नेपा प्रबंधन इस प्रावधान का घोर उल्लंघन कर रहा है। संघ ने बताया कि इस संबंध में कई बार मौखिक चर्चा और लिखित पत्रों के जरिए प्रबंधन को आगाह किया गया, लेकिन आज तक कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई। वेतन न मिलने से कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। नतीजतन, स्थायी, संविदा और बदली वर्करों में प्रबंधन के खिलाफ ही नहीं, श्रमिक संघ के प्रति भी रोष और आक्रोश का माहौल बन रहा है। कर्मचारियों का धैर्य अब जवाब दे रहा है। संघ ने करबद्ध निवेदन किया है कि त्योहारों की पवित्रता और कर्मचारियों की दयनीय स्थिति को देखते हुए १७ माह के लंबित वेतन का भुगतान शीघ्र-अतिशीघ्र कराया जाए, ताकि हर श्रमिक अपने परिवार के साथ त्योहार मना सके। यदि शीघ्र भुगतान नहीं किया गया तो उत्पन्न होने वाली किसी भी अप्रिय स्थिति और औद्योगिक अशांति की संपूर्ण जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी।



स्थायी समिति की बैठक में सांसद पाटील ने उठाए क्षेत्र के मुद्दे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बुरहानपुर

मंगलवार को नई दिल्ली स्थित संसद भवन परिसर में आयोजित संसद की ऊर्जा संबंधी स्थायी समिति की बैठक में खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने सहभागिता की। बैठक में सांसद ने अपने संपूर्ण लोक सभा क्षेत्र से जुड़े ऊर्जा क्षेत्र के महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाने, उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान तथा ऊर्जा क्षेत्र के विकास से जुड़े विषयों पर ध्यान आकर्षित किया। इस दौरान ऊर्जा क्षेत्र की वर्तमान चुनौतियों, विकास की संभावनाओं और भविष्य की आवश्यकताओं पर विचार-विमर्श किया गया। सांसद पाटील ने क्षेत्रीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ऊर्जा व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में अपने विचार रखे।

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व ही सांसद ज्ञानेश्वर पाटील को संसद की ऊर्जा संबंधी स्थायी समिति में पुनः सदस्य के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके बाद आयोजित यह उनकी पहली बैठक थी। सांसद पाटील ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में देश के विकास एवं ऊर्जा क्षेत्र को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करने का यह अवसर उनके लिए गौरव का विषय है। ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े विषयों पर संसदीय समिति के माध्यम से प्रभावी चर्चा करना तथा क्षेत्र की आवश्यकताओं को उचित मंच पर रखना उनकी प्राथमिकता है।



ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता में तीन सौ विद्यार्थियों ने लिया भाग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जावरा

भगत सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के तत्वावधान में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विकसित भारत 2047, भारतीय ज्ञान परंपरा, नई शिक्षा नीति 2020 एवं समृद्ध भारत विषय पर ग्रीटिंग कार्ड / पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई।

जिसमें महाविद्यालय के लगभग 300 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ विद्या तिवारी के मार्गदर्शन में एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर श्यामलाल चौधरी एवं डॉ रेनू नामदेव के नेतृत्व में आयोजित की गई । प्राचार्य डॉ तिवारी ने कहा कि विकसित भारत 2047 का लक्ष्य हमारे युवाओं की सोच से ही पूरा होगा। भारतीय ज्ञान परंपरा हमारी ताकत है और नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों को कौशल और संस्कार दोनों से जोड़ती है। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता से भारत के उज्ज्वल भविष्य की सुंदर झलक प्रस्तुत की है।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तृप्ति राठौर बीएससी द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान सना कौसर बीकॉम प्रथम वर्ष एवं तृतीय स्थान अंजी कुंवर बीएससी प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। वहीं प्रोत्साहन पुरस्कार संजना पाटीदार एमएससी प्रथम सेम, अर्चना ठाकड़ एमएससी प्रथम सेम एवं नावेद खान बीए प्रथम वर्ष को प्रदान किया गया।



ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार, 3.06 लाख की सामग्री जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सनावद

नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सनावद पुलिस ने दो युवकों को 20,060 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, जब्त मादक पदार्थ की कीमत करीब 2.06 लाख रुपए है। तस्करी में इस्तेमाल पल्सर मोटरसाइकिल भी जब्त की गई, जिसकी कीमत करीब एक लाख रुपए बताई गई है। पुलिस के अनुसार, 11 अक्टूबर को न्यू इंदौर-इच्छापुर खंडवा रोड स्थित प्रतीक्षालय के पास वाहन चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो युवक पुलिस को देखकर लौटने लगे। संदेह होने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उन्हें रोका। तलाशी में उनके पास से ब्राउन शुगर बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों में अरुण पिता संतोष योगी (37), निवासी सब्जी मंडी के पास, खरगोन रोड सनावद और सुनील पिता संतोष कौशल (35), निवासी भवानी गली, तवड़ीपुरा सनावद शामिल हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की है। पुलिस अब आरोपियों से मादक पदार्थ के स्रोत और तस्करी नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है। कार्रवाई एसडीओपी बड़वाह मुकेश इजारदार के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी उपनिरीक्षक धर्मेंद्र यादव के नेतृत्व में की गई। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सुरेंद्र पवार, उपनिरीक्षक करणसिंह डावर, सहायक उपनिरीक्षक संदीप कुशवाह, शामिल थे।

15 अक्टूबर को गजेंद्र पाटिल के नेतृत्व में निकलेगी 12वीं ऐतिहासिक चुनरी यात्रा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बुरहानपुर



15 अक्टूबर को बुरहानपुर की पावन धरा एक ऐसे ऐतिहासिक और भव्य धार्मिक अनुष्ठान की साक्षी बनने जा रही है, जो यहाँ के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज होगा। गजेंद्र दिनकर पाटील (गजु दादा) के नेतृत्व में बुरहानपुर से इच्छापुर तक निकलने वाली माँ इच्छादेवी की चुनरी यात्रा इस बार सिर्फ आस्था की पैदल यात्रा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, शौर्य और आधुनिक भव्यता का अनूठा समागम होगी। मंगलवार को सांसद कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटील ने जानकारी देते हुए बताया कि यात्रा का यह 12वां वर्ष है। उन्होंने धर्मप्रेमी बंधुओं से अपील की है कि वे इस गौरवशाली और ऐतिहासिक यात्रा में सपरिवार सम्मिलित होकर माँ इच्छादेवी के दर्शन करें और दादागुरु का आशीर्वाद प्राप्त कर पुण्य लाभ कमाएं। यात्रा के प्रभारी व पूर्व महापौर अनिल भोसले ने भी भक्तजनों से अधिक से अधिक संख्या में यात्रा में शामिल होने का अनुरोध किया।

गजेंद्र पाटील ने बताया कि इस चुनरी यात्रा का सबसे विहंगम दृश्य बुरहानपुर के इतिहास में पहली बार देखने को मिलेगा। माँ इच्छादेवी मंदिर तथा यात्रा के मार्ग पर आसमान से हेलीकॉप्टर द्वारा पुष्पवर्षा की जाएगी। नीचे जयकारों से गूंजता मार्ग और ऊपर आसमान से बरसते फूल इस पूरी यात्रा को अलौकिक और अविस्मरणीय बनाएंगे।धार्मिक और सांस्कृतिक शौर्य को प्रदर्शित करने के लिए इस बार यात्रा में कई हैरतअंगेज और विराट स्वरूप शामिल किए जा रहे हैंः

महादेव और उनके वाहन नंदी महाराज का 25 फीट ऊंचा विराट स्वरूप जब सड़कों पर बढ़ेगा, तो पूरी नगरी शिवमय हो जाएगी। - आधुनिक तकनीक और कला के संगम से तैयार ८ फीट के उड़ते हुए हनुमान जी का स्वरूप श्रद्धालुओं में रोमांच भर देगा।



रेलवे अंडर ब्रिज बिना उद्घाटन के शाम को चालू हुआ, सुबह बंद कर दिया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जावरा

शहर से बस स्टैंड की ओर रेलवे क्रॉसिंग १७७ की जगह अंडर ब्रिज बनकर तैयार हो गया। वैसे यहां लाइटिंग एवं अन्य कुछ खामियां अभी और बनी हुई है। इसका विधिवत्त लोकार्पण तो हुआ नहीं लेकिन सोमवार की शाम को यहां लगे बेरिकेडस किसी ने हटा दिए और आना-जाना प्रारंभ हो गया। तो लोग समझे कि अंडर ब्रिज बिना उद्घाटन के ही चालू हो गया। वैसे रेलवे फाटक क्षेत्र के दुकानदार एवं कॉलोनी के रह वासी लंबे समय से आवागमन संबंधी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। ऐसे में अंडर ब्रिज का निर्माण पूरा होने के बाद लोगों को उम्मीद थी कि जल्दी ही यह सुविधा उनके लिए उपलब्ध हो जाएगी ।लेकिन उद्घाटन नहीं होने के कारण इंतजार बढ़ता ही जा रहा है ।मंगलवार को सुबह रेलवे ने पुनः अंडर ब्रिज में प्रवेश के यहां पत्तरे लगाकर आवागमन बंद कर दिया। सोमवार रात्रि में मात्र कुछ घंटे ही आवागमन चला और बंद कर दिया ।देखना है कब उद्घाटन होगा? अभी कोई निश्चित समय निर्धारित नहीं हुआ।

लोक सेवा केंद्रों पर प्रशासन का शिकंजा, बड़वाह-सनावद के संचालकों पर जुर्माना

खरगोन/सनावद। लोक सेवा केंद्रों की कार्यप्रणाली में मिली अनियमितताओं पर प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए बड़वाह और सनावद के केंद्र संचालकों पर पांच-पांच हजार का जुमार्ना लगाया है। दोनों पर कुल 10 हजार की पेनल्टी अधिरोपित की गई है। निरीक्षण और समीक्षा में सामने आई कमियों तथा नियमों के उल्लंघन पर आर.एफ.पी. के अनुबंध-7 के प्रावधानों के तहत यह कार्रवाई की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि लोक सेवा केंद्रों पर नागरिकों को समय-सीमा में पारदर्शी और सुगम सेवाएं देना अनिवार्य है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि भविष्य में लापरवाही या नियमों की अनदेखी मिलने पर संबंधित संचालकों के खिलाफ और कठोर कार्रवाई की जाएगी।

चामुंडा माता मंदिर में नवरात्रि पर नौ दिन विशेष श्रृंगार

बड़वानी। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर माँ चामुंडा माता मंदिर, बावनगजा रोड, माली मोहल्ला में नौ दिनों तक विशेष श्रृंगार किया जा रहा है। मंदिर समिति के द्वारा देवी भगवती और दुर्गा सप्तशती के प्रसंगों पर आधारित माता का आलोकित एवं भव्य श्रृंगार प्रतिदिन अलग-अलग स्वरूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। पंडित लखन विश्वकर्मा ने बताया कि नवरात्रि केवल व्रत-उपवास और पूजा-अर्चना का पर्व नहीं, बल्कि शक्ति की उपासना और आंतरिक शुद्धिकरण का महापर्व है। इन नौ दिनों में माँ दुर्गा के नौ दिव्य स्वरूपों-नवदुर्गा-की आराधना की जाती है। प्रत्येक दिन एक विशिष्ट स्वरूप का पूजन होता है, जो जीवन के अलग-अलग आयामों को शक्ति, साहस, ज्ञान और समृद्धि प्रदान करता है। नवदुर्गा के नौ स्वरूप -मीनाक्षी देवी, बाल कालिका, वरही देवी, श्री गज लक्ष्मी,श्री मनसा देवी, दुर्गा देवी, ललिता माई, कोल्हापुरी लक्ष्मी देवी एवं कामाख्या देवी सभी सिद्धियों और मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाली होती है। श्री विश्वकर्मा ने बताया कि इन नौ दिनों में माँ के दर्शन मात्र से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।



पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने सितंबर में माल लोडिंग में 46.5 प्रति. की बढ़ोतरी दर्ज की

मालीगांव। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने सितंबर 2026 में माल परिवहन में शानदार प्रदर्शन किया है। इस रेलवे ने कुल 1.134 मिलियन टन (एमटी) माल की लोडिंग की, जो सितंबर 2025 में दर्ज 0.774 एमटीकी तुलना में 46.5 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है। अप्रैल से सितंबर 2026 के दौरान कुल माल लोडिंग 6.226 एमटी के आंकड़ेतक पहुंच गई, जो पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि में दर्ज 5.557 एमटीकी तुलना में 12 प्रतिशत अधिक है। सितंबर में यह बढ़ोतरी कई प्रमुख सामग्रियों के अच्छे प्रदर्शन के कारण हुई है। सितंबर 2025 की तुलना में अनाज लोडिंग में 610 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई और यह 0.071 एमटीतक पहुंच गई। फलों, सब्जियों और लकड़ियों जैसी विविध वस्तुओं की लोडिंग में 157 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि सीमेंट और उर्वरक की लोडिंग में क्रमशः 295 प्रतिशत और 200 प्रतिशत की शानदार बढ़ोतरी हुई। डोलोमाइट लोडिंग में 52 प्रतिशत, जबकि कंटेनर परिवहन में 17.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। यह सकारात्मक रुझान अप्रैल-सितंबर 2026 के कुल प्रदर्शन में भी दिखाई दिया। सीमेंट लोडिंग में 181 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्ज की गई, जबकि डोलोमाइट लोडिंग में 36.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

आशापुर में शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ

खंडवा/आशापुर। शारदीय नवरात्रि के शुभारंभ पर अग्नि नदी के तट पर स्थित श्री दुर्गा माता मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के साथ नवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है। नवरात्रि के पहले दिन नवोदय गणेश मंडल द्वारा कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया गया, जिसमें मंडल के सभी सदस्य उपस्थित रहे। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था।

पश्चिम रेलवे

सामग्री प्रबंधन विभाग

विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्याः एस/61/2026, दिनांक 09.10.2026

क्र.सं.	निविदा संख्या	सामग्री का संक्षिप्त विवरण	मात्रा	टी.ओ.डी.
491	23263927	कंटेनर फ्लैट वैगन प्रकार बीएलसीए/बीएलसीबी (BLCA/BLCB) के लिए लोड सेंसिंग डिवाइस	2110 नग	23-नवंबर-26
492	15261811	पुश टाइप फ्लशिंग वाल्व।	19915 नग	16-नवंबर-26
493	23260935A	बोगी सेंटर पिवट बॉटम	1002 नग	12-नवंबर-26
494	04262075	जेंटियन ब्लू	76237 लीटर	11-नवंबर-26

शुद्धिपत्र

कृपया निविदा सूचना संख्या एस-59-2026, दिनांकः 01.10.2026 के अंतर्गत क्र. सं. 483 पर मात्रा को "122 सेट" पढ़ें।

विस्तृत सूचना, ई.एम.डी. (EMD), खरीद प्रतिबंधों और विस्तृत निविदा शर्तों के संबंध में, कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in और wr.indianrailways.gov.in पर जाएँ।

0698

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: X.com/WesternRly

न्यूज -कॉलम

चाकू मारने वाले आरोपी को 10 साल की सजा

उज्जैन। पुरानी रंजीश में चाकू मारने वाले आरोपी को न्यायालय ने 8 साल बाद 10 साल की सजा सुनाई है। उपनिदेशक अभियोजन (डीडीपी) राजेन्द्र कुमार खांडेगर ने बताया कि 14 नवम्बर 2018 को घायल नितेश चंद्रवंशी की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया था। जिसमें नितेश ने बताया था कि वह दोस्त ऋषिराज उर्फ राज देशमुख के साथ दशहरा मैदान के पास से बाइक से गुजर रहा था। उसी दौरान 10-12 लोग खडे हुए थे, जिनमें नाबालिक और शुभम शामिल था, पुरानी रंजिश को लेकर सभी ने गाली-गलौच की और मारपीट करने लगे। दोस्त ऋषिराज उर्फ राज ने बीच बचाव करने की कोशिश की तो उन चारों ने उसे धक्का देकर साइड में हटा दिया और उस पर चाकू से हमला किया। चाकू मारने वालों में शुभम मरमट और उसके नाबालिग साथी थे। सभी हमला करने के बाद जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले थे। दोस्त ऋषिराज ने उसे अस्पताल तक पहुंचाया। पुलिस ने मामले में धारा-307, 341, 323, 294, 506 और धारा-3 (2) (5) अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया। आरोपियों की गिरफ्तारी की गई और अभियोग पत्र किशोर न्याय बोर्ड में प्रस्तुत किया। किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष यह पाया गया कि घटना के समय अभियुक्त शुभम उर्फ अंकित मरमट की आयु 18 वर्ष से अधिक रही थी, उसके विरूद्ध इस न्यायालय के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया आवश्यक अनुसंधान उपरान्त चालान माननीय न्यायालय में पेश किया गया। विशेष न्यायाधीश (एससी एसटी एक्ट) अरविंद प्रताप सिंह चौहान ने फैसला सुनाते हुये आरोपी शुभम उर्फ अंकित मरमट पिता रंजीत मरमट 25 वर्ष निवासी बागेश्वरी मंदिर रामीनगर को धारा 307 सहपठित धारा 147 भादस में 10 वर्ष सश्रम कारावास, धारा 148 में 2 वर्ष, धारा 341 में 15 दिवस साधारण कारवास सहित 6 हजार 500 रूपये अर्थदंड से दंडित किया। ईश्वर सिंह केलकर विशेष लोक अभियोजक द्वारा पैरवी की गई।

थाने के सामने हुई दुर्घटना में घायल युवक की मौत

उज्जैन। 9 अक्टूबर को भैरवगढ़ थाने के सामने हुई दुर्घटना में गोविंद पिता मदनलाल पांचाल 28 साल निवासी झीतरखेड़ी घायल हो गया था। उसे परिजनों ने उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती किया था। जहां 3 दिन चले उपचार के बाद सोमवार रात मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि गोविंद फर्नीचर बनाने का काम करता था और श्राद्ध पक्ष होने पर सिद्धवट मंदिर पर दूध अर्पित करने आ रहा था। अज्ञात वाहन से दुर्घटना हुई थी। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू की है।

कुलदेवी का पूजन करने गये युवक से मारपीट

उज्जैन। हीरामिल की चाल में रहने वाला दिलीप पिता बाबूलाल बागवंशी 49 साल अपनी पुत्री किर्ती के साथ क्षेत्र में रहने वाले हुकुमचंद्र गोमे के घर के पास नवरात्री होने पर अपनी कुलदेवी का पूजन करने देर शाम पहुंचा था। हुकुमचंद ने उसे पूजन से रोका और आने से मना किया। इस बात पर दोनों के बीच विवाद हो गया। हुकुमचंद ने अपने परिवार के साथ मिलकर दिलीप के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। दिलीप की शिकायत पर देवासगेट पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। मारपीट करने वाले घर से भाग निकले थे। जिनकी तलाश जारी है।

जंगल में मिले 3 युवकों के पास मिली बंदूक और कारतूस

उज्जैन। उन्हेल थाना पुलिस को देर शाम सूचना मिली थी कि मालीखेड़ी के जंगल में नाले के पास 3 युवक बैठे है। जिनके पास बंदूक है। पुलिस ने मालीखेडी जंगल पहुंचकर घेराबंदी की और युवको को पकडा। उनके पास से एक बंदूक के साथ 2 जिंदा कारतूस और 2 चले हुये कारतूस बरामद किये गये। पूछताछ में एक का नाम मोहम्मद हारूण और दूसरे का मोहम्मद शरीफ सामने आया। तीसरा उनका साथी था। तीनों मालीखेडी के रहने वाले थे। उनका कहना था कि जंगल में शिकार के लिये आये थे। बंदूक लायसेंसी है। लेकिन लायसेंस दूसरे के नाम का होने पर पुलिस ने जप्त की एसआई राजेश कलमी ने बताया कि मामले में तीनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है।

संदिग्ध हालत में मौत

उज्जैन। नीलगंगा थाना क्षेत्र के सांईधाम कालोनी में रहने वाले मिथिलेश पिता अशोक शर्मा को परिजनों ने उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उसकी मंगलवार को मौत हो गई। मामला संदिग्ध होने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। एसआई वेदप्रकाश साहू ने बताया कि आशंका जताई गई है कि मिथिलेश ने जहरीला पदार्थ खाया था। वह नशे का आदी भी था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान दर्ज होने पर मामला स्पष्ट हो पायेगा।

दिन	148-3	220-4
मेन बाजार	239-4	677-0
कल्याण नाइट	150-6	379-9
मिलन डे	270-9	238-3
मिलन नाइट	170-8	379-9
मधुर डे	478-9	358-6
मधुर नाइट	139-3	348-5
शुभांक	9 7	1

चोरी की आशंका में किया जप्त, पांच ड्रायवरों को लिया हिरासत में....

इंदौर से उज्जैन लाया गया था 2 करोड़ का तांबा स्क्रैप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन





पांच टाटा एस लोडिंग गाडी में इंदौर से 2 करो? का तांबा स्क्रैप उज्जैन लाया गया था। चोरी की आशंका में सोमवार रात पुलिस ने घेराबंदी की और लोडिंग गाडियों को जप्त कर पांच ड्रायवरों को हिरासत में लिया। मामले में धारा 303(2) और धारा 35(1)(ई)/106 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता का प्रकरण दर्ज किया जांच शुरू की है।

बताया जा रहा है कि रात में सूचना मिलने के बाद पंवासा थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई और चिमनगंज थाना इंचार्ज एसआई दिनेश भट की टीम ने घेराबंदी कर रणकेश्वर मंदिर के पास से पांच लोडिंग गाडी को पकडा। जिसमें प्लास्कि की बोरियों में तांबे का चूरा (स्क्रैप) भरा हुआ था। गाडियों के ड्रायवरों से स्क्रैप संबंधित बिल्ट और दस्तावेज मांगे गये। जो उनके पास नहीं मिले। स्क्रैप चोरी की आशंका में जप्त किया गया और ड्रायवरों सुरेश पिता मोहनलाल सोलंकी, राहुल पिता राधेश्याम चौहान, शंकर पिता कैलाशसिंह ढाला,रामकिशन पिता मांगीलाल पंवार और विनायक पिता रमेश राठौर सभी निवासी इंदौर को हिरासत में लिया गया। जिनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया और पूछताछ शुरू की गई। ड्रायवरों का कहना था कि उन्हे इंदौर से मोहसीन नामक व्यक्ति ने भाडे पर बुलाया था और गाडियों में बोरियां रख उज्जैन रवाना किया था। चिमनगंज थाना एएसआई दिनेश सरोठिया ने बताया कि एक टीम मोहसीन की तलाश में इंदौर रवाना की गई है। उसके गिरफ्त में आने पर मामला स्पष्ट हो पायेगा। फिलहाल पांचों ड्रायवरों को नोटिस तामिल कराने के बाद रिहा किया गया है।

पीथमपुर के व्यापारी से मिली थी सूचना- एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि तांबा स्क्रैप की सूचना पीथमपुर के एक व्यापारी के माध्यम से मिली थी कि उज्जैन में तांबा स्क्रैप उतरने वाला है। जिसके आधार पर मामले में कार्रवाई की गई है। बरामद स्क्रैप की कीमत लगभग 2 करोड रूपये है। वहीं जप्त किये गये पांच वाहन 30 लाख रूपये के है। इस बात का पता लगाया जा रहा है कि उक्त स्क्रैप उज्जैन में कहां लाया गया था। पूर्व में स्क्रैप उज्जैन लाये जाने की जानकारी सामने आई है। पूरे मामले की विवेचना जारी है।

16.5 टन निकला वजन- पुलिस द्वारा चोरी के संदेह में जप्त किया गया स्क्रैप बरामद करने के बाद वाहनों को सेंटपॉल स्कूल के पास हरिओम धर्मकांटे पर ले लाया गया था। जहां वजन कराया गया। पांचों वाहनों सहित तांबा स्क्रैप का वजन 16,575 किलोग्राम होना सामने आया। जिसमें 11 टन तांबे का स्क्रैप शामिल है।

महाकाल लोक में परिजनों से बिछड़ी महिला को पुलिस ने खोजा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



जयपुर से परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर आई महिला महाकाल लोक में परिजनों से बिछड गई। महिला दिमागीरूप से कमजोर थी, परिजन चिंतित हो गये। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने सोशल मीडिया और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से महिला का खोज निकाला।

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि जयपुर से आये परिवार ने थाने आकर बताया था कि वह महाकालेश्वर मंदिर दर्शन करने आये थे। उनकी 38 वर्षीय बहन महिमा पति कैलाश चावरिया निवासी हरिजन मोहल्ला ग्राम इटावा भोपजी, तहसील चौमूं, (राजस्थान) जो दिमागीरूप से कमजोर है वह महाकाल लोक से बिछड गई है। थाना प्रभारी बादल ने परिवार से बिछडी महिला की तलाश के लिये एसआई चंद्रभानसिंह चौहान की टीम को अलर्ट किया। एसआई चौहान ने हमेशा की तरह महिला का फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया और सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये। कुछ घंटो बाद पुलिस ने परिवार से बिछडी महिला का खोज निकाला और सकुशल मिलने पर परिजनों के सुपुर्द किया। महिला के भाई ने बहन के मिलने पर महाकाल थाना पुलिस टीम का आभार माना। एक बार फिर पुलिस द्वारा देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं से अपील करते हुये कहा कि वे छोटे बच्चों, बुजुर्गों और विशेष सहायता की आवश्यकता वाले व्यक्तियों का ध्यान रखें। ऐसे व्यक्तियों के पास नाम और परिजनों के मोबाइल नंबर की जानकारी वाली पर्ची या पहचान कार्ड अवश्य रखें, ताकि भीड में बिछडने पर उनकी पहचान कर जल्द परिजनों तक पहुंचाया जा सके। पुलिस श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सहायता और सेवा के लिए पुलिस सदैव तत्पर है।

यात्रियों के मोबाइल चोरी करने भिड के 2 बदमाश गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नम्बर 8 से यात्री का मोबाइल चोरी होने पर जीआरपी-आरपीएफ टीम ने कैमरों के फुटेज देखे और कुछ घंटो में चोरी करने वाले भिंड के बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। उसके साथ एक अन्य आरोपी भी गिरफ्त में आया, जिसके पास से 3 मोबाइल बरामद हुये है।

जीआरपी निरीक्षक सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि 11 अक्टूबर को गुना का यात्री सरबजीत सिंह ट्रेन में सवार होने के लिये प्लेटफार्म नम्बर 8 पर पहुंचा था। ट्रेन आने में देरी होने के चलते वह बुकिंग विंडो के पास लेट गया। उसकी नींद लगने पर अज्ञात बदमाश जेब में रखा 20 हजार कीमत का मोबाइल चुराकर भाग निकला था। सरबजीत की शिकायत पर बदमाश का पता लगाने के लिये आरपीएफ टीम के साथ प्लेटफार्म पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये। जिसके आधार पर कुछ घंटों बाद प्लेटफार्म के पास से सोनू पिता रामा जाटव 28 वर्ष निवासी ग्राम खेडा थाना उमरी जिला भिंड को पक?ा गया। जिसके पास से सरबजीत का रियलमी कंपनी का मोबाइल बरामद हो गया। फुटेज के आधार पर ही उसके दूसरे साथी शेरसिंह पिता रमेश 28 वर्ष निवासी ग्राम खेरा सेमपुरा थाना उमरी जिला भिंड को हिरासत में लिया गया था। जिसके पास से 3 मोबाइल मिले। वह मोबाइल संबंधित दस्तावेज और सही जानकारी नहीं दे पाया। उसे भी मोबाइल चोरी का आरोपी बनाया गया। उसके पास से बरामद मोबाइल की तकनीकी साक्ष्यों से जांच कर मालिका का पता लगाने के प्रयास किये जा रहे है। जीआरपी निरीक्षक गुप्ता के अनुसार दोनों का अपराधिक रिकार्ड खंगाले पर सामने नहीं आया। जिसके चलते उनके खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर जमानत पर रिहा किया गया है। दोनों के पास से बरामद 4 मोबाइल की कीमत 50 हजार के लगभग सामने आई है।

बड़नगर हाईवे पर सड़क हादसे में युवक की मौत

उज्जैन। जिले में सड़क हादसों का ग्राफ बड़ता दिखाई दे रही है। सोमवार-मंगलवार रात फिर बडनगर हाईवे पर हुई दुर्घटना में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

चिंतामण थाना पुलिस ने बताया कि रात में बडनगर हाईवे ग्राम रत्नाखेडी मार्ग पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी थी। युवक गंभीर घायल हुआ था, जिसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। युवक के पास मिले दस्तावेज और बाइक नम्बर से उसकी शिनाख्त के प्रयास करने पर सामने आया कि युवक कमलेश पिता राजेश चावडा 21 साल निवासी ग्राम नलवा का रहने वाला है। रात में परिजनों को सूचना दी गई। उनके आने पर सामने आया कि कमलेश फ्रीगंज स्थित बालाजी लेब पर काम करता था। रात में घर लौट रहा था। थाना प्रभारी हेमराज यादव ने बताया कि मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया है। जानकारी सामने आई है कि अज्ञात वाहन ट्रेक्टर हो सकता है। जिसकी तस्दीक की जा रही है। विदित हो कि शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के मार्गो पर आये दिन सडक हादसे होना सामने आ रहे है। पिछले कुछ दिनों में पूरे जिले में 10 से अधिक लोगों की सडक दुर्घटना में मौत होना सामने आ चुका है।

फिर क्षिप्रा नदी से मिली युवक की लाश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मंगलवार शाम को एक बार फिर क्षिप्रा नदी से युवक की लाश मिलना सामने आया। युवक की पहचान कर ली गई है। बुधवार को परिजनों के आने पर उसके संबंध में पूरी जानकारी सामने आ पायेगी।

महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि केदारेश्वर घाट पर पानी में तैरती लाश कुछ लोगों को दिखाई दी थी, सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव बाहर निकाला गया। प्रथमदृष्टा सामने आया कि युवक की नहाते समय डूबने से मौत हुई है। शव को चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचाया गया और पहचान के प्रयास शुरू किये गये। जिले साथ संभाग के पुलिस थानों को मृतक फोटो भेजा गया। रात में पता चला कि युवक बड़वानी का रहने वाला अशोक परमार है। संबंधित थाना पुलिस से संपर्क कर परिजनों को सूचना दी गई है। बुधवार सुबह परिजन उज्जैन पहुंचेगें। उसके बाद ही मृतक के संबंध में स्पष्ट जानकारी सामने आ पायेगी। विदित हो कि रविवार को नृसिंह घाट क्षिप्रा नदी से एक युवक का शव मिला था। जिसकी पहचान राजगढ़ के रहने वाले अजय शर्मा के रूप में हुई थी। इससे पहले 6 अक्टूबर को रामघाट क्षिप्रा से एक युवक का शव मिला था। जिसके हाथ पर कालू-किरण गुदा हुआ था। जिसकी अब तक पहचान नहीं हो पाई है। पूर्व में कई लोगों की क्षिप्रा में डूबने से मौत हो चुकी है। नदी के आसपास होमगार्ड जवानों की तैनाती, तैराक दल के सदस्यों की मौजूदगी के बावजूद क्षिप्रा में डूबने से लोगों की मौत होने के मामले सामने आ रहे है।

बदमाश ने पेट्रोल छिड़कर कैफे में लगाई आग

उज्जैन। क्षीरसागर स्टेडियम के पास रात को एक कैफे में आग लगा दी गई। सुबह घटना का पता चलने पर कैफे संचालक ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है। कैमरे देखने पर आग लगाने वाले की पहचान हुई है। 2 दिन पहले उक्त बदमाश ने विवाद किया था।

कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि क्षीरसागर स्टेडियम के पास प्रमोद सूर्यवंशी कैफे संचालित करते है। सुबह जब पहुंचे तो दुकान का शटर जला हुआ था। अंदर देखने पर काउंटर और वहां रखे सिगरेट के सौ पैकेट, 10 पाऊच के पैकेट, कुर्सी, डी-फ्रिज जला हुआ मिला। कैफे पर लगे कैमरे भी टूटे थे। मामले की सूचना प्रमोद सूर्यवंशी ने थाने आकर दी। पुलिस जांच के लिये पहुंची, और कैमरों का डीवीआर चैक किया। इस दौरान सामने आया कि आगजनी को अनिल मालवीय ने अंजाम दिया है। संचालक ने बताया कि 10 अक्टूबर को भी अनिल दुकान पर आया था और धमकी दी थी, उसका कहना था कि भाई पुलिस में है, मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड सकता है। उक्त मामले में भी आवेदन के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस के अनुसार आगजनी का मामला 2 दिन पुराने विवाद का प्रतीत हो रहा है। अनिल को गिरफ्तार कर पूछताछ की जायेगी।

नीलगंगा थाना क्षेत्र के जबरन कालोनी में रहने वाले मोरसिंह पिता हजारीलाल अहिरवार की शिवांजली होटल के सामने खडी आटो में रात 2 बजे एक युवक ने आग लगा दी। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया और जांच शुरू की। आग लगाने वाले युवक की पहचान जबरन कालोनी के रहने वाले संजय सूर्यवंशी के रूप में हुई। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि मोरसिंह और संजय के बीच पुराना विवाद चला आ रहा है। आगजनी को उसके चलते अंजाम दिया गया है।

अबकी बार ग्राम पंचदेहरिया में 77 कृष्णमृगों का रेस्क्यू

उज्जैन। मालवांचल के शाजापुर-शुजालपुर क्षेत्र में कृष्णमृग (ब्लैकबक) कैप्चर एवं स्थानांतरण अभियान का द्वितीय चरण जारी है। अभियान के तृतीय दिवस मंगलवार को ग्राम पंचदेहरिया में 77 कृष्णमृगों को पकडकर कूनों राष्ट्रीय पार्क पशु चिकित्सक की देखरेख में ट्रकों में भरकर भेजा गया है। द्वितीय चरण में कुल 2,000 कृष्णमृगों को अनुकूल वन क्षेत्र में स्थानांतरित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।अभियान दक्षिण अफ्रीका की विशेषज्ञ संस्था 'कंजर्वेशन सॉल्यूशंस' के तकनीकी सहयोग से हो रहा है। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए वन्यप्राणी चिकित्सक, वन अधिकारी एवं प्रशिक्षित मैदानी कर्मचारी अभियान में सहभागिता कर रहे हैं। इससे पूर्व हन्नूखेड़ी और पोलायकला के खेतों से पहले दिन 97,दुसरे दिन 79 कृष्णमृगों को पकड कर कूनो पार्क भेजा गया जा चुका है।

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी उज्जैन जिला उज्जैन (म.प्र.)

क्रमांक 726/री-1 /2026 उज्जैन दिनांक 28/10/26
प्रकरण क्रं. 0040/अपील/2026- 27

अपील सूचना समन्स आदेश नियम 1 और सीपीसी::

ऋतु शर्मा, पिता स्व. चिरंजीलाल शर्मा निवासी 29 धन्वंतरी मार्ग, मुंगी नर्सिंग होम उज्जैन.....अपीलार्थी

विरूद्ध

1. शांताबाई पति चिरंजीलाल शर्मा निवासी उज्जैन हरनावदा तहसील व जिला उज्जैन
2. अतुल पिता चिरंजीलाल शर्मा निवासी हरनावदा तहसील व जिला उज्जैन
3. आशीष पिता चिरंजीलाल शर्मा निवासी ग्राम हरनावदा तहसील व जिला उज्जैन
4. अशुल पिता चिरंजीलाल शर्मा निवासी इन्दौर हाल मुकाम 29 धन्वंतरी मार्ग, मुंगी नर्सिंग होम उज्जैन
5. रूचि पिता समीर जोशी निवासी एल.आई.जी. ए 1/27. नियर कॉम्प्लेक्स ऋषि नगर उज्जैन
6. प्रियंका यादव, पिता अजय यादव निवासी होटल कला जानकी, सुभाष मार्ग नियर रेलवे स्टेशन

इंदौर गेट उज्जैन ..

आप अनावेदक के विरूद्ध आवेदकों के द्वारा न्यायालय अपर तहसीलदार के प्रकरण क्रमांक 0053/अ-27/2025-26 आदेश दिनांक 19.12.2025 के विरूद्ध इस न्यायालय में अपील आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण क्रमांक 0040/अपील / 2026-27 है। उक्त आवेदन की सुनवाई हेतु दिनांक 15/10/2026 नियत की गई है। इसलिए आप अनावेदक उक्त आवेदन के संबंध में सभी प्रश्नों का उत्तर देने के लिए जिस पर आपकी प्रतिरक्षा आधारित हो मय दस्तावेजों के उक्त नियम दिनांक 15/10/2026 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपका पक्ष प्रस्तुत करें। अनावेदक की अनुपस्थिति में आवेदक की सुनवाई का निपटारा नियमानुसार किया जावेगा। किसी कारण से उक्त दिनांक का अवकाश होने की दशा में प्रकरण आगामी कार्य दिवस में लिया जावेगा। सूचित हो।

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
उज्जैन जिला उज्जैन (म.प्र.)

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड स्वामी श्री जितेन्द्र कुमार वर्मा पिता श्री ठाकुरदासजी वर्मा, निवासी-ग्वालियर (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व में भूखण्ड़ क्रमांक-ई-13/6 एवं ई-13/7 जो कि क्षिप्रा विहार योजना पी-1/87 उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। दोनों भूखण्डों की संयुक्त पैमाईश में सामने 10.00 मीटर, पीछे 10.00 मीटर, एक बाजू 09.00 मीटर तथा दूसरी बाजू 09.00 मीटर होकर दोनो भूखण्डो का कुल क्षेत्रफल-90.00 वर्गमीटर है। दोनों भूखण्डों की संयुक्त चर्तु:सीमा में-पूर्व दिशा में रास्ता कॉलोनी का, पश्चिम दिशा में भूखण्ड क्रमांक-ई-13/30 एवं ई-13/31 के भाग, उत्तर दिशा में-भूखण्ड क्रमांक-ई-13/8 एवं दक्षिण दिशा में-ई-13/5 स्थित है। उक्त पैमाईश व चर्तु:सीमा के मध्य स्थित दोनों फ्री-होल्ड राईट्स के भूखण्डो को क्रय करने का सौंदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूखण्ड स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है शेष राशि का भुगतान कर, विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना बाकी है। उक्त दोनो भूखण्डो पर भूखण्ड स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, सोसायटी, संस्था, समूह, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, बकाया आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस ज़ाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इति दिनांक-13.10.2026

राजकुमार प्रजापत एडवोकेट
कार्यालय-ए-1 भरतपुरी काम्प्लेक्स, देवास रोड उज्जैन
मो. 94259-46659

इंसानियत की जीत



फ्लाईदुबई की घटना के विवरण देख शोले का वह मशहूर सवाल याद आया, कितने आदमी थे? मुख्य किरदार हमारे जांबाज भारतीय कैप्टन का था, जिन्होंने अपनी जान से ज्यादा दूसरों की फिक्र की। भारत में सिर्फ उसी के चर्चे हो रहे हैं, लेकिन चूंकि इजरायली यात्रियों से भरा हुआ विमान था, इसलिए वहां के पत्रकार भी इस घटना का अपने नजरिये से विश्लेषण कर रहे हैं। भारतीय पायलट स्मित मच्छर जिस अजीबो-गरीब तरीके से बचे, उसकी गहराई में जाएं, तो लगता है कि कोई अदृश्य शक्ति इन लोगों में काम कर रही थी। इजरायल के फार्वर्ड पत्रिका में डैन पेरी नामक एक यहूदी पत्रकार ने इजरायली यात्रियों के योगदान के बारे में लिखा है कि यह चमत्कार से कम नहीं है। इजरायली यात्रियों ने हमलावर को काबू करने में मदद की, जबकि यात्री के तौर पर यात्रा कर रहे पायलटों ने विमान को सऊदी अरब में सुरक्षित उतारने में सहायता की। डॉक्टर कैप्टन स्मित का बहता हुआ खून रोकने की कोशिश करते रहे। उनका जिम्मा यह भी था कि कैप्टन बेहोशी में न चले जाएं। इसलिए डॉक्टर उनसे कहते रहे, सोना मत, हमें आपकी जरूरत है, आपने हमारी जान बचाई है। उस समय न किसी का धर्म आड़े आया, न देश और न जाति। ये सब तो फुरसत की बातें हैं। मौत सामने हो, तो एक ही जाति होती है, इंसानियत। एक ऐसी उड़ान, जो बड़ी दुर्घटना बन सकती थी, अविश्वसनीय कहानी बन गई है, जिसमें आम लोग हीरो बनकर उभरे।

इस कहानी की सादगी में अद्भुत ताजगी है। बिना किसी नेता के, सामान्य यात्री अपने आप बचाव-कार्य में जुट गए। उनमें कोई प्रशिक्षित था, तो सिर्फ हमलावर, जो पूरी तैयारी से आया था, लेकिन वही असफल हुआ। इस घटनाक्रम को देखने वालों ने ऐसे हालात में एक राष्ट्रीय खूबी उभरते हुए देखी : सूझ-बूझ वाले, साहसी, बेबाक और मुश्किलों से निपटने के लिए असाधारण रूप से तैयार इजरायली। उनके पास चंद सेकंड थे, जब वे विमान को बचा सकते थे, साथ ही हमलावर को रोक सकते थे और भारतीय पायलट की जान बचा सकते थे। इजरायल के एक पूर्व प्रवक्ता एलन लेवी ने इसका मजेदार पहलू बयान किया है : यह इजरायल में ही हो सकता है कि इजरायलियों से भरे विमान में दो अतिरिक्त पायलट, कम से कम एक डॉक्टर, मनोवैज्ञानिक, वकील और हीरे का व्यापारी मौजूद होगा।

वे न केवल मौजूद थे, वरन सारे के सारे फौरन अपने-अपने कौशल का उपयोग करने लगे। सबसे बड़ी बात, किसी को भी अपनी सुरक्षा का ख्याल नहीं था, हर कोई दूसरों के बारे में सोच रहा था। यह कैसे हुआ? एकता की ताकत। वहां आदमी तो बहुत थे, लेकिन आदमियत एक थी, जिसने विनाश से बचा लिया।

सम्पादकीय

अमेरिकी विरोधाभास

विश्व राजनय में विडंबना या विरोधाभास की पराकाष्ठा बेहद दुखद और शर्मनाक है। अमेरिका ने रूस के साथ डीजल आयात के लिए समझौता किया है। वह रूस से पहले ही यूरेनियम और उर्वरक आयात करता रहा है। स्वयं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार देर रात घोषणा की है कि अमेरिका चरणबद्ध तरीके से रूस से 48 लाख टन डीजल ईंधन खरीदेगा, इसमें से तीन लाख टन की तत्काल आपूर्ति होगी। अमेरिका ने अपने लोगों के हित में रूस से डीजल आयात करने का फैसला लिया है। बेशक, यह हक अमेरिका को है, लेकिन गौर कीजिए, अमेरिका यही हक भारत या चीन जैसे देशों को नहीं देना चाहता। बीते महीने ही ट्रंप प्रशासन ने रूस से तेल के निर्यात को रोकने के लिए बाकायदा कानूनी आदेश पारित किया है। रूस से तेल आयात करने वाले किसी भी देश पर अमेरिका 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने का इरादा रखता है, पर ऐसा कोई संकल्प उसने स्वयं के लिए नहीं लिया है। अमेरिकी नीतियों के इस विरोधाभास से यूक्रेन को मानो झटका लगा है। हम भूले नहीं हैं, बीते दिनों भारत और चीन पर 100 प्रतिशत टैरिफ से सर्वाधिक खुशी यूक्रेन को हुई थी, पर यह खुशी जिस देश ने दी, उसी ने छीन भी ली।

पल में तोला पल में माशा मुहावरे को अपने व्यवहार से लगातार साबित कर रहे डोनाल्ड ट्रंप यूक्रेन व यूरोप के खिलाफ युद्ध में रूस का और भी दृढ़ता से साथ देते दिखने लगे हैं। खुद अमेरिका में ट्रंप के ऐसे व्यवहार की आलोचना हो रही है। राजनयिक ईमानदारी को ताक पर रखकर अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने रूस पर लगे कुछ प्रतिबंध 7 अप्रैल तक हटा दिए हैं, ताकि रूस डीजल का निर्यात कर सके। ट्रंप बहुत खुश हैं कि उनके इस कदम से डीजल की कीमतों में गिरावट आएगी। माना यह भी जा रहा है कि इससे तीन हफ्ते बाद होने वाले मध्यावधि चुनावों में उनकी रिपब्लिकन पार्टी को मदद मिलेगी। दूसरी तरफ, खुद अमेरिका में यह बताया जा रहा है कि इस ताजा समझौते से रूस के खूनी युद्ध को वित्तीय मदद मिलेगी। इतना ही नहीं, रूसी तेल शोधक कारखानों के प्रति भी अमेरिकी प्रेम इस तरह उमड़ा है कि अमेरिका ने यूक्रेन को हमले रोकने की धमकी तक दे डाली है। यहां तक कि यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को हटाने की चर्चा हो रही है और युद्ध-विराम न होने का ठीकरा यूक्रेन के सिर फोड़ा जा रहा है। वैसे, सितंबर महीने में ही ट्रंप ने डीजल की कमी के लिए यूक्रेन को जिम्मेदार ठहराया था।

कानून का उल्लंघन न हो

लोकतंत्र में विरोध का अधिकार और न्यायपालिका की भूमिका

लोकतंत्र केवल चुनाव कराने, सरकार बनाने और शासन चलाने की व्यवस्था का नाम नहीं है। इसकी वास्तविक शक्ति नागरिकों को अपनी बात कहने, असहमति व्यक्त करने और सरकार की



महेन्द्र तिवारी
(दैनिक अवन्तिका)

नीतियों पर प्रश्न उठाने की स्वतंत्रता देने में निहित है। जिस व्यवस्था में नागरिक अपनी शिकायतें खुलकर सामने रख सकें, शांतिपूर्ण ढंग से विरोध कर सकें और अपनी मांगों के समर्थन में आवाज उठा सकें, वही व्यवस्था लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करती है। लेकिन जब विरोध प्रदर्शन और सार्वजनिक व्यवस्था के बीच टकराव की स्थिति पैदा होती है, तब नागरिक अधिकारों की रक्षा और कानून का पालन सुनिश्चित करना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन जाता है। दिल्ली में निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर हुए विरोध प्रदर्शनों के बीच सर्वोच्च न्यायालय का हस्तक्षेप इसी संदर्भ में महत्वपूर्ण है।

10 अक्टूबर 2026 को दिल्ली में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया गया था। प्रदर्शनकारियों और विपक्षी दलों ने निर्वाचन प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं को लेकर सवाल उठाए। उनका आरोप था कि मतदाता सूची में बदलाव की प्रक्रिया से कुछ वर्गों के मतदाताओं के अधिकार प्रभावित हो सकते हैं। दूसरी ओर, निर्वाचन आयोग ने प्रक्रिया में पक्षपात के आरोपों को खारिज किया है। सत्तारूढ़ दल ने भी विपक्ष के आरोपों पर आपत्ति जताई है। इसलिए इस पूरे विवाद में आरोपों, आधिकारिक स्पष्टीकरणों और प्रमाणित तथ्यों को अलग-अलग समझना आवश्यक है।

प्रदर्शन के मद्देनजर दिल्ली के कई हिस्सों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई। मेट्रो स्टेशनों को बंद करने, आवागमन सीमित करने और इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध लगाने जैसे कदमों की खबरें सामने आईं। बड़ी संख्या में लोगों को हिरासत में लिए जाने की सूचना भी मिली। इन कदमों से केवल प्रदर्शनकारियों की गतिविधियां प्रभावित नहीं हुईं, बल्कि आम नागरिकों की आवाजाही, दैनिक कामकाज और सार्वजनिक परिवहन पर भी असर पड़ा। ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक था कि सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए किए गए प्रबंध किस सीमा तक आवश्यक और उचित थे। इसी पृष्ठभूमि में 11 अक्टूबर 2026 को सर्वोच्च न्यायालय ने विशेष सुनवाई करते हुए अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण अंतरिम निर्देश दिए। न्यायालय ने कहा कि शांतिपूर्ण और निहत्थे लोगों को कानून में निर्धारित प्रक्रिया के बिना हिरासत में नहीं लिया जाना चाहिए। उसने मेट्रो और रेल सेवाओं को सामान्य रूप से चलाने, शहर में यातायात नियमों के अधीन लोगों की आवाजाही सुनिश्चित करने तथा इंटरनेट सेवाओं को अनावश्यक रूप से बाधित न करने पर जोर दिया। न्यायालय ने सड़कों पर लगाए गए अवरोधों की तत्काल समीक्षा करने और अदालतों तक लोगों की पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इन निर्देशों के साथ यह स्पष्ट रखा गया कि सार्वजनिक व्यवस्था की वास्तविक आवश्यकता होने पर कानून के अनुसार उचित प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं।

इस घटनाक्रम का महत्व इसलिए भी है कि संविधान नागरिकों को केवल अधिकार ही नहीं देता, बल्कि शासन की शक्तियों की सीमाएं भी निर्धारित करता है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19 नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्वक तथा बिना हथियारों के एकत्र होने का अधिकार प्रदान करता है। ये अधिकार लोकतंत्र में नागरिक सहभागिता का आधार हैं। हालांकि, इन पर संविधान में निर्धारित आधारों पर उचित प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। इसलिए विरोध करने की स्वतंत्रता का अर्थ कानून से ऊपर होना नहीं है और न ही सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने का अर्थ नागरिकों के अधिकारों को मनमाने ढंग से सीमित करना है।

प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह संभावित हिंसा, यातायात अवरोध और सार्वजनिक संपत्ति को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए आवश्यक कदम उठाए। लेकिन किसी संभावित खतरे की आशंका के आधार पर सभी लोगों की आवाजाही रोक देना या शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को बिना वैधानिक आधार के हिरासत में लेना उचित नहीं माना जा सकता। प्रतिबंधों का औचित्य, उनकी अवधि और उनका दायरा परिस्थितियों के अनुरूप होना चाहिए। जहां सीमित व्यवस्था से समस्या का समाधान संभव हो, वहां व्यापक प्रतिबंधों के कारण आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी में डालने से बचना चाहिए।

दिल्ली जैसे महानगर में मेट्रो और रेल सेवाएं केवल यातायात के साधन नहीं हैं। लाखों लोग प्रतिदिन इन सेवाओं के माध्यम से अपने कार्यस्थलों, शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों और अन्य आवश्यक स्थानों तक पहुंचते हैं। अचानक परिवहन सेवाएं बंद होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई, कर्मचारियों की उपस्थिति, मरीजों की चिकित्सा और छोटे कारोबारियों की आजीविका प्रभावित हो सकती है। इसी प्रकार इंटरनेट सेवाएं आज शिक्षा, बैंकिंग, व्यापार, संचार और आपातकालीन सहायता का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इसलिए इनके व्यापक प्रतिबंध का प्रभाव प्रदर्शन स्थल से कहीं अधिक दूर तक पहुंचता है।

इस संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका केवल किसी एक प्रदर्शन को लेकर आदेश देने तक सीमित नहीं है। न्यायपालिका का दायित्व यह सुनिश्चित करना भी है कि प्रशासनिक कार्रवाई संविधान और कानून के अनुरूप हो। जब नागरिकों को लगता है कि उनके अधिकार प्रभावित हो रहे हैं, तब न्यायालय से राहत की अपेक्षा लोकतांत्रिक व्यवस्था का स्वाभाविक हिस्सा है। हालांकि, न्यायिक हस्तक्षेप का अर्थ यह नहीं है कि किसी विवाद में एक पक्ष के सभी आरोप स्वतः सिद्ध हो गए। न्यायालय के अंतरिम निर्देश, प्रारंभिक टिप्पणियां और अंतिम निर्णय अलग-अलग प्रक्रियाएं हैं। दिल्ली के मामले में भी अधिकारियों से जवाब और अनुपालन संबंधी जानकारी मांगी गई है। इसलिए अंतिम निष्कर्ष तथ्यों, प्रस्तुत साक्ष्यों और आगे की न्यायिक प्रक्रिया के आधार पर ही निकाला जाना चाहिए।

निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित विवाद का एक व्यापक पक्ष जनता का विश्वास है। चुनाव लोकतंत्र की बुनियादी प्रक्रिया हैं और मतदाता सूची उनकी विश्वसनीयता का महत्वपूर्ण आधार है। मतदाता सूची का पुनरीक्षण आवश्यक हो सकता है, क्योंकि समय के साथ मृत्यु, स्थान परिवर्तन और अन्य कारणों से अभिलेखों में बदलाव करना पड़ता है। लेकिन इस प्रक्रिया में किसी पात्र नागरिक का नाम गलत तरीके से हटना उसके मताधिकार को प्रभावित कर सकता है।

मलबे में भविष्य

दीनानाथ ने पिछले दो सालों में शिक्षा पोर्टल पर सोलह बार छत मरम्मत का टिकट रेज किया था। हर बार मुख्यालय से एक ही ऑटोमेटेड जवाब आता था, अमान्य मांग! बजट केवल डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए आवंटित है। आपके विद्यालय को 4के स्मार्ट बोर्ड प्रदान कर दिया गया है। कृपया लर्निंग आउटकम के वीडियो अपलोड करें। और उस दीवार पर, जहां से चूना झड़ रहा था, वह विशाल स्मार्ट स्क्रीन पूरी शान से चमक रही थी। उस पर सरकारी सोलर इनवर्टर के बैकअप से एक रंग बिरंगा एनिमेटेड वीडियो चल रहा था, जिसमें एक नाचता हुआ खरगोश अंग्रेजी के अक्षर सिखा रहा था। अचानक छत से गिट्टियां गिरने लगीं और एक तेज कड़कड़ाहट की आवाज हुई। दीनानाथ चीखे, भागो बाहर! लेकिन बच्चे कुछ समझ पाते, उससे पहले ही छत का एक भारी सीमेंट का हिस्सा भरभराकर सीधे उस लकड़ी के तख्ते पर आ गिरा। धूल और चीखों का एक भयानक गुबार उठा।

ठीक उसी पल, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी की गाड़ी स्कूल के गेट पर आकर रुकी। अधिकारी फाइल हाथ में लिए कमरे की तरफ भागे और चिल्लाए, स्मार्ट बोर्ड सुरक्षित है न? उसका डिस्प्ले तो नहीं टूटा? लेकिन मलबे के नीचे से कोई स्क्रीन नहीं टूटी थी, मलबे के नीचे आठ साल का मन्नू दबा था। मन्नू का मजदूर पिता सुदामा, जो खेत में मजदूरी छोड़कर बदहवास दौड़ा आया था, अपने नंगे हाथों से सीमेंट के नुकीले पत्थरों को हटाने लगा। उसकी उंगलियों से खून बहने लगा। जब उसने मलबे को हटाया, तो मन्नू की छोटी सी देह शांत हो चुकी थी। उसकी किताबों का फटा हुआ झोला खून से लाल था और नन्हीं हथेलियों में पेंसिल का एक टुकड़ा दबा हुआ था। सुदामा ने अपने बेटे के सिर को अपनी गोद में रख लिया, मन्नू... आँखें खोल बेटा... देख, तेरे बापू आ गए...

पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 14अक्टूबर 2026 बुधवार
सूर्योदय - 06:23सूर्यास्त 18:09
आश्विन मास शुक्ला पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि- चतुर्थी22:36 उपरांत पंचमी
नक्षत्र - अनुराधा03:37 उपरांत ज्येष्ठा
योग- आयुष्मान01:30 उपरांत सौभाग्य
करण - वणिज
चन्द्रमा - दिन पूर्ण वृश्चिक मे रहेगा
मुस्लिम मास - रवि उस्सानी मास तारिख

मेष- कार्यक्षेत्र में सक्रियता से लाभ मिलेगा। व्यापार में नए सौदों पर बात आगे बढ़ेगी। फिटनेस पर ध्यान दें।

वृषभ- प्रेम जीवन में निकटता और मधुरता बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति सुधरने के अवसर हैं। ऊर्जा अच्छी रहेगी।

मिथुन- कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। व्यापारिक योजनाओं को आगे बढ़ाएंगे।

कर्क- दांपत्य जीवन में आपसी समझ बढ़ेगी। आय के नए स्रोत मिलने के योग हैं। मानसिक ऊर्जा अच्छी रहेगी।

सिंह- करियर में प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। व्यापार में नए ग्राहकों से संपर्क बनेगा। प्रेम संबंधों में निकटता आएगी।

कन्या- धन संबंधी स्थिति में सुधार होगा। आराम पर भी थोड़ा ध्यान दें। मानसिक थकान से बचें।

तुला- व्यापार में जल्दबाजी का फैसला नुकसान दे सकता है। परिवार में स्पष्ट संवाद जरूरी रहेगा।

वृश्चिक- प्रतिस्पर्धियों से निपटने में सफलता मिलेगी। प्रॉपर्टी के मामलों में अवसर आएंगे।

धनु- नई परियोजना की जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यापार में रुके काम आगे बढ़ेंगे।

मकर- संतान से सकारात्मक खबर मिल सकती है। उत्साह बना रहेगा, सेहत बढ़िया रहेगी।

कुंभ- बुद्धिमत्ता से कठिन काम पूरे हो सकते हैं। व्यापार में नए अनुबंध पर बातचीत बढ़ेगी। मानसिक थकान से बचें।

मीन- मित्रों के साथ समय अच्छा बीतेगा। आर्थिक स्थिति सुधारने के योग हैं। स्फूर्ति बनी रहेगी, दिन अच्छा रहेगा।

समसामयिक

जनता पूछ रही है, हमारी जेब से हो रही नोट चोरी की लड़ाई कौन लड़ेगा?

देश में इन दिनों वोट चोरी को लेकर राजनीतिक बहस और



वीरेंद्र हीरालाल पथरिया
(दैनिक अवन्तिका)

आंदोलन का माहौल है। विपक्षी दल लोकतंत्र, मताधिकार और चुनावी पारदर्शिता से जुड़े सवाल उठा रहे हैं। ये सवाल लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण हैं और इनकी निष्पक्ष जांच तथा समाधान भी जरूरी है। लेकिन इसी शोर के बीच एक सवाल ऐसा भी है, जो आम आदमी की रसोई से उठता है और उसकी जेब तक पहुंचकर दम तोड़ देता है, आखिर आम आदमी की जेब पर पड़ रही महंगाई की मार के खिलाफ कौन आंदोलन करेगा?

जी हां, एक आंदोलन नोट चोरी के खिलाफ भी होना चाहिए!

आप सोच रहे होंगे कि नोट चोरी कहां हो रही है? न कोई जेब काट रहा है, न कोई पर्स छीन रहा है, न बैंक में डकैती पड़ रही है। फिर नोट चोरी कैसी? जरा बाजार जाकर देखिए। जेब में उतने ही रुपये हैं, लेकिन थैले में सामान कम हो गया है। महीने का बजट वही है, मगर महीने के आखिरी दिनों में जेब पहले से जल्दी खाली हो जाती है। आम आदमी की कमाई का बड़ा हिस्सा रोजमर्रा की जरूरतों में खप रहा है। यह कानूनी अर्थों में चोरी नहीं, लेकिन आम आदमी को महसूस होने वाली आर्थिक चोट किसी चोरी से कम भी नहीं है। आंकड़े भी चिंता की ओर इशारा करते हैं। अगस्त 2026 में देश की खुदरा महंगाई दर 4.82 प्रतिशत और खाद्य महंगाई दर 5.95 प्रतिशत दर्ज की गई। उधर, 9 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमत लगभग 103 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचने की खबर आई। कमजोर मानसून और असमान बारिश ने भी कृषि उत्पादन तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को लेकर चिंताएं बढ़ाई हैं।

इन परिस्थितियों का असर केवल पेट्रोल-डीजल तक सीमित नहीं रहता। परिवहन महंगा होता है तो माल ढुलाई की लागत बढ़ सकती है। कृषि उत्पादन प्रभावित होता है तो खाद्य पदार्थों की उपलब्धता और कीमतों पर दबाव पड़ सकता है। इसका बोझ अंततः उपभोक्ता तक पहुंचता है। हालांकि हर वस्तु की कीमत बढ़ने का कारण एक जैसा नहीं होता, लेकिन आम आदमी को कारणों की व्याख्या से अधिक जरूरी राहत चाहिए। विडंबना देखिए, राजनीति में मुद्दों की कमी नहीं है। आरोप-प्रत्यारोप हैं, रैलियां हैं, धरने हैं, बयान हैं और एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करने की होड़ है। लेकिन क्या किसी आंदोलन का एजेंडा यह भी हो सकता है कि गरीब परिवार की रसोई का खर्च कैसे घटे? दाल, तेल, सब्जी, दूध और रसोई गैस आम आदमी की पहुंच में कैसे रहें? किसानों को उचित दाम मिलें और उपभोक्ताओं को उचित कीमत पर सामान कैसे मिले?

लोकतंत्र केवल वोट डालने का अधिकार नहीं है। लोकतंत्र का उद्देश्य यह भी है कि नागरिक सम्मान के साथ जीवन जी सके। जिस व्यक्ति के पास मतदान का अधिकार है, उसे महंगाई के सामने असहाय छोड़ देना लोकतांत्रिक जवाबदेही की भावना को कमजोर करता है।

यहां सवाल किसी एक पार्टी का नहीं, सभी राजनीतिक दलों का है। सत्ता पक्ष की जिम्मेदारी है कि वह कीमतों पर नियंत्रण, आपूर्ति व्यवस्था और जनकल्याणकारी उपायों पर प्रभावी काम करे। विपक्ष की जिम्मेदारी है कि वह केवल विरोध न करे, बल्कि ठोस सुझावों के साथ जनता के आर्थिक सवालों को भी उतनी ही ताकत से उठाए। महंगाई पर आंदोलन का अर्थ केवल नारे लगाना नहीं, बल्कि सरकार से समयबद्ध राहत, पारदर्शी मूल्य निगरानी और ठोस कार्ययोजना की मांग करना भी है।

वोट चोरी पर बहस होनी चाहिए, लेकिन नोट की घटती ताकत पर भी आवाज उठनी चाहिए। लोकतंत्र की रक्षा जरूरी है, मगर लोकतंत्र में जीने वाले आम आदमी की जिंदगी भी उतनी ही जरूरी है।

त्यौहारों में कैसे रखें अपने स्वास्थ्य का ध्यान और उससे क्या फायदे

10 अक्टूबर से 20 नवंबर तक दुर्गा पूजा, नवरात्रि, डांडिया, दशहरा, दीपावली, भाईदूज सनातन धर्म के लोगों के मुख्य त्यौहार है। जिसमें या तो हम व्रत रखते है या हम खूब मिठाई और नमकीन का सेवन करते है। सीनियर प्रोफेसर डॉ. विजय गर्ग बताते है। अगर हम निम्नलिखित



डॉ विजय गर्ग
(दैनिक अवन्तिका)

बातों का ध्यान रखें तो किसी हद तक हम पैदा होने वाली कठिनाईयों से बच सकते है साथ ही शरीर को भी फायदा दे सकते है।

सबसे प्रमुख बात है कि जिनकों डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हार्ट की बीमारी एवं अन्य कोई बीमारी से ग्रसित हो उन्हें अपने डॉक्टर से परामर्श इन दिनों में पूर्व में ही लेना चाहिए जिससे की चलती हुई दवाओं एवं होने वाली संभावित खतरों से बच सकें।

पूरे फल का सेवन करें ना कि उनके रस का, ज्याद सब्जियों का सेवन करें, ज्यादा प्रोटीनयुक्त भोजन सामग्री जैसे : सत्तू, सोयाबीन, पनीर, मूंगफली का सेवन करें, भरपूर मात्रा में तरल पदार्थ का सेवन भी फायदेमंद है। प्रतिदिन करने वाली कसरत को नजर अंदाज ना करें,



चाहे वो थोडी कम ही क्यो ना हो, भरपूर नींद लें क्योंकि इस समय हमारा नींद का चक्र एवं का रूटिन बिगड़ जाता है। इसलिये जरुरी है कि नींद पर पूरा ध्यान दें। मिठाई खाईए कम मात्रा में थोड़ी-थोड़ी जिससे कि हम आनंद ले सकें।


हृदय रोग के मरीजों को कम नमक, दवा का सेवन और ज्यादा डांडिया नहीं करना है। डायबिटीज वाले मरीजों को अपनी शुगर की जांच करते रहना है, जिससे कि हम शक्कर की कमी होने पर या ज्यादा रक्त में ज्यादा शक्कर होने को हम पहचान सके। डॉ. विजय गर्ग बताते है कि रक्त में शक्कर कम होने पर घबराहट, पसीना, चिड़चिडापन होता है, वहीं शक्कर ज्यादा होने से बार-बार पेशाब, पेट दर्द और उल्टी की शिकायत होती है। जिनको शक्कर का लेबल बहुत ज्यादा बड़ा हो एवं दवाओं से कन्ट्रोल नही हो रहा हो तो वे व्रत ना रखें। उपरोक्त दिनों में होने वाली कोई भी बीमारी में तुरंत अपने डॉक्टर से सम्पर्क करें। ज्यादा लम्बे समय तक डांडिया करना शक्कर वाले मरीजों को शक्कर की कमी ला सकता है। उपरोक्त नवरात्रि के दिनों में डॉ. विजय गर्ग कहते है कि उपवास, प्रार्थना, ध्यान, मौन के भी कई फायदे है कि जैसे कि उपवास में हम सिर्फ कम खाते है और बाराह घंटे कुछ भी नहीं खाते है, कम तनाव, वजन कम होता है हम फल फ्रूट का सेवन करते है। साबूत अनाज का सेवन करते है जिससे हमारे शरीर को बहुत ही फायदा होता है। त्यौहार मनाईए ना शक्कर का त्यौहार।

धर्म-आस्था

शारदीय नवरात्रि और बंगाली दुगार्पूजा: परंपराएँ अलग, शक्ति एक

या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥

अर्थात, जो देवी समस्त प्राणियों में शक्ति के रूप में विराजमान हैं, उन्हें बार-बार नमन है। देवी की इसी शक्ति की आराधना शारदीय नवरात्रि और बंगाली



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

दुगार्पूजा के रूप में देश के अलग-अलग हिस्सों में दिखाई देती है। दोनों पर्वों में माँ दुर्गा की उपासना होती है, लेकिन पूजा पद्धति, अनुष्ठानों और उत्सव की अभिव्यक्ति में अंतर है। नवरात्रि में नौ दिनों की साधना और नवदुर्गा की आराधना प्रमुख है, जबकि बंगाली दुगार्पूजा में माँ के आगमन से लेकर विदाई तक भक्ति, कला, संस्कृति और भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिलता है।

नवरात्रि का शाब्दिक अर्थ है नौ रातें। शारदीय नवरात्रि प्रतिपदा से आरंभ होकर नवमी तक चलती है। इस दौरान माँ शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। कलश स्थापना, व्रत, दुर्गासप्तशती का पाठ, भजन और कन्या पूजन इसके प्रमुख अंग हैं। देश के विभिन्न क्षेत्रों में नवरात्रि मनाने के तरीके अलग-अलग हैं। गुजरात में गरबा और डांडिया, उत्तर भारत में रामलीला और दशहरा, तो अनेक स्थानों पर देवी मंदिरों के विशेष अनुष्ठान इस पर्व को विविध रंग देते हैं। इन सभी परंपराओं का मूल भाव माँ के प्रति श्रद्धा, आत्मसंयम और सकारात्मक ऊर्जा का संचार है।

बंगाली दुगार्पूजा भी माँ दुर्गा की आराधना का ही विशिष्ट स्वरूप है। इसमें महालया से माँ के आगमन की प्रतीक्षा शुरू होती है और षष्ठी से दशमी तक उत्सव अपने चरम पर पहुँचता है। भव्य प्रतिमाएँ, कलात्मक पूजा पंडाल, ढाक की गूँज और सामूहिक पुष्पांजलि इसकी विशेष पहचान हैं। बंगाली समाज में माँ दुर्गा को मायके आने वाली बेटी के रूप में देखने की भावनात्मक परंपरा है। इसी कारण दुगार्पूजा केवल धार्मिक आयोजन नहीं रहती, बल्कि परिवार, समाज और सांस्कृतिक एकता का उत्सव बन जाती है।

महालया बंगाली दुर्गोत्सव की भावनात्मक शुरूआत माना जाता है। यह पितृपक्ष की समाप्ति और देवीपक्ष के आरंभ से जुड़ा है। इस दिन तर्पण, चंडीपाठ और प्रसिद्ध महिषासुरमर्दिनी का श्रवण करने की परंपरा है। माँ के आगमन की प्रतीक्षा इस दिन से और गहरी हो जाती है। दुगार्पूजा की एक महत्वपूर्ण मान्यता अकालबोधन है। परंपरा के अनुसार, भगवान श्रीराम ने रावण से युद्ध करने से पहले शरद ऋतु में माँ दुर्गा की आराधना की थी। सामान्य वसंतकालीन पूजा से अलग समय में देवी का आवाहन किए जाने के कारण इसे अकालबोधन कहा गया। षष्ठी के बोधन, आमंत्रण और अधिवास जैसे अनुष्ठान इसी परंपरा से जुड़े हैं।

बंगाली दुगार्पूजा में सप्तमी की नवपत्रिका पूजा प्रकृति और शक्ति के संबंध को दशार्ती है। विभिन्न वनस्पतियों से तैयार नवपत्रिका को देवी के प्रतीक रूप में पूजित किया जाता है। केले के पौधे को वस्त्र पहनाकर सजाने की परंपरा के कारण इसे लोकप्रिय रूप से कोलाबऊ भी कहा जाता है। महाअष्टमी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु माँ के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित करते हैं। अष्टमी और नवमी के संधिकाल में होने वाली संधि पूजा का विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इसी समय माँ दुर्गा ने चामुंडा स्वरूप धारण कर चंड और मुंड का संहार किया था। इस अवसर पर अनेक स्थानों पर 108 दीप प्रज्वलित करने और 108 कमल अर्पित करने की परंपरा है। यह अनुष्ठान दैवी शक्ति की विजय का प्रतीक माना जाता है।

विजयादशमी बंगाली दुगार्पूजा का सबसे भावुक पड़ाव है। इस दिन महिलाएँ माँ को सिंदूर अर्पित करती हैं और फिर एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर सिंदूर खेला की परंपरा निभाती हैं। इसमें सौभाग्य, सुख-समृद्धि, पारिवारिक मंगल और आपसी स्नेह की कामना निहित है। प्रतिमा विसर्जन के समय आबार एशो माँ अर्थात माँ, फिर आना की पुकार गूँजती है। यह केवल विदाई नहीं, बल्कि अगले वर्ष माँ के पुनः आगमन का आत्मीय निमंत्रण है। शारदीय नवरात्रि और बंगाली दुगार्पूजा में मुख्य अंतर उनकी उपासना शैली का है। नवरात्रि में नौ दिनों की साधना, नवदुर्गा के स्वरूपों की पूजा और आत्मिक अनुशासन पर बल दिया जाता है। बंगाली दुगार्पूजा में माँ के आगमन, भव्य प्रतिमा, सामूहिक पूजा, सांस्कृतिक अभिव्यक्ति और भावपूर्ण विदाई का विशेष स्थान है।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी-5901 काबली- 3350-7951, बटला-3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली-10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,49,000 रवा- 1,48,800 चांदी-टंच- 2,24,500 पाट- 2,23,500।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com

मजदूरी पर जाने के बाद घर नहीं लौटे 47 वर्षीय मनोज घावरी

शुजालपुर। मंडी के आजाद नगर निवासी 47 वर्षीय मनोज घावरी मजदूरी पर जाने का कहकर घर से निकले, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारी में तलाश की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। इसके बाद बेटे अभिषेक घावरी ने शुजालपुर मंडी थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट के अनुसार, मनोज घावरी 11 अक्टूबर की सुबह करीब 10 बजे मजदूरी करने जाने का कहकर घर से निकले थे। रात तक नहीं लौटने पर बेटे ने उनके मोबाइल पर संपर्क किया, लेकिन फ ोन बंद मिला। इसके बाद परिजनों ने उनकी तलाश की। बेटे ने रिपोर्ट में आशंका जताई है कि कोई अज्ञात व्यक्ति उन्हें ले जाकर कहीं छिपा सकता है।

नवरात्रि में मां दुर्गा को अर्पित की चुनरी

शाजापुर। शारदीय नवरात्रि के पावन उपलक्ष्य में शहर के बायपास स्थित हनुमान मंदिर से ग्राम टुकराना तक चुनरी यात्रा निकाली गई। माता की भक्ति से सराबोर इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह 10 बजे गाजे-बाजे और माता के जयकारों के साथ चुनरी यात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा के मार्ग में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था और पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। ग्राम टुकराना पहुंचकर श्रद्धालुओं ने पूर्ण विधि-विधान के साथ मां दुर्गा को चुनरी अर्पित की और क्षेत्र की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की।

बाइक चोर कहकर नाबालिग को पीटा, मुकदमा दर्ज

शाजापुर। बाइक का सहारा लेकर खड़े नाबालिग को चोर कहकर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार राजराजेश्वरी माता मंदिर पार्किंग के पास एक 15 साल का किशोर 8 अक्टूबर रात 8.30 बजे खड़ी बाइक से टिककर खड़ा थाख तभी एक व्यक्ति ने उसे बाइक चोर कहकर वीडियो बनाना शुरू कर दिया। नाबालिग के मना करने पर भी आरोपी ने गाली-गलौज कर मारपीट की। घटना का वीडियो सामने आने के बाद पीड़ित अपने पिता के साथ थाना कोतवाली पहुंचा और आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

यौन उत्पीड़न के आरोपों से घिरे

कांग्रेस सांसद बिमोल अकोइजम के खिलाफ उबला भाजपा का आक्रोश, फूंका पुतला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के मुद्दे पर शाजापुर में भारतीय जनता पार्टी का कड़ा आक्रोश देखने को मिला। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व प्रोफेसर और वर्तमान में इनर मणिपुर से कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल अकोइजम पर 11 छात्राओं द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोपों के बाद जिले का राजनीतिक पारा गरमा गया है। भाजपा और उसके महिला मोर्चे ने इस कृत्य को निंदनीय बताते हुए न सिर्फ आरोपी सांसद का पुतला फूंका, बल्कि पीड़ित छात्राओं के लिए त्वरित न्याय की गुहार लगाई है। इस घटना के विरोध में सोमवार को स्थानीय बस स्टैंड पर जिला भाजपा एवं महिला मोर्चा के बैनर तले एक धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर कांग्रेस पार्टी और आरोपी सांसद के खिलाफ सड़क पर उतरकर जमकर नारेबाजी की। इसके पश्चात आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने सांसद का पुतला दहन कर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के



दौरान कई महिला कार्यकर्ता इस घटना को लेकर अत्यधिक गुस्से में नजर आईं। इस उग्र प्रदर्शन का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रवि पांडे और महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिता पाटीदार ने किया, जिसमें पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। भाजपाइयों ने सीधा निशाना कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर साधते हुए राहुल गांधी से मांग की है कि वह अपना रुख स्पष्ट करें और ऐसे गंभीर आरोपों से घिरे सांसद को तुरंत प्रभाव से पार्टी से निष्कासित करें। प्रदर्शनकारियों ने कड़े शब्दों में कहा कि शिक्षण संस्थान देश का भविष्य गढ़ने वाले पवित्र केंद्र होते हैं, जहां छात्राओं की सुरक्षा और उनका सम्मान सबसे ऊपर होना चाहिए। एक शिक्षाविद् और जनप्रतिनिधि पर इस तरह के घिनौने आरोप लगना पूरे समाज के लिए गहरी चिंता का विषय है।

पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए

भाजपा नेताओं ने एक स्वर में मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो और महिला सुरक्षा के ऐसे संवेदनशील मुद्दे पर बिना किसी राजनीतिक भेदभाव के दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई की जाए, ताकि पीड़ित छात्राओं को न्याय मिल सके।



ट्रिपल जंप में वैशाली परमार ने जीता स्वर्ण पदक, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बनाई जगह

शुजालपुर। कॉन्चेंट हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा वैशाली परमार ने राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता की ट्रिपल जंप स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर शुजालपुर का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के साथ ही वैशाली ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भी अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। वैशाली पिता ओमप्रकाश परमार की इस सफ लता से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। उनकी उपलब्धि को खेल के प्रति मेहनत, लगन और समर्पण का परिणाम माना जा रहा है।विद्यालय परिवार ने वैशाली को बधाई देते हुए राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

बिजली कटौती के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, कटौती से लोग परेशान

अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

आगर मालवा में बार-बार हो रही अघोषित बिजली कटौती के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने बिजली कंपनी के मुख्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस ने नियमित और बिना रुकावट बिजली सप्लाई की मांग की। वहीं, कंपनी के अधिकारियों ने कम बारिश के कारण ट्रांसफार्मरों में आ रही दिक्कतों को बिजली सप्लाई प्रभावित होने की वजह बताया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में पदाधिकारी और



कार्यकर्ता रैली निकालकर बिजली विभाग पहुंचे। उन्होंने कहा कि लोड सेटिंग के नाम पर बिना सूचना के बिजली काटी जा रही है। इससे ग्रामीण और शहरी इलाकों के नागरिकों के साथ किसान, व्यापारी और विद्यार्थी परेशान हैं।

बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस साल कम बारिश के कारण ट्रांसफार्मरों में दिक्कतें आ रही हैं। इससे बिजली सप्लाई प्रभावित हो रही है।

बड़ागांव में दो बाइकों की टक्कर में पार्षद माली की मौके पर मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नलखेड़ा

बड़ागांव-बड़ोदिया मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में वार्ड 6 के पार्षद रघुनंदन माली (55) की मौत हो गई। हादसा इतना गंभीर था कि उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। रघुनंदन माली नगर परिषद बड़ागांव के पूर्व उपाध्यक्ष भी रह चुके थे।

पुलिस ने सोमवार रात हादसे की जानकारी दी। टक्कर के बाद दूसरे दोपहिया वाहन पर सवार व्यक्ति अपनी गाड़ी लेकर मौके से चला गया। उसके बारे में फिलहाल ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।

रघुनंदन माली लंबे समय से



स्थानीय राजनीति में सक्रिय थे। वे वर्तमान में नगर परिषद के वार्ड 6 से पार्षद थे और पहले उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाल चुके थे। परिवार के मुताबिक, उनका अंतिम संस्कार मंगलवार सुबह किया जाएगा।

शक्ति से सृजन कार्यक्रम में विद्यार्थियों को दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश



शाजापुर। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम कक्षाओं में नवांकुर सखी प्रकृति-संस्कृति संरक्षण कार्यक्रम शक्ति से सृजन का शुभारंभ हुआ। कंचन वेलफेयर एंड एजुकेशनल सोसाइटी के सहयोग से शुरू हुआ यह जागरूकता अभियान 19 अक्टूबर तक चलेगा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पर्यावरण और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति जागरूक करते हुए पीपल और आम के वृक्षों का विधिवत पूजन किया गया तथा भारतीय परंपराओं में प्रकृति के महत्व को समझाया गया। विकासखंड समन्वयक बसंत रावत ने प्रकृति संरक्षण को समाज की सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए सभी को जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। परामर्शदाता बहादुर सिंह सोलंकी, महेंद्र वर्मा ने भी वृक्षों के महत्व और सामुदायिक सहभागिता पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर नवांकुर संस्था की सचिव गायत्री वर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता और विद्यार्थी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



दुर्गा वाहिनी का शौर्य संचलन निकला आत्म सम्मान और बुराइयों से दूर रहने का संदेश दिया

खातेगांव। खातेगांव नगर में दुर्गा वाहिनी के शौर्य संचलन और मातृशक्ति की चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया। मंगलवार को डाक बंगला परिसर से शुरू होकर यह यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से गुजरी और वहीं खत्म हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ऋतु तोमर और मुख्य वक्ता डॉ. अंजना राजावत थीं। डॉ. राजावत ने बालिकाओं को आत्मसम्मान, आत्मबल और सामाजिक जागरूकता का महत्व समझाया। डॉ. राजावत ने नशे के दुष्परिणाम बताए, जो शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य, आर्थिक स्थिति और पारिवारिक संबंधों को प्रभावित करते हैं।


गांव जरखी-सकराई में 32 बीघा सरकारी गोचर भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप

कलेक्टर से शिकायत, 2011-12 में राजस्व रिकॉर्ड में हेराफेरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया

जरखी सकराई गांव में 32 बीघा सरकारी गोचर भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। यह जमीन निजी नामों पर दर्ज कराने का आरोप है। आवेदक शेख शब्बीर ने कलेक्टर जनसुनवाई में शिकायत कर निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत के मुताबिक,



जरखी सकराई में सुंदरसी-अकोदिया रोड पर स्थित इस गोचर भूमि का पुराना सर्वे नंबर 67, 66, 64 था, जो अब 275 है। आरोप है कि 2011-12 में तत्कालीन तहसीलदार और पटवारी की मिलीभगत से राजस्व रिकॉर्ड में हेराफेरी कर जमीन निजी नामों पर दर्ज की गई।

शेख रब्बानी, शेख सलीम और शेख इस्माइल पर जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप है। आवेदक के मुताबिक, इस जमीन पर फसल उगाई जा रही है। इन आरोपों की अभी पुष्टि नहीं हुई है।

शेख शब्बीर ने 23 जून 2026, 8 सितंबर 2026 और 13 अक्टूबर 2026 को तीन बार शिकायतें दीं। उनका कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने सर्वे नंबर 275 की जांच, कब्जा हटाने और कार्रवाई की मांग की है।

भीलखेड़ी के पास हुआ हादसा, इंदौर में उपचार के बाद शुजालपुर में जारी है इलाज

शुजालपुर। ग्राम भीलखेड़ी के आगे ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में 18 वर्षीय रवि बागरी घायल हो गया। हादसे में उसके दाहिने पैर की जांघ और एड़ी में चोट आई। प्राथमिक उपचार के बाद उसे इंदौर रेफ र किया गया,जहां पैर का ऑपरेशन किया गया। फि लहाल उसका उपचार शुजालपुर मंडी के निजी अस्पताल में जारी है। ग्राम मेहरखेड़ी निवासी रवि बागरी आरोग्य अस्पताल में काम करता है। 7 अक्टूबर को ड्यूटी खत्म होने के बाद वह अपनी बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान भीलखेड़ी के आगे खेत से सड़क पर आ रहे नीले रंग के सोनालिका ट्रैक्टर से उसकी बाइक की टक्कर हो गई। हादसे के बाद रवि को निजी अस्पताल ले जाया गया। यहां से इंदौर अस्पताल रेफ र किया गया, जहां उसके पैर का ऑपरेशन हुआ। 10 अक्टूबर को उसे वापस शुजालपुर के निजी अस्पताल लाया गया। रवि के पिता भोजराज बागरी ने शुजालपुर मंडी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी श्रीमती मनुबाई आंजना पुत्री श्री नगजी आंजना, कृषक-ग्राम चिकली तहसील बडनगर जिला उज्जैन (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व में सर्वे नं.-30/1/4 (S) रकबा 0.4500 हेक्टर जो कि ग्राम चिकली तहसील बडनगर जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण रकबा 0.4500 हेक्टर मेसे दक्षिण दिशा की रकबा 0.2000 हेक्टर को क्रय करने का सौंदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है। शेष राशि का भुगतान कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना बाकी रहा है। उक्त कृषि भूमि पर भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया गया हो अथवा स्वत्व, हित व आधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, अनुबंध, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक-12.10.2026

राजकुमार प्रजापत एडवोकेट
कार्यालय-A-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन (म.प्र.)
मोबा. 94259-46659

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती पूर्णिमा दवे पति श्री राजेन्द्र दवे, निवासीः 01, आदिनाथ कॉलोनी उज्जैन , के स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भूखण्ड क्रं 16 अहिल्यानगर कॉलोनी नानाखेडा उज्जैन में स्थित है । जिसका कुल क्षेत्रफल 72.00 वर्ग मीटर तथा चतुर्सीमा पूर्व में भूखण्ड क्रं 11 है, पश्चिम में कॉलोनी सड़क है, उत्तर में भूखण्ड क्रं 15 है, दक्षिण में कॉलोनी सड़क स्थित है । यह कि, उपरोक्तवर्णित सम्पत्ति श्रीमती पूर्णिमा दवे पति श्री राजेन्द्र दवे ने रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र दिनांक 09.12.2025, दस्तावेज क्र. MP17IGR18842025A101126583 के द्वारा क्रय की है। यह कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति का मूल चेन विक्रय-पत्र दिनांक 24.09.2024, दस्तावेज क्र. MP432022024A11164278 वर्तमान सम्पत्ति मालिक के पास से मकान स्थानांतरित करते समय कही गुम हो गया है। जिसकी गुमशुदगी की शिकायत संबंधित पुलिस थाने में की गई है।

यह कि श्री श्रीमती पूर्णिमा दवे पति श्री राजेन्द्र दवे के द्वारा मेरे पक्षकार मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक में उपरोक्तवर्णित सम्पत्ति को बंधकग्रस्त करने का प्रस्ताव कर ऋण प्राप्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस जाहीर सूचना के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड में कोई स्वत्व या हिस्सा रखता हों, या किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सरकारी, साहुकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो अथवा किसी न्यायालय में विचाराधीन कोई प्रकरण हो तो ऐसे सम्बंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 3 (तीन) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहीत लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सकें। अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार बैंक के द्वारा ऋण स्वीकृत किया जा सकता है तथा उपरोक्तवर्णित सम्पत्ति को बैंक के हित में बंधकग्रस्त किया जा सकता है तथा उसके पश्चात किसी प्रकार की आपत्ती मान्य नहीं होगी। ना ही मेरे पक्षकार पर बंधककारक होगी। इति - दिनांक 13.10.2026, उज्जैन

विवेक पाठक अभिभाषक
42, घटकरपर मार्ग
मालवा होजअरी के सामने, फ्रीगंज, उज्जैन

न्यायालय उप पंजीयक, सहकारी संस्थाऐं, जिला उज्जैन
बिशाला भवन भरतपुरी देवास रोड़ उज्जैन
जिला उज्जैन
समक्ष अरूण कुमार मिश्रा उप पंजीयक)

आव्हान-पत्र

प्रकरण क्रमांक DR/UJN/64/2026-27/00002
पंजीयन दिनांक 21.07.2026

उज्जैन परस्पर सहकारी बैंक मर्या. उज्जैन
पता- 179, महारानी लक्ष्मीबाई मार्ग
देवासगेट उज्जैन द्वारा- मुख्य महाप्रबंधक वादी
विरूद्ध

1. श्रीमती प्रीति रघुवंशी पति श्री आकाश रघुवंशी निवासी 38, आदर्श विक्रम नगर उज्जैन
2. श्रीमती साधना डांगे पति श्री पदमाकर डांगे निवासी एल.आई.जी. 8/6, वेद नगर उज्जैन म.प्र. ..प्रतिवादीगण

आपको इस आव्हान पत्र द्वारा सूचना दी जाती है कि वादी ने म.प्र. सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 64 के अंतर्गत राशि रुपये 3,72,500.00 की वसूली हेतु आपके विरूद्ध इस न्यायालय में विवाद पेश किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 27.10.2026 को दिन के 2.00 बजे से न्यायालय उप पंजीयक, सहकारी संस्थाऐं, विशाला भवन तीसरी मंजिल, भरतपुरी देवास रोड़ उज्जैन में की जावेगी ।

अतः उपरोक्त विवाद के संबंध में आपके पास जो जवाब / सबूत हो वह नियत दिनांक पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करें । आपकी अनुपस्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण में निर्णय दिया जावेगा ।

यह आव्हान पत्र आज दिनांक 29.09.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा लगाकर जारी किया गया ।

उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ, जिला उज्जैन

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार विजय शर्मा पिता श्री रामसहाय जी शर्मा, निवासी अमर सिंह मार्ग, फ्रीगंज उज्जैन ने शरदचंद्र प्रधान पिता स्वर्गीय श्री केशवराव प्रधान से उनके स्वामित्व व आधिपत्य का भवन म्युनिसिपल क्रमांक 1/1, स्थित अमर सिंह मार्ग फ्रीगंज उज्जैन को क्रय करने का अनुबंध कर अनुबंध राशि अदा कर दी है व शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का संपादन करवाया जाना है। मेरे पक्षकार को विश्वस्त सूत्रों से यह जानकारी प्राप्त हुई है कि उक्त शरदचंद्र प्रधान उक्त अनुबंधित भवन को अन्य किसी को विक्रय अथवा अन्य किसी प्रकार से अंतरित या हस्तांतरित करने अथवा भारग्रस्त करने हेतु प्रयत्नशील हे जिसका कोई वैधानिक अधिकार उक्त शरदचंद्र प्रधान को अथवा अन्य किसी को नहीं है। इस संबंध में मेरा पक्षकार उक्त शरदचंद्र प्रधान के विरूद्ध पृथक से पुलिस व सक्षम न्यायालयों में कार्यवाही कर रहा है।

अतः इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हे कि उक्त शरदचंद्र प्रधान से उपर उल्लेखित भवन के संबंध में किसी प्रकार का कोई संव्यवहार ना करे अन्यथा भविष्य में होने वाले परिणामों का दायित्व संबंधितों का होगा। अतः सर्वसाधारण सूचित हो।

इति दिनांक 12.10.2026

अजहर दानिश खान एडवोकेट
कार्यालय-79, रानी लक्ष्मी बाई मार्ग, उज्जैन, म.प्र.
मो.नं. 9425946142

कार्यालय, नगर पालिक निगम, उज्जैन
राजस्व विभाग (अन्यकर)

(जाहिर सूचना)

क्रमांक : अन्यकर / 2026/1168 **उज्जैन, दिनांक : 12/10/2026**

सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम उज्जैन के स्वमित्व की लीज पर आवंटित दुकान क्रमांक 08 ए ओपन सिंधी क्लॉथ मार्केट उज्जैन जो कि नगर पालिक निगम, उज्जैन के वर्तमान रिकार्ड में श्री घनश्याम चेतवानी पिता श्री हेमनदास चेतवानी, निवासी- 22, इंदिरा नगर आगर रोड, उज्जैन को मासिक किराये पर आवंटित है, उनके द्वारा पंजीकृत सहमति पत्र दिनांक 29.06.2026 के आधार पर आवेदिका श्रीमती जीशा चतवानी पति श्री पवन चतवानी, निवासी- 27/1, सांकेत नगर, उज्जैन को विक्रय की जाकर नामांतरण हेतु सहमति प्रदान की गई थी जो कि दिनांक 29.06.2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत की गई है के आधार पर आवेदिका श्रीमती जीशा चतवानी पति श्री पवन चतवानी द्वारा कार्यालय में स्वयं के नाम से नामांतरण चाहा गया है।

अतः इस जाहिर सूचना के माध्यम से प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस की समय सीमा में उक्त कि नगर पालिक निगम उज्जैन के स्वमित्व की लीज पर आवंटित दुकान क्रमांक 08 ए ओपन सिंधी क्लॉथ मार्केट उज्जैन के नामांतरण करने में किसी वैध वारिस/उत्तराधिकारी/व्यक्ति/संस्था/वित्तीयसंस्था/बैंक/न्यायालयीन प्रकरण आदि से सम्बंधित कोई ठोस आपत्ति हो, तो मय प्रमाण के कार्यालय, राजस्व विभाग (अन्यकर), कक्ष क्रमांक 135, छत्रपति शिवाजी भवन, आगर रोड़, नगर पालिक निगम, उज्जैन में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करे। निर्धारित समय सीमा में आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में उक्त भूमि/दुकान क्रमांक 08 ए का नामांतरण मध्य प्रदेश नगर पालिका (अचल सम्पत्ति का अंतरण) नियम 2016 के प्रावधान अनुसार आवेदिका श्रीमती जीशा चतवानी पति श्री पवन चतवानी, निवासी- 27/1, सांकेत नगर, उज्जैन के पक्ष में कर दिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति/उज्र मान्य नहीं होगी।

सहायक आयुक्त (अन्यकर),
नगर पालिक निगम, उज्जैन

In The Court Of I Civil Judge, Junior Division, Tehsil Tarana District Court, Ujjain Presiding Officer:
श्री दीपक सोनी
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/000000007/2026)
राजेन्द्रसिह----- वादी
Vs
ललीताबाई आदि -----प्रतिवादी
Process Id-/2026
पेशी दिनांकः 16/10/2026

प्रेषिती

(1) अंकित जैन पिता कन्हैयालाल पता- तेली बाखल इंदौर

यह कि प्रार्थी राजेन्द्रसिह ने आपके विरूद्ध सिविल सूट में वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 09 अक्टूबर 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

(दीपक सोनी)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड तराना जिला उज्जैन (म.प्र.)
कृपया ध्यान दे- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

In The Court Of IV Civil Judge Class-I, District Court, Ujjain Presiding Officer:
श्री अनुराग शर्मा
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(EXA/0000040/2026)
सुशील गुप्ता..... वादी
Vs
मेसर्स थिंक एंड लर्न प्रायवेट लिमिटेड मार्फत सी.ई.ओ.
श्री बायज..... प्रतिवादी
Process Id-/2026
पेशी दिनांकः 17/11/2026

प्रेषिती

(1) नीलेश देशमुख पिता नामालूम पता- एस एस हेरिटेज प्लाट क्र 42, 42/1, 42/2, 42/3 वराहमिहिर मार्ग फ्रीगंज उज्जैन

यह कि प्रार्थी क्रं. 1 सुशील गुप्ता पिता स्व. श्री रामबाबू गुप्ता, आयु-73 वर्ष, व्यवसाय-चिकित्सक, निवासी-एस एस हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर 76 विक्रम मार्ग उज्जैन आदि-3 द्वारा एक जयपत्र प्रवर्तन के लिये आवेदन अंतर्गत आदेश 21 नियम 11 सीपीसी का न्यायालय द्वारा प्रकरण का निर्णय एवं जयपत्र दिनांक 21/01/2026 के अनुसार आपके विरूद्ध प्रवर्तन संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता हैं कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 12 अक्टूबर 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

(अनुराग शर्मा)
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ खण्ड, उज्जैन (म.प्र.)
कृपया ध्यान दे- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

महाकाल क्षेत्र में निगम की अतिक्रमण मुहिम

निगम आयुक्त की उपस्थिति में जेसीबी से हटाए अवैध निर्माण, रेस्टोरेंट पर 20 हजार रुपए का जुर्माना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में सड़क चौड़ीकरण के बाद यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने और दोबारा अतिक्रमण रोकने के लिए नगर निगम ने मंगलवार को महाकाल क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा की उपस्थिति में निगम की रिमूवल गैंग ने महाकाल चौराहा, चौबीस खंभा, हरसिद्धि की पाल, गुदरी चौराहा और गोपाल मंदिर क्षेत्र में नालियों के ऊपर बनाए गए ओटले, चढ़ाव, अवैध निर्माण और गुमटियों को जेसीबी की मदद से हटाया।नालियों और फुटपाथ पर अतिक्रमण से यातायात प्रभावित





कार्रवाई के दौरान दुकानदारों द्वारा नालियों के ऊपर ओटले और चढ़ाव बनाकर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों और अतिक्रमण गैंग को निर्देश दिए कि चौड़ीकरण वाले मार्गों पर लगातार निगरानी रखी जाए। कहीं भी दोबारा अतिक्रमण पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाए। आयुक्त ने कहा कि चौड़ीकरण वाले मार्गों पर किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण या अतिक्रमण स्वीकार नहीं किया जाएगा।

रेस्टोरेंट पर 20 हजार रुपए का जुर्माना- निगम आयुक्त के निर्देश पर गुदरी चौराहा स्थित एक रेस्टोरेंट के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी चौड़ीकरण वाले मार्गों का नियमित निरीक्षण किया जाए। नाली, फुटपाथ या सड़क के हिस्से पर अतिक्रमण मिलने पर उसे तत्काल हटाने के साथ नियमानुसार जुर्माना भी लगाया जाए। निगम के अधिकारी और रिमूवल गैंग रही मौजूद- कार्रवाई के दौरान अपर आयुक्त संतोष टैगोर, अधीक्षण यंत्री प्रमोद मालवीय, सहायक आयुक्त राघवेंद्र सिंह पालिया, उपयंत्री राजेंद्र रावत, सहित नगर निगम की रिमूवल गैंग मौजूद रही।

पूर्व भाजपा सांसद के काफिले की स्कॉर्पियों टकराई

कन्नौज। कन्नौज में भाजपा के पूर्व सांसद सुब्रत पाठक की एस्कॉर्ट में चल रही स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में एक हेड कॉन्स्टेबल की मौत हो गई। एक सिपाही और ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हैं। हादसा आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस और एक्सप्रेस-वे की टीम मौके पर पहुंची। घायलों को गाड़ी से निकालकर अस्पताल ले जाया गया। जहां घायल सिपाही और ड्राइवर का इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने क्रेन से स्कॉर्पियो को हटवाकर किनारे कराया। पूर्व सांसद सुब्रत पाठक इटावा से कन्नौज जा रहे थे। माना जा रहा है कि हादसे के वक्त सुब्रत पाठक के काफिले की स्कॉर्पियो की स्पीड 110 किमी से भी ज्यादा थी। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर माइलस्टोन-145 के पास ड्राइवर ने गाडी से नियंत्रण खो दिया। इसके बाद गाडी डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर के बाद स्कॉर्पियो के एयरबैग भी नहीं खुले। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड गए। हादसे के समय पूर्व सांसद सुब्रत पाठक की कार दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो से करीब 100 मीटर आगे चल रही थी। हादसे का पता चलते ही सुब्रत पाठक रुक गए। डायल-112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को हादसे की सूचना दी। इसके बाद सुब्रत पाठक और अन्य लोगों ने बडी मुश्किल से गाडी में फंसे सभी लोगों को बाहर निकाला। फिर हेड कॉन्स्टेबल अभिषेक त्रिपाठी (50), सिपाही कुंवरपाल (51) और ड्राइवर शरद प्रकाश (32) को अपनी गाड़ी से तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए। वहां डॉक्टरों ने अभिषेक त्रिपाठी को मृत घोषित कर दिया। अभिषेक फतेहपुर के रहने वाले थे। वहीं, एटा के रहने वाले सिपाही कुंवरपाल और औरैया निवासी ड्राइवर शरद प्रकाश गंभीर रूप से घायल हैं। दोनों को गंभीर हालत में कानपुर रेफर किया गया है। एसपी विनोद कुमार भी पुलिस फोर्स के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंचे।

ट्रेन पटरी से उतरी, दो डिब्बे डिरेल, कई ट्रेने डायवर्ट

अलवर। ईदगाह आगरा से बांदीकुई जा रही मेमू ट्रेन मंगलवार सुबह 11:20 बजे खेरली (अलवर) स्टेशन से करीब साढ़े तीन किलोमीटर पहले बेपटरी हो गई। ट्रेन की दूसरी बोगी के दो पहिए पटरी से नीचे उतर गए। अचानक तेज आवाज और झटके के साथ ट्रेन रुकने पर यात्री घबरा गए। हालांकि किसी यात्री के घायल होने की सूचना नहीं है। घटना की सूचना पर रेलवे के अधिकारी-कर्मचारी और [illegible] के जवान मौके पर पहुंचे। ट्रेन के गार्ड मनोज कुमार यादव ने बताया- ट्रेन सुबह 8:50 बजे आगरा से रवाना हुई थी। खेरली से करीब 3.5 किमी पहले बिजली के खंभा नंबर 96/8 के सामने दूसरी बोगी संख्या 228236/ के दो पहिए पटरी से उतर गए। सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारी, तकनीकी कर्मचारी और के जवान तुरंत मौके पर पहुंचे। एहतियात के तौर पर दोपहर करीब 1 बजे एंबुलेंस भी बुलाई गई। हादसे के चलते भरतपुर-बांदीकुई रेल मार्ग पर यातायात बाधित हुआ। 12548 गांधीधाम-आगरा छावनी सुपरफास्ट एक्सप्रेस को खेड़ली से वापस बांदीकुई भेजकर, बांदीकुई-अलवर-मथुरा रूट से आगरा के लिए डायवर्ट किया गया। अन्य प्रभावित ट्रेनों को भी वैकल्पिक मार्गों से निकाला जा रहा है। नदबई से खेरली के बीच लाइन शिफ्टिंग का काम चल रहा है, हालांकि पहिए उतरने के वास्तविक कारणों की रेलवे ने फिलहाल आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

हमलावर नशे में थी, खुद को पूर्व सीएम की भतीजी बताया

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर उनके घर के पास मंगलवार शाम एक महिला ने चाकू से हमला करने की कोशिश की। घटना शाम करीब 6 बजे की है, जब ममता अपने कालीघाट स्थित आवास के पास दुर्गा पंडाल का उद्घाटन करने जा रही थीं। ममता इस घटना में घायल नहीं हुईं। घटना के बाद उन्होंने पूजा पंडाल का उद्घाटन किया और फिर अपने आवास लौट गईं। की पूर्व राज्यसभा सांसद डोला सेन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के मुताबिक, आरोपी महिला का नाम तनिष्ठा साहा है। वह इलाके में सिविक वॉलंटियर के तौर पर जानी जाती है। सेन ने आरोप लगाया कि महिला नशे की हालत में गाली-गलौज कर रही थी और चाकू लेकर ममता की ओर बढ़ने की कोशिश कर रही थी। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है। बंगाल की पूर्व ममता बनर्जी को ‘+ कैटेगरी की सुरक्षा मिली हुई है। यह भारत में दी जाने वाली उच्चतम सुरक्षा श्रेणियों में से एक है। यह सुरक्षा आमतौर पर उन लोगों को दी जाती है, जिन्हें सुरक्षा एजेंसियों के आकलन के मुताबिक गंभीर खतरा हो सकता है।

पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा 15 मिनट लिफ्ट में फंसे

ग्वालियर। ग्वालियर में सोमवार शाम पूर्व गृहमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा लिफ्ट में फंस गए। वे जयेंद्रगंज में इंग्लिश कोचिंग क्लासेस की नई ब्रांच का उद्घाटन करने पहुंचे थे। पहले फ्लोर से तीसरे फ्लोर पर जाते समय लिफ्ट दूसरे फ्लोर पर तकनीकी खराबी के कारण अटक गई। करीब 10 से 15 मिनट बाद कर्मचारियों ने दरवाजा खोलकर उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार, ग्वालियर नंबर 01 स्पोकन इंग्लिश क्लासेस की नई ब्रांच का शुभारंभ लश्कर क्षेत्र में जयेंद्रगंज स्थित संजय कॉम्प्लेक्स के सामने वाली बिल्डिंग में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा थे। वे शाम को कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और पहले फ्लोर से तीसरे फ्लोर पर स्थित कोचिंग सेंटर जाने के लिए लिफ्ट में सवार हुए। लिफ्ट पहले फ्लोर से ऊपर की ओर बढ़ी और दूसरे फ्लोर पर पहुंचते ही तकनीकी खराबी के कारण झटके के साथ रुक गई। इससे अंदर मौजूद लोग फंस गए। घटना की जानकारी मिलते ही बिल्डिंग के कर्मचारियों और आयोजकों में अफरा-तफरी मच गई।

जनसुनवाई में आवेदन देकर निष्पक्ष जांच और वैधानिक कार्रवाई की मांग



गुना। शहर में टोइंग क्रेन वाहन कर्मचारियों से आए दिन विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। पूर्व में भी एक कार चालक से विवाद हुआ था जिसमें एफआईआर भी की गई है। बताया गया है कि यातायात थाना गुना में पदस्थ प्रधान आरक्षक राजवीर भदौरिया ने ड्यूटी के दौरान अभद्रता, अश्लील गाली-गलौज, मारपीट के प्रयास, जान से मारने की धमकी देने तथा शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने के आरोपों को लेकर मंगलवार को जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित वैधानिक कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

आवेदन के अनुसार, 29 सितंबर 2026 को गुना के जज्जी बस स्टैंड के पास गुप्ता मोटर्स एवं कैपिटल बैटरी के सामने नो-पार्किंग में खड़ी एक कार के खिलाफ नियमानुसार टोइंग क्रेन से कार्रवाई की जा रही थी। इसी दौरान विवाद होने का आरोप है। प्रधान आरक्षक राजवीर भदौरिया के मुताबिक, संबंधित व्यक्ति ने मौके पर पहुंचकर उनके साथ गाली-गलौज की, मारपीट का प्रयास किया और जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस घटनाक्रम से शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। प्रधान आरक्षक ने आवेदन में बताया कि इस संबंध में पूर्व में थाना कोतवाली गुना में भी शिकायत प्रस्तुत की गई थी। अब जनसुनवाई के माध्यम से उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कराने, घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज सुरक्षित कर उनकी जांच करने तथा उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर उचित वैधानिक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। फिलहाल, आवेदन में लगाए गए आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

गुना डाक संभाग ने किया पोस्टल बिजनेश मीट 2026 का आयोजन

गुना। राष्ट्रीय डाक सप्ताह 2026 के अवसर पर मंगलवार अधीक्षक डाकघर ओपी चतुर्वेदी की अध्यक्षता में गुना डाक संभाग द्वारा पोस्टल बिजनेश मीट का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि प्रवीण बेसला सहायक निदेशक व्यापार एवं उद्योग केंद्र गुना रहे। कार्यक्रम में स्वागत भाषण राहुल जैन उप संभागीय प्रमुख गुना द्वारा दिया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा पीपीटी के माध्यम से शिकायत निरीक्षक सुश्री प्राची त्रिवेदी ने डाक विभाग की विभिन्न प्रकार की योजनाओं एवं अपनाए जाने वाली नवीन तकनीक के बारे मे विस्तार से बताया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राजकुमार मोहनानी सहायक निदेशक एमएसएमई इंदौर ने मध्यम उद्यम लगाने के लिए भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम को डाक निर्यात केंद्र गुना की महत्वपूर्ण ग्राहक श्रीमती पूजा खनूजा ने डाकघर की नवीन तकनीक को महत्वपूर्ण माना ओर सभी से डाक निर्यात केंद्र की सौगात के लिए डाक विभाग का आभार मानने के साथ ही डाक निर्यात केंद्र की सेवाएं लेने के लिए गुना की जनता का आह्वान किया। गुना शहर के सभी व्यापारियों से डाकघर की सेवाओं का लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयोजक श्री चतुर्वेदी अधीक्षक डाकघर गुना ने कार्यक्रम में पधारे शहर के सभी गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए, डाकघर की जनहितैषी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम में केमिस्ट एसोशिएशन के अध्यक्ष प्रद्युम्न जैन सचिव राकेश शर्मा, रॉयल ट्रेडिंग कंपनी से महेश वर्मा, स्पाइस बोर्ड के प्रतिनिधि, आईटीआई प्रिंसिपल सुश्री श्वेता कुशवाह, पवन बघेल, अशोकनगर जिले के आधा सैकड़ा के आसपास ग्राहक एवं व्यापारी एवं डाक कर्मी उपस्थित रहें।

बिहार के वैशाली में नाव पलटी, 13 की मौत-20 युवक और बच्चे सवार थे



हाजीपुर बिहार। वैशाली के राघोपुर में गंगा नदी में नाव पलट गई। हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई है। सभी की उम्र 10 से 18 साल बताई जा रही है। छोटी नाव से करीब 20 लोग सवार होकर दावत में जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। मृतकों में पिंकी कुमारी (13), अंकिता कुमारी (6), सुनीता कुमारी, आर्यन कुमार, अलीशा कुमारी (18), सिकी कुमारी, भोणू कुमारी और मीरा कुमारी शामिल हैं। बाकी शवों की पहचान की जा रही है।

वैशाली की डीएम वर्षा सिंह ने बताया है कि 7 घायलों को पटना के इलाज के लिए भेजा गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि रामपुर श्यामचंद पंचायत के भगतान टोला के माता महारानी स्थान के पास सिंघेश्वर राय के यहां दावत थी। छोटी नाव पर करीब 20 लोग इसमें जा रहे थे।हादसे में जान गंवाने वालों में लड़कियां ज्यादा हैं। एसडीआरएफ टीम रेस्क्यू के लिए पहुंच गई हैं। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव इस इलाके से विधायक हैं।

उन्होंने ने पर पोस्ट करके हादसे पर दुख जताया है। सीएम सम्राट चौधरी ने नाव हादसे को अत्यंत दुखद और हृदयविदारक बताया है। उन्होंने कहा, इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवारों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति दें। राज्य सरकार की ओर से मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की मुआवजा राशि दी जाएगी। प्रशासन को राहत एवं बचाव कार्य तेजी से पूरा करने और घायलों के बेहतर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। डीएम ने कहा- 7 लोगों को इलाज के लिए भेजा गया है। आज और कल दोनों दिन रेस्क्यू लगातार जारी रहेगा। जब तक सारी लाशें नहीं मिल जाती हैं।

पूर्व बांग्लादेशी एडवाइजर यूनुस को लोगों ने आतंकवादी कहा

न्यूयॉर्क। बांग्लादेश के पूर्व चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस को अमेरिका के न्यूयॉर्क एयरपोर्ट पर विरोध का सामना करना पड़ा। एयरपोर्ट पर मौजूद कुछ लोगों ने उन्हें घेर लिया और 'आतंकवादी' कहा। लोगों ने उन पर बांग्लादेश में हत्याएं कराने और लोकतंत्र को बर्बाद करने के आरोप लगाए। उन्होंने यूनुस से कहा कि तुम यहां क्यों आए हो, वापस जाओ। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में कुछ लोग यूनुस के खिलाफ नारे लगाते और उन पर सवाल उठाते नजर आ रहे हैं। हालात को देखते हुए यूनुस और उनकी सहयोगी लामिया मोर्शेद को एयरपोर्ट के अंदर वापस ले जाया गया। प्रदर्शनकारियों ने यूनुस पर हजारों पुलिसकर्मियों की मौत के लिए जिम्मेदार होने का आरोप लगाया। उन्होंने यह दावा भी किया कि बांग्लादेश में करीब 2 लाख लोगों को गिरफ्तार किया गया है। विरोध करने वालों की पहचान नहीं हुई है। बांग्लादेश के एक मीडिया संस्थान ने उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग का समर्थक बताया है। बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान के सलाहकार जाहेद उर रहमान ने मंगलवार को कहा कि न्यूयॉर्क एयरपोर्ट पर मोहम्मद यूनुस को घेरने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने इस घटना को 'अवामी लीग का आतंक' बताया। जाहेद ने विदेशों में रहने वाले अवामी लीग के सदस्यों को चेतावनी दी कि अगर उन्होंने ऐसी हरकत की, तो उन्हें भी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि यूनुस का विरोध करने वालों पर किस कानून के तहत कार्रवाई होगी। शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद 8 अगस्त 2024 को मोहम्मद यूनुस ने अंतरिम सरकार की कमान संभाली थी। उनके कार्यकाल में बांग्लादेश में हिंसा नहीं रुकी। हिंदुओं और उनके धार्मिक स्थलों पर हमले हुए, लोगों को गिरफ्तार किया गया और हिरासत में मौतों के मामले सामने आए।अवामी लीग ने आरोप लगाया कि यूनुस सरकार ने उसके नेताओं और समर्थकों को निशाना बनाया।

वन गमन और केवट संवाद की लीला का हुआ मंचन

गुना। सार्वजनिक श्री रामलीला एंव दशहरा पर्व समिति पुरानी गल्ला मंडी गुना के तत्वावधान में चल रही रामलीला के सातवे दिन की लीला में राम वनवास और केवट संबाद की लीला का मंचन किया गया। जिसमें प्रभु श्रीराम, सीता और लक्ष्मण के साथ वनवास में गंगा किनारे पहुंचते हैं जहां राम जी को गंगा पार जाना होता है, लेकिन निषाद राज केवट पहले उनके चरणों को पखारना चाहता है क्योंकि मन में यह विश्वास की श्री राम के चरणों के स्पर्श से पत्थर भी सुंदर स्त्री में बदल गया। राम जी के चरण स्पर्श से कहीं उसकी लकड़ी की नाव भी सुंदर स्त्री न बन जाए. कि इसलिए केवट राम जी के चरण पखारना के लिए आढ़ जाता है। कहता है पहले चरण पकारूंगा इसके बाद गंगा पार कराऊंगा केवट की इस इच्छा को राम जी पूरा करते हैं। जिससे वह प्रसन्न होकर परिवार एवं बंधु बांधवों कुटुंब सहित गंगा जल से राम जी के पाँव पाखरे और चरणामृत लिया।

जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आवास फाइनेंसर्स लिमिटेड की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, भवन क्रमांक 01 वार्ड क्रमांक 04, जबरन कॉलोनी गली नम्बर 02 नागदा, उज्जैन (म.प्र.) उपरोक्त वर्णित संपत्ति राजेश चावडा पिता रामलाल को पैनक सम्पत्ति के रूप में प्राप्त हुई है जिंसकी चर्तुसींमा पूर्व में- रईस खान, पश्चिम में- आम रास्ता, उत्तर में- कैलाश खिची पिता भावसिंह, दक्षिण मे- मांगीलाल पिता तुलसीराम है तथा जिसका कुल क्षेत्रफल 625 वर्गफीट है। उपरोक्त सम्पत्ति परं राजेश चावडा पिता रामलाल एवं श्रीमती अनिता पति राजेश चावडा द्वारा ऋण प्राप्त करने हेतु आवास फाइनेंसर्स लिमिटेड में आवेदन किया गया है तथा फायनेन्स द्वारा ऋण स्वीकृत किया जा रहा है। अत: सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, शासन या अन्य कोई ऋण, भार, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज, आयद हो या किसी प्रकार का टैक्स, कर, प्रभार बकाया हो या उक्त संपत्ति में किसी का स्वत्व, हित, क्लेम, कब्जे के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात दिवस में सप्रमाण मुझे लिखित आपत्ति पेश करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा बाद अवधि आवास फाइनेंसर्स लिमिटेड द्वारा उपरोक्त सम्पत्ति पर ऋण प्रदाय करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति शून्य व अमान्य मानी जावेगी। अत: सूचित हो।

इति दिनांक 13/10/2026

नीरज सक्सेना (एडवोकेट)
ए-18 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन
मो. 97130-96363, 97130-15515

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती प्रीति जैन पति श्री प्रसन्न कुमार, निवासी- 14, राजस्व कालोनी, उज्जैन द्वारा श्री निखिल जोशी पिता स्व. डॉ. महेश जोशी, निवासी 201, सेठीनगर, उज्जैन से उनके स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य का भूखण्ड कमांक 91 जो कि सेठीनगर, उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है, जिसकी चर्तुसीमा में पूर्व मैं- भवन कमांक 92, पश्चिम में- रास्ता कालोनी का, उत्तर में- भवन क्रमांक 90 एवं दक्षिण में- रास्ता कालोनी का मिला है, को क्रय किया जा रहा है, उक्त सम्पत्ति को श्री निखिल जोशी की माताजी स्व. श्रीमती अमिता जोशी द्वारा इसके पूर्व स्वामी श्रीमती चन्द्रकला हिरवे पति श्री अशोक कुमार हिरवे से जरिये रजिस्टर्ड पंजीयन क्रमांक 1961 दिनांक 19.10.2010 द्वारा विधिवत क्रय किया गया है पश्चात स्व. श्रीमती अमिता जोशी का स्वर्गवास दिनांक 07. 04.2026 को हो गया है। स्व. श्रीमती अमिता जोशी द्वारा अपने जीवनकाल में एक नोटराईज वसीयतनामा संपादित कर उक्त सम्पत्ति को अपने पुत्र श्री निखिल जोशी को प्रदान कर दिया गया है तथा नगर पालिक निगम उज्जैन में सूचना पत्र प्रकरण क्रमांक 411/26/7 पीटी दिनांक 01.10.2026 से उक्त सम्पत्ति श्री निखिल जोशी के नाम पर दर्ज है। श्री निखिल जोशी द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार को अपनी बहन श्रीमती रश्मि मेहता की रजिस्टर्ड सहमति से विक्रय किया जा रहा है। मेरे पक्षकार ने उपरोक्त सम्पत्ति को क्रय करने हेतु आंशिक राशि अदा कर दी है तथा शेष राशि प्रदान करते हुए उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का संपादन कर उसे आई.सी.आई.सी.आई. बैंक में बंधक रखकर ऋण प्राप्त किया जाना शेष है। यदि उक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, वित्तीय संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार, हक, अधिकार या मतालबा हो या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, बोझ, पेनल्टी, दंड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो या उक्त वर्णित सम्पत्ति में किसी का कोई स्वत्व, हित, दान, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर अनिवार्यत: मुझे फोन पर सूचित कर पश्चात सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति पेश करें ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति स्वामी को विक्रय धन अदा किया जाकर उनसे विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जावेगा तथा उक्त सम्पत्ति आई.सी.आई.सी.आई. बैंक में बंधक रख दी जावेगी, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो। इति दिनांक 13-10-2026

प्रकाशचंद्र कुरील, एडव्होकेट
शॉप नं. 24, सी-21 मॉल, नानाखेड़ा उज्जैन
मो. 70679-09621

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती लीलाबाई पति श्री तोलाराम, निवासी-ग्राम उंटेसरा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) के द्वारा श्री गोरधन पिता श्री कितेसी, जाति पारदी, निवासी-ग्राम उंटेसरा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 118 रकबा 0.500 हेक्टेयर स्थित ग्राम उंटेसरा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है, को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रेतापक्ष ने मेरी पक्षकारा से विक्रय मूल्य की संपूर्ण राशि 10,00,000/- अक्षरी दस लाख रूपये अदा की जा चुकी है तथा जिस बाबत् एक अनुबंध पत्र दिनांक 16/06/2020 को सम्पादित किया गया था। उक्त कृषि भूमि पैटे कुछ भी राशि का लेन-देन मेरी पक्षकारा पर बकाया शेष नहीं रहा है। विक्रेता के द्वारा संपूर्ण विक्रय मूल्य की राशि प्राप्त करने के पश्चात् भी मेरी पक्षकारा के हित में उक्त कृषि भूमि का पंजीयन नहीं करवाया जाकर टालमटूल किया जा रहा है, जबकि उक्त कृषि भूमि पर मेरी पक्षकारा का ही स्वामित्व एवं आधिपत्य होकर मेरी पक्षकारा के द्वारा कृषि कार्य किया जा रहा है। उक्त कृषि भूमि को मेरी पक्षकारा के द्वारा क्रय कर लिया गया है, इसके बावजूद भी गोरधन पिता कितेसी के द्वारा रजिस्ट्री का सम्पादन नहीं कराई जाकर टालमटूल की जा रही है। जाहिर सूचना के माध्यम से अवगत कराया जाता है कि उक्त सर्वे नंबर 118 को गोरधन पिता केतसी से क्रय ना करे तथा ही किसी प्रकार का संव्यवहार करें, क्योंकि उक्त कृषि भूमि पर मेरी पक्षकारा ही स्वामित्व एवं आधिपत्य है, जिस बाबत् यह जाहिर सूचना पत्र प्रेषित् की जा रही है। सूचित हो। दिनांक 13-10-2026

बी.एल. चौहान कार्ट हाईकोर्ट एडवोकेट,
निवास एवं कार्यालय -संजय नगर, नानाखेड़ा, उज्जैन
(म.प्र.) मो. 9131222150

न्यायालय श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय, नागदा जिला उज्जैन म.प्र

भरतलाल..... अपीलार्थी
विरूद्ध
मानसिंह आदि..... प्रत्यर्थीगण

जाहिर सूचना

सूचित किया जाता है कि, माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के समक्ष प्रकरण कमांक 0030/अ-6 (अ)/2026-27 जो कि आवेदक / अपीलार्थी भरतलाल पिता रामरतन निवासी ग्राम बैरछा तहसील नागदा जिला उज्जैन के द्वारा प्रस्तुत किया गया है जिसमें आप महोदय प्रत्यर्थी क 1 सोनूबाई पिता शंभू गुर्जर 2. विष्णुबाई पिता शंभु गुर्जर, 3. मनीषा पिता शंभू गुर्जर, 4. रेणू पिता शंभू गुर्जर 5. सीमाबाई पिता शंभू गुर्जर समस्त 6. मानसिंह पिता शिवजी गुर्जर निवासीगण निवासी ग्राम अटलावदा तहसील नागदा जिला उज्जैन को पक्षकरा बनाया गया है। आप महोदयगणों को यह सूचित किया जाता है कि, इस न्यायालय के आदेश के पालन में आप महोदयगण इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के पश्चात आगामी पेशी दिनांक 23-10-2026 को इस न्यायालय में आवश्यक रूप से उपस्थित रहे। इस जाहिर सूचना के पश्चात भी यदि आप महोदयगण उपस्थित नही होते है तो अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध न्यायालय द्वारा वैधानिक कार्यवाही अग्रेषित की जावेगी। यह आज तारीख 07/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

अनुविभागीय अधिकारी
नागदा जिला उज्जैन म.प्र

न्यूज-कॉलम

विधायक ने वित्त मंत्री से अफीम नीति जल्द घोषित करने की मांग की

मन्दसौर। अफीम नीति 2026-27 अब तक घोषित नहीं होने से मंदसौर और नीमच सहित अफीम उत्पादक क्षेत्रों के किसानों में गहरी चिंता व्याप्त है। पिछले वर्ष सितंबर में नीति जारी होने के बावजूद इस वर्ष अक्टूबर शुरू होने पर भी नीति न आने से किसान असमंजस में हैं। क्षेत्र के विधायक विपिन जैन ने केंद्रीय वित्त मंत्री को पत्र लिखकर अफीम नीति शीघ्र घोषित करने की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि अक्टूबर के पहले और दूसरे सप्ताह में बुआई होने पर मौसम की अनुकूलता का लाभ मिलता है और उत्पादन बेहतर रहता है, जबकि देरी से फसल में रोग का खतरा और उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। इसके साथ ही कम वर्षा के कारण सिंचाई की समस्या तथा तौल और डोडा तुड़ाई के दौरान वजन प्रभावित होने की आशंका भी जताई गई है। उन्होंने मार्फिन की औसत सीमा कम करने, पुराने चीरा पद्धति के आधार पर पट्टे जारी करने और पूर्व में काटे गए सभी पट्टों को बहाल करने की मांग की है।

राष्ट्रीय पोषण माह में मंदसौर और नीमच रहे देश में सबसे आगे

मन्दसौर। राष्ट्रीय पोषण माह-2026 में मध्यप्रदेश ने पोषण जागरूकता और जनभागीदारी के प्रयासों में पूरे देश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। प्रदेश में 1 करोड़ 9 लाख से अधिक गतिविधियों की प्रविष्टियां दर्ज की गईं। इस उपलब्धि को विशेष बनाते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया के प्रभार वाले मंदसौर और नीमच जिलों ने राष्ट्रीय स्तर पर क्रमशः पहला और दूसरा स्थान हासिल किया है। इस वर्ष पोषण माह की थीम हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी रखी गई है, जिसके तहत आहार में विविधता, गर्म पका भोजन, सामुदायिक जवाबदेही और मातृ स्वास्थ्य जैसे पांच प्रमुख विषयों पर विशेष जोर दिया गया। मंदसौर जिले की इस शानदार सफलता का श्रेय जिला कलेक्टर के निर्देशन में किए गए उत्कृष्ट प्रयासों को जाता है।

नवरात्रि उत्सव में 172 बालिकाओं ने कराया पंजीयन

मन्दसौर। संस्था युवधर्म द्वारा आयोजित शक्ति की आराधना-आत्मरक्षा प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत बालिकाओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है और आयोजन के शुरूआती दो दिनों में ही 172 बालिकाओं ने अपना पंजीयन करवाया है। लगभग 25 प्रशिक्षकों द्वारा बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जूडो-कराटे, लाठी चलाने और तलवारबाजी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस आयोजन की मुख्य विशेषता यह है कि प्रतिदिन माँ दुर्गा की आरती में समाज के विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित मातृशक्तियों को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जा रहा है। प्रथम दिवस पर वाल्मीकि समाज और द्वितीय दिवस पर महिला अधिवक्ताओं ने सहभागिता की।

विहिप के केंद्रीय पदाधिकारी का मंदसौर प्रवास कल

मन्दसौर। विश्व हिंदू परिषद मालवा प्रांत अंतर्गत मंदसौर विभाग में संगठन के केंद्रीय अधिकारी एवं संयुक्त महामंत्री जी. स्थाणुमलयन का कल 15 अक्टूबर को प्रवास सुनिश्चित हुआ है। विभाग मंत्री अनुपाल सिंह झाला ने जानकारी दी कि पिपलिया मंडी के राठौर रिसोर्ट में नीमच एवं मंदसौर जिले के पदाधिकारियों, जिला कार्यकारिणी तथा प्रखंड टोली के सदस्यों की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की जाएगी। प्रवास के दौरान केंद्रीय अधिकारी प्रातःकाल भगवान पशुपतिनाथ जी के दर्शन एवं पूजन करेंगे, जिसके पश्चात पिपलिया मंडी पहुंचकर विभिन्न सत्रों में कार्यकताओं का मार्गदर्शन करेंगे। इस बैठक में सामूहिक भोजन, कार्यकर्ता परिवारों से संपर्क और संगठनात्मक विषयों पर चर्चा के बाद अधिकारी गंतव्य के लिए प्रस्थान करेंगे।

जिलास्तरीय अभा कालिदास समारोह 2026 संपन्न,

नीमच। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, नीमच में जिलास्तरीय अखिल भारतीय कालिदास समारोह 2026 के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों में संस्कृत भाषा, भारतीय संस्कृति एवं साहित्य के प्रति रुचि जागृत करना है।

डिजिटल अरेस्ट कर 55 लाख की साइबर ठगी : रतलाम पुलिस की कार्रवाई, हैदराबाद और कर्नाटक से तीन गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में रतलाम पुलिस ने 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर एक व्यवसायी से 55 लाख की साइबर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है। माणकचौक थाना और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ठगे गए पैसों में से 20 लाख की राशि खातों में होल्ड करवा ली है। साथ ही तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर हैदराबाद से दो और धारवाड़ (कर्नाटक) से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी (जो वर्तमान में कुवैत में मोटर पार्ट्स का व्यवसाय करते हैं) को 15 सितंबर को एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को मुंबई के कोलाबा क्षेत्र का पुलिस अधिकारी बताया। आरोपियों ने फरियादी पर पाकिस्तान की गुप्तचर संस्था से जुड़े एजेंट से बातचीत करने का झूठा आरोप लगाया।

डर का माहौल बनाने के लिए आरोपियों ने फरियादी को अलग-अलग नंबरों से वरिष्ठ अधिकारियों के फर्जी कॉल किए। 16 सितंबर को आरोपियों ने मामला एटीएस को ट्रांसफर करने का नाटक किया और व्हाट्सऐप वीडियो कॉल पर पुलिस वर्दी पहने व्यक्तियों से बात कराई। इसके बाद फर्जी स्नद्दक्र और सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के नकली लेटरहेड पर तैयार दस्तावेज भेजकर पीड़ित को डराया गया। जांच और सत्यापन के बाद पूरी राशि लौटाने' का झांसा देकर आरोपियों ने फरियादी से आरटीजीएस (क्रञ्जत्रस्) के माध्यम से कुल 55 लाख विभिन्न बैंक खातों में जमा करवा लिए।

ठगी का अहसास होने पर फरियादी द्वारा शिकायत दर्ज कराते ही थाना माणकचौक में मामला पंजीकृत किया गया। साइबर सेल की टीम ने तुरंत बैंक खातों के लेनदेन और धनराशि के प्रवाह की जांच की, जिससे 20 लाख की राशि को होल्ड करवाने में सफलता मिली।

बैंक खातों की कड़ियों को जोड़ते हुए पुलिस टीमों ने दबिश देकर तीन आरोपी कोडारी वेंकटेश पिता राजन्ना कोडारी निवासी तेलंगाना, अशोक अन्नया म निवासी मराठा कॉलोनी, धारवाड़ कर्नाटक, मीर यूसुफ पिता मीर आजम निवासी चार मीनार मदीना नगर हैदराबाद को गिरफ्तार किया।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के मार्गदर्शन में पुलिस टीम अब इस गिरोह के अन्य सदस्यों और पैसे के आगे के लेनदेन की गहनता से जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार के पुलिस/एजेंसी कॉल से न डरें और किसी भी संदिग्ध स्थिति में तुरंत निकटतम पुलिस स्टेशन या साइबर हेल्पलाइन पर संपर्क करें।

न्यूज कालम



रामपुरा पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध की प्रभावी कार्यवाही

नीमच। को जिला पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती हेमलता अग्रवाल एवं प्रभारी एसडीओपी मनासा श्रीमती शाबेरा अंसारी के मार्गदर्शन में अवैध शराब के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई इसी क्रम में थाना प्रभारी रामपुरा निरीक्षक निलेश सोलंकी के नेतृत्व में थाना रामपुरा पुलिस द्वारा दिनांक 12 अक्टूबर को ग्राम आमलिया में दबिश दी गई। पुलिस टीम द्वारा मौके पर अवैध रूप से शराब निर्माण हेतु तैयार किया गया लगभग 400 लीटर लहान बरामद कर नियमानुसार मौके पर नष्ट किया गया । साथ ही, उक्त कार्यवाही के दौरान अवैध शराब का परिवहन करते हुए आरोपी महेश पिता रामनिवासी मेघवाल उम्र 38 वर्ष निवासी रामपुरा के कब्जे से 10 लीटर अवैध हाथ भट्टी की कच्ची शराब जप्त कर आरोपी महेश के विरुद्ध आबकारी एक्ट में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रामपुरा निरीक्षक निलेश सोलंकी एवं थाना रामपुरा पुलिस टीम का सराहनीय योगदान रहा ।

जनसुनवाई में कलेक्ट्रेट पहुंचे 64 आवेदन, निराकरण के निर्देश दिये



मंदसौर। कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 64 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने जनसुनवाई के दौरान आए सभी आवेदनों की गंभीरता से सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान ग्राम सेमलिया हीरा के सूरज द्वारा भूखंड का कब्जा व पट्टा दिलाने, मल्हारगढ़ के प्रकाश द्वारा कृषि भूमि पर रास्ता खुलवाने और नारायणगढ़ के सुनील द्वारा शासकीय भूमि को संरक्षित करवाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किए गए, जिन पर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में भूमि सीमांकन, नामांतरण, विद्युत कनेक्शन और नक्शा दुरुस्ती से जुड़े कई अन्य मामले भी आए।

पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस ने कबड्डी प्रतियोगिता जीती



मन्दसौर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस मंदसौर में आयोजित जिला स्तरीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में मेजबान महाविद्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। फाइनल मुकाबला मंदसौर पीजी कॉलेज एवं गरोठ कॉलेज के बीच खेला गया, जिसमें पीजी कॉलेज ने बेहतरीन तालमेल, दमदार रेड और मजबूत रक्षात्मक प्रदर्शन के दम पर जीत हासिल की। गरोठ कॉलेज की टीम द्वितीय स्थान पर रही। समापन अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया और कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करते हैं।

लव मैरिज से नाराज पूर्व पति व रिश्तेदारों ने महिला और उसके पति का किया अपहरण

रतलाम। लव मैरिज करने से नाराज महिला के पूर्व पति और उसके रिश्तेदारों द्वारा एक दंपत्ति को अगवा कर उनके साथ बर्बरता और मारपीट करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपियों ने कमरे में बंद कर दंपति पर उबलता हुआ गर्म पानी डाल दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार, ग्राम चंदावतीगंज निवासी फरियादी अपनी पत्नी अल्का चारण के साथ पिछले कुछ दिनों से ग्राम धौंसवास में किराए के मकान में रह रहा था।

छात्राओं से कथित अनुचित व्यवहार के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा ने राहुल गांधी का पुतला फूंका

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



छात्राओं से कथित अनुचित व्यवहार एवं यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोपों के विरोध में मंगलवार को मंदसौर में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा जिला भाजपा कार्यालय से भारतमाता चौराहे तक विरोध मार्च निकाला गया। भारतमाता चौराहे पर पहुंचकर महिला मोर्चा की कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का पुतला दहन कर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि महिलाओं का सम्मान और सुरक्षा ही किसी सभ्य समाज की वास्तविक पहचान है। महिलाओं और छात्राओं से जुड़े गंभीर मामलों को राजनीतिक चश्मे से देखने के बजाय उनकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और अपराध साबित होने पर कानून के अनुसार कठोरतम दंड दिया जाना चाहिए।

महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रियंका गोस्वामी ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और स्वाभिमान से कोई समझौता नहीं हो सकता। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान जनक वातावरण निर्मित करने और उनकी आवाज को बुलंद करने के लिए निरंतर सक्रिय रहें। प्रदर्शन में जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, भाजपा जिला महामंत्री विजय सुराना, अनिल कियावत, विनय दुबेला, रानु भावसार सहित पार्टी पदाधिकारी एवं महिला मोर्चा की कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।



राज्य स्तरीय मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में डीपीएस के खिलाड़ियों ने जीते 9 पदक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर

भोपाल में आयोजित 5वीं राज्य स्तरीय एसक्यूएवाय मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में मंदसौर जिले की दलौदा स्थित दलौदा पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने मध्यप्रदेश के 25 जिलों के बीच कुल 8 स्वर्ण और 1 रजत पदक अपने नाम किए।

इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर विद्यालय ने प्रतियोगिता की रनर-अप ट्रॉफी हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। स्वर्ण पदक विजेताओं में जगदेव पंवार, चंद्रशेखर कुमावत, माधवराज भाटी, करण व्यास, भूपेंद्र पाटीदार, नैतिक राठौर, निलेश चौधरी और हरिओम पाटीदार शामिल हैं, जबकि कृष्णा कुमावत ने रजत पदक प्राप्त किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्रबंधन समिति और प्रशिक्षकों ने सभी को बधाई दी है।

महाराजा अग्रसेन की जयंती भव्यता के साथ मनाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

शहर के अग्रवाल समाज ने अपने पूज्य अग्रसेन महाराज की जयंती परंपरागत रूप से हर्ष उल्लास के साथ मनाई। इस अवसर पर रविवार को शोभायात्रा निकल गई जिसमें ऊंट, घोड़े डीजे, नासिक ढोल और महाराजा अग्रसेन की आकर्षक झांकी का दर्शनीय थी ।

शोभा यात्रा के दौरान मार्ग में इत्र और पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। पुरुष सफेद कुर्ता-पायजामा तथा महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुईं। अग्रवाल पंचायत भवन फव्वारा चौक से अग्रसेन वाटिका तक बाजार को आकर्षक विद्युत सज्जा और तोरण द्वारों से सजाया गया । अग्रसेन वाटिका में ध्वजारोहण एवं आरती की गई।

इसके पश्चात अपराह्न चार बजे अग्रवाल पंचायत भवन (बारादरी) से अग्रकुल परिवार द्वारा अग्रवाल समाज के नेतृत्व में महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा निकाली गई । इस अवसर पर सामूहिक सहभोज का आयोजन भी किया गया। अग्रवाल समाज अध्यक्ष आर.वी. गोयल, सचिव नवीन गोयल , अग्रकुल क्लब अध्यक्ष आशीष अग्रवाल , सचिव अंकित बंसल और कार्यक्रम व्यवस्थापक कमल मित्तल ने कहा कि आयोजनों के दौरान व समापन अवसर पर समाजजनों ने उमंग , उत्साह और उल्लास के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर जयंती अवसर के आयोजनों को सफल बनाया।

जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 92 आवेदकों की समस्याएं

कलेक्टर ने अधिकारियों को समय-सीमा में आवेदनों का निराकरण करने के दिए निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच,



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 92 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का परीक्षण कर नियमानुसार समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने श्रीमती फरजाना बानो पति श्री जाखिर हुसैन निवासी जावद, श्री कमलेश एवं श्री शंकरलाल रेगर को रेडक्रॉस के माध्यम से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पात्र आवेदकों को नियमानुसार राहत उपलब्ध कराने तथा प्रकरणों का गंभीरता से परीक्षण करने के निर्देश भी दिए।

जनसुनवाई में आवेदक श्री बलराम बैरागी निवासी हनुमंतिया, तहसील जावद ने एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी से फसल बीमा क्लेम की राशि दिलाने, श्री राजू धाकड़ निवासी नयागांव, तहसील जावद ने शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने तथा श्री अमजद खान एवं श्री उस्मान खान निवासी नया बाजार, नीमच कैंट ने पट्टा प्रदान करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए द्य

कलेक्टर श्री चंद्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाया जाए तथा लंबित प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

डिवाइडर से टकराकर बाइक नदी में गिरी, 16 वर्षीय अयान की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

जिले की सीमा पर रेतम नदी के समीप दर्दनाक हादसा हो गया। बाइक पर सवार दो 16 वर्षीय बालक हादसे का शिकार हो गए। टर्न पर बाइक डिवाइडर से टकराकर नदी में जा गिरी। हादसे में एक बालक नदी में गिर गया, जबकि अन्य दूसरा नदी के किनारे पर जा गिरा।

घटना में कनघट्टी निवासी अयान पिता आशिक हुसेन की डूबने से मौत हो गई। इसके बाद परिजनों का गम से हाल बेहाल है द्य मिली जानकारी के अनुसार पिपलियामंडी थाना क्षेत्र के गांव कनघट्टी निवासी गौरी बस संचालक आशिक हुसेनका 16 वर्षीय पुत्र अयान और पूनमचंद धोबी का 16 वर्षीय पुत्र सुनील बाइक से उगरान की ओर से अपने गांव कनघट्टी लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और नदी में जा गिरी। हादसे में अयान नदी में गिर गया, जबकि सुनील नदी के किनारे जा गिरा। बताया जा रहा है कि बाइक सुनील चला रहा था।

घटना के बाद मौके पर कुछ लोग एकत्रित हो गए, लेकिन शुरूआत में किसी को पता नहीं चल पाया कि अयान नदी में गिर गया है। कुछ देर बाद जब ग्रामीणों को इसकी जानकारी मिली तो नदी में उसकी तलाश शुरू की गई। इस दौरान कनघट्टी चौकीदार शौकत मंसूरी सहित ग्रामीणों ने अयान को नदी से बाहर निकाला।

पटाखों के अस्थायी लाइसेंस के लिए 22 अक्टूबर तक होंगे ऑनलाइन आवेदन

नीमच। दीपावली पर्व पर पटाखों के क्रय-विक्रय के लिए अस्थायी लाइसेंस जारी करने हेतु ऑनलाइन आवेदन 15 से 22 अक्टूबर तक किए जा सकेंगे। इस संबंध में अनुविभागीय दंडाधिकारी, उपखंड नीमच द्वारा संशोधित विज्ञप्ति जारी की गई है। पात्र आवेदकों को 2 नवंबर से 11 नवंबर तक की अवधि के लिए अस्थायी लाइसेंस जारी किए जाएंगे। पटाखों की अस्थायी दुकानें नीमच में स्वामी विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय (पीजी कॉलेज) के ग्राउंड, जीरन में दशहरा मैदान तथा ग्राम चीताखेड़ा में बस स्टैंड के पास स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल ग्राउंड पर लगाई जाएंगी। अस्थायी लाइसेंस के लिए आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन के साथ पासपोर्ट साइज फोटो एवं आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने होंगे। वर्ष 2025 में अस्थायी पटाखा लाइसेंस प्राप्त कर चुके व्यक्ति भी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन कर सकेंगे।

मेले में आज डांसिंग नाईट का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

नगर निगम द्वारा 11 से 20 अक्टूबर तक आयोजित श्री कालिका माता नवरात्री मेले में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में मेले के चौथे दिन 14 अक्टूबर बुधवार को निगम के सांस्कृतिक मंच पर कलाश्री ग्रुप गुजरात की डांसिंग नाईट का आयोजन किया गया है।

महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, निगम आयुक्त अनिल भाना, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, सामान्य प्रशासन समिति प्रभारी धर्मेन्द्र व्यास, राजस्व समिति प्रभारी दिलीप कुमार गांधी, क्षेत्रिय पार्षद एवं महापौर परिषद सदस्य अक्षय संघवी, विशाल शर्मा, क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती प्रीति कसेरा, महापौर परिषद सदस्य पप्पू पुरोहित, श्रीमती अनिता कटारा, मनोहरलाल राजू सोनी, रामू भाई डाबी, श्रीमती सपना त्रिपाठी, अक्षय संघवी, सामान्य प्रशासन समिति सदस्य परमानन्द योगी पंडित, बलराम भट्ट, श्रीमती कविता चौहान, श्रीमती धीरजकुवंर-किशोरसिंह राठौर, श्रीमती प्रीति-संजय कसेरा, श्रीमती कविता-सुनील महावर, श्रीमती मनीषा-विजयसिंह चौहान, राजस्व समिति सदस्य रणजीत टांक, योगेश पापटवाल, श्रीमती निशा-पवन सोमानी, श्रीमती स्मिता-राजेश माहेश्वरी, श्रीमती अनिता-वसावा, श्रीमती भावना-हितेश पैमाल, श्रीमती उमा-रामचन्द्र डोई एवं समस्त पार्षद एवं एल्डरमेन ने नागरिकों से अपील की है कि आज मेले में आयोजित डांसिंग नाईट में अधिक से अधिक की संख्या में उपस्थित रहकर आयोजित कार्यक्रमों को सफल बनावें।

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-3

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता-दिलीप पिता किशनलल जायसवाल क्रेता- मयंक पिता दिलीप जायसवाल पता- 23 प्रकोष्ठ क्रमांक एस-3 दिलीपसिंह कालोनी इन्दौर पिन-1000892124 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 3 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-3 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-3

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता-मनोहरलाल पिता हनुमान प्रसाद वर्मा क्रेता- मोहित पिता दिनेश पटेल पता- 257 सिरेमल बाफना मार्ग इन्दौर पिन- 1000990991 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 3 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-3 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-17

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- अजय पिता गुलाबचंद्र अग्रवाल क्रेता- वैभव मित्तल पिता विजय कुमार मित्तल पता-74 एव्रकोर प्रेमशांती रेसीडेंसी श्रीराम एनक्लेव इन्दौर पिन- 1003088719 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 17 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-17 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-17

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- तुषार कुमार क्रेता- निशा बिजौरे पति मयूर बिजौरे पता- 34 तुषार एवेन्यू भानगढ़ रोड इन्दौर पिन-1003017651 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 17 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-17 नगरपालिका निगम इन्दौर

दुर्गा वाहिनी का विशाल पथ संचलन 15 अक्टूबर को

महिदपुर। दिनांक 15 अक्टूबर को नवरात्रि के पंचम दिवस गुरुवार दुर्गा वाहिनी द्वारा विशाल पथ संचलन का आयोजन किया जा रहा है यह विशाल पथ संचलन शस्त्र पूजा के बाद चंद्रावती वाचनालय से दोपहर 11.30 पर घोष वाहिनी के साथ प्रारंभ होगा। नगर के प्रमुख मार्ग से होता हुआ पुनः चंद्रावती वाचनालय पर समाप्त होगा। संचलन में नगर एवं जिले के दायित्वधारी शामिल होंगे। संचलन में बालिकाएं घोष सहित भ्रमण करेगी। संचलन में सैकड़ों की संख्या में बालिकाएं दुर्गा वाहिनी मातृ शक्ति सम्मिलित होगी। दुर्गा वाहिनी की बहनों का ड्रेस कोड सफेद सलवार कुर्ता और केशरिया दुपट्टा रहेगा ।

गलगच का निधन

तराना। ग्राम पंचायत डोबड़ा गुर्जर के सरपंच हुकम सिंह गलगच के



पिता एवं पूर्व बार अध्यक्ष ओंकार सिंह गलगच के छोटे भाई नारायण सिंह गलगच (70) का निधन सोमवार को हो गया है। निवास स्थल से अंतिम यात्रा निकाली गई। जिसमें रहवासी परिजन आदि शामिल हुए एवं शांतिवन में श्रद्धांजलि अर्पित की।

स्वामित्व योजना की रजिस्ट्री प्रक्रिया का किया निरीक्षण

ब्यावरा। राजगढ़ कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने सोमवार को राजगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम टांडी पहुंचकर स्वामित्व योजना के तहत की जा रही रजिस्ट्रियों की प्रक्रिया का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर चल रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों से योजना की प्रगति के संबंध में चर्चा की। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वामित्व योजना के अंतर्गत रजिस्ट्री संबंधी कार्य शासन के निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कार्य में पारदर्शिता बनाए रखने, आवश्यक अभिलेखों की जांच करने तथा पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ सुगमता से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन द्वारा स्वामित्व योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं हितग्राहियों को योजना का लाभ सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

अग्रवाल समाज ने मनाई महाराजा अग्रसेन जयंती

सुसनेर। रविवार को मेला ग्राउंड स्थित पद्मनाथ जी के मंदिर में अग्रवाल समाज द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाजजनों ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर आरती की। इसके पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। आयोजन में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे और महाराजा अग्रसेन को नमन कर उनके आदर्शों को स्मरण किया।

15 को सोनी का पदभार ग्रहण समारोह

सुसनेर। 15 अक्टूबर को नगर परिषद सुसनेर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप सोनी का पदभार ग्रहण समारोह, बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित सुसनेर के नवीन पेट्रोल-डीजल पंप का उद्घाटन और किसान सम्मेलन शामिल हैं। कार्यक्रमों में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान, सांसद रोडमल नागर और क्षेत्रीय विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। कार्यक्रम भाजपा जिला अध्यक्ष ओम मालवीय की अध्यक्षता में आयोजित किए जाएंगे।

आज शासकीय आईटीआई में जिला स्तरीय युवा संगम

ब्यावरा। राजगढ़ जिला रोजगार कार्यालय द्वारा जिले के युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 14 अक्टूबर को जिला स्तरीय युवा संगम का आयोजन किया जाएगा। युवा संगम प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक शासकीय आईटीआई ब्यावरा के नवीन भवन इंदौर हाईवे ब्यावरा में आयोजित होगा। युवा संगम में लगभग 8 कंपनियां भाग लेंगी। विभिन्न रोजगार क्षेत्रों जैसे इलेक्ट्रिकल, ऑटोमोबाइल, प्रोडक्शन आदि में 600 से अधिक रिक्तियां उपलब्ध हैं।

शहीद संकल्प दिवस: क्षेत्र में गूंजा शहीदों के सम्मान और राष्ट्रसेवा का संकल्प

वीर माता-पिता का लिया आशीर्वाद, पलदुना में शिवाजी और अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

शहीद संकल्प दिवस के अवसर पर शहीद समरसता मिशन के केंद्रीय समन्वयक टोली के सदस्य प्रकाश गौड़ ने मिशन के साथियों के साथ उज्जैन स्थित शहीद गजेंद्र राव सुर्वे जी की स्मृति में निर्मित राष्ट्र शक्ति मंदिर पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान शहीद के वीर माता-पिता से आत्मीय भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा अमर बलिदानी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

इसके पश्चात मिशन के साथियों ने उज्जैन के पलदुना में छत्रपति शिवाजी महाराज, अमर



शहीद भगतसिंह एवं शहीद राकेश जावदार के स्मारकों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान राष्ट्रनायकों के शौर्य, त्याग और राष्ट्र के प्रति समर्पण का स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया गया।

शहीद समरसता मिशन के संस्थापक मोहन नारायण गिरि की प्रेरणा से प्रतिवर्ष 11 अक्टूबर को शहीद संकल्प दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर देशभर में मिशन के साथी शहीदों, क्रांतिकारियों एवं राष्ट्रनायकों के स्मारकों और प्रेरणा स्थलों पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ सेवा गतिविधियों में भाग लेते हैं। इसका उद्देश्य शहीदों के बलिदान को जनमानस की स्मृतियों में जीवंत बनाए रखना और उनके सपनों का समरस, सशक्त एवं समृद्ध भारत बनाने के लिए समाज को प्रेरित करना है।

शहीद संकल्प दिवस का संदेश है कि शहीदों का सम्मान केवल स्मारकों पर पुष्प अर्पित करने तक सीमित न रहे, बल्कि उनके आदर्श हमारे आचरण और राष्ट्रसेवा के कार्यों में भी जीवित रहें।

2007 से राष्ट्रसेवा के पथ पर अग्रसर

2007 से राष्ट्रसेवा के पथ पर अग्रसर है मिशन शहीद समरसता मिशन वर्ष 2007 से 'राष्ट्राय स्वाहा' के ध्येय और 'सर्वोच्च बलिदान को सर्वोच्च सम्मान' के संकल्प के साथ कार्य कर रहा है। मिशन शहीद परिवारों के सम्मान एवं सेवा और सामाजिक समरसता को मजबूत करने के लिए देशभर में सक्रिय है।



विश्वकर्मा पांचाल समाज आलोट जागीर द्वारा विश्वकर्मा पूजन का आयोजन

उन्हेल। विश्वकर्मा पांचाल समाज आलोट जागीर एवं करनावद द्वारा बड़े हर्ष एवं उत्साह के साथ दूसरे वर्ष की 12वीं अमावस्या विश्वकर्मा पूजन का आयोजन भेरुलाल पांचाल की ओर से किया गया और चर्चा की गई की पूजन कार्यक्रम के दौर में आगामी अमावस्या से तीसरे वर्ष में प्रवेश करने जा रहे हैं। साथ ही राष्ट्रीय संगठन विश्वकर्मा वंशी सेना द्वारा इंदौर से प्रारंभ होने वाली मां त्रिपुरा सुंदरी भव्य चुनरी यात्रा का स्वागत ढोल-बाजे के साथ दोपहर 1.30 बजे किया गया साथ ही सभी यात्री एवं समाज बंधुओं को जल एवं चायपान करवाई। सभी समाजजनों का सहयोग रहा।

भट्ट विधान के साथ जीर्णोद्धार कार्य प्रारंभ



बडौद। श्री मन मोहन पार्श्वनाथ जिनालय जीर्णोद्धार का कार्य मालव भूषण प. पू. आचार्य भगवंत श्री नवरत्न सागर सूरीश्वरजी म. सा .के दिव्य आशीर्वाद तथा प. पू.आचार्य भगवंत विश्वरत्न सागर सूरी म.सा. की प्रेरणा एवं साध्वी भगवंत जिनकीर्ति श्रीजी म.सा. की शुभ निश्रा में तथा गिरीश भाई शाह मुंबई समस्त महाजन के मार्गदर्शन में आज भट्ट विधान कार्यक्रम के साथ जिनालय जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ हुआ। सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलन का लाभ रुक्माबेन मांगीलाल घुघरिया परिवार द्वारा लिया गया । साध्वी भगवंत द्वारा तीनों गर्भ गृह की शिला की शांतिधारा अभिषेक सह अष्ट प्रकारी पूजन सभी शिला लाभार्थी परिवारों द्वारा की गई । जैसे ही शिला अपने स्थान पर रखी गई, वैसे ही जय जय श्री पार्श्वनाथ के नारों से गगन गूंज उठा। इस अवसर पर प्रातः नवकारसी का आयोजन ज्ञानचन्द बसंतीलाल चौधरी परिवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंदिर शिल्पशास्त्री निसर्ग भाई अहमदाबाद से विशेष रूप से पधारे। आरती का लाभ बिरदीचन्द्र भेरूलालजी कंठाली परिवार तथा मंगल दिवो का लाभ नन्दलाल भेरूलालजी नरवाया परिवार द्वारा लिया गया।

भारतीय किसान संघ ने बिजली ग्रिड पर धरना देकर ज्ञापन दिया



बडौद। सोमवार को भारतीय किसान संघ बडौद के द्वारा रबी फसल को देखते हुए तहसील क्षेत्र में सभी इरिगेशन फीडरों की लाइनों का पेट्रोलियम किसानों के खेत खाली होने के कारण एक सप्ताह के अंदर प्रमुखता से किया जाए जिससे किसानों को आने वाले रबी सीजन में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े और बिजल सुचारू मिल सके। इसके पूर्व भी 7 अगस्त को भी ज्ञापन दिया गया था लेकिन आज तक समस्या का उकोई समाधान नहीं हुआ इसी के साथ किसानों को 10 घंटे बिजली मिले ऐसी व्यवस्था की जाय आदि मांगो को लेकर ज्ञापन दिया गया और समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी शासन की होगी। इस अवसर पर किसान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विक्रमसिंह आजना, गोवर्धन सिंह , ईश्वर सिंह, नागु सिंह, लक्ष्मण सिंह, प्रभारी रमेश लववंशी आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

सेन्ट मार्टिन के विद्यार्थियों का चार दिवसीय शैक्षणिक टूर सम्पन्न



बड़नगर। सेन्ट मार्टिन स्कूल के विद्यार्थियों ने गत दिवस चार दिवसीय गोआ के शैक्षणिक टूर का भ्रमण कर पुनः बड़नगर आये । टूर का मुख्य उद्देश्य, विद्यार्थियों को भारत के दर्शनीय एवं ऐतिहासिक धरोहरों से परिचित करवाना था। सेन्ट मार्टिन की प्राचार्या जेनेट जॉर्ज ने बताया कि विद्यार्थियों को गोआ के प्रसिद्ध साईं बाबा के मंदिर , आगवाड़ा का ऐतिहासिक किला , सेन्ट जेवियर चर्च , अगवाड़ा बीच , स्पाइस ऑफ गार्डन, वाघा बीच एवं अन्य पर्यटन स्थल का भ्रमण करवाया गया जिनको विद्यार्थियों ने बड़ी उत्सुकता से इन सभी ऐतिहासिक एवं दर्शनीय स्थलों के बारे में जाना। विद्यार्थियों ने समुद्र में क्रूज बोट के सफर का भी आनंद लिया। टूर के संयोजक स्कूल संचालक एंथोनी जॉर्ज ने बताया कि हमारी यात्रा बहुत ही रोचक एवं ज्ञानवर्धक रही भविष्य मे भी ऐसी यात्राओं का आयोजन करते रहने की बात कही उन्होंने बताया कि केवल किताबी ज्ञान ही विद्यार्थियों के लिए कॉफी नही होती बच्चो को बाहरी सांसारिक , ऐतिहासिक ओर रोमांचक ज्ञान की भी आवश्यक्ता है। इस शैक्षणिक टूर में 75 विद्यार्थी 15 शिक्षको सहित कुल 90 लोग शामिल थे। अभिभावकों द्वारा भी स्कूल द्वारा ऐसे सफल आयोजन की प्रशंसा की गई।

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुदवास में बाल कैबिनेट का चुनाव संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बडौद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुदवासब्लॉक बड़ोद में बाल कैबिनेट का चुनाव संपन्न हुआ जो गुप्त मतदान से गिरिराज विश्वकर्मा बने बाल कैबिनेट के प्रधानमंत्री, 237 विद्यार्थियों ने किया मतदान। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुदवास में विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया एवं निर्वाचन प्रणाली का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से बाल कैबिनेट का चुनाव लोकतांत्रिक पद्धति से संपन्न कराया गया। चुनाव में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

बाल कैबिनेट के प्रधानमंत्री पद के लिए गुप्त मतदान प्रक्रिया अपनाई गई। निर्वाचन को व्यवस्थित एवं




निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने में विद्यालय के शिक्षकों ने मतदान अधिकारी एवं पीठासीन अधिकारी के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। इस चुनाव में विद्यालय के कुल 237 छात्र-छात्राओं ने मतदान किया। मतगणना के बाद कक्षा 12वीं के विद्यार्थी गिरिराज विश्वकर्मा को 135 मत प्राप्त हुए, जबकि कक्षा 8वीं के विद्यार्थी पिंटू चंद्रवंशी को 99 मत मिले। कुल 3 मत निरस्त घोषित किए गए। इस प्रकार गिरिराज विश्वकर्मा को बाल कैबिनेट के प्रधानमंत्री पद पर निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन परिणाम घोषित होने के पश्चात उन्हें प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई गई। विद्यालय में आयोजित इस लोकतांत्रिक गतिविधि का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मतदान के महत्व, चुनाव प्रक्रिया, नेतृत्व क्षमता, उत्तरदायित्व एवं लोकतांत्रिक मूल्यों से परिचित कराना था।

भैंसवा बिजासन माता के चरणों तक पहुंचेगी आस्था की चुनर

- 101 मीटर की चुनर अर्पित कर भक्त मांगेंगे आशीर्वाद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

मां की चुनर, भक्तों का कारवां और जयकारों से गूंजती राहें: शारदीय नवरात्रि में सारंगपुर से भैंसवा माता धाम तक भक्ति का ऐसा ही नजारा देखने को मिलेगा। मां भैंसवा बिजासन महारानी के चरणों में 101 मीटर लंबी चुनर अर्पित करने के लिए शुक्रवार, 16 अक्टूबर को सुबह 8 बजे भव्य संगीतमय चुनर यात्रा निकाली जाएगी। मध्यप्रदेश शासन के राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल के नेतृत्व में निकलने वाली यात्रा में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल भी शामिल होंगे। नगर के सर्व हिंदू



समाज ने संजय विजयवर्गीय को यात्रा का प्रभारी बनाया है। ढोल-नगाडे, बैंड, आकर्षक झांकियां और भजन-कीर्तन के बीच निकलने वाली यह यात्रा श्रद्धालुओं के उत्साह और आस्था का केंद्र रहेगी। शीतला माता मंदिर से शुरू होकर यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी और भैंसवामाता धाम पहुंचकर विधि-विधान से मां को चुनर अर्पित की जाएगी।

बोतलों में बिक रहा पानी, जांच पर तीन साल से ताला

होटल-ढाबों से दुकानों तक मिलते-जुलते नामों की भरमार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

गर्मी हो या सफर, होटल-ढाबों से लेकर छोटी दुकानों तक पैक्ड पानी की बोतल हर जगह आसानी से मिल जाती है। बोतल पर छपा नाम और आकर्षक पैकिंग देखकर ग्राहक इसे सुरक्षित मानकर खरीद लेते हैं। लेकिन बोतल के भीतर भरा पानी कहां तैयार हुआ, उसकी गुणवत्ता की जांच कब हुई और वह पीने के लिए कितना सुरक्षित है, इन सवालों के जवाब उपभोक्ता को आसानी से नहीं मिलते। सारंगपुर क्षेत्र में पडताल में पैक्ड पानी की बिक्री और उसकी गुणवत्ता की निगरानी को लेकर गंभीर सवाल सामने आए हैं।

तीन साल में एक भी नमूना नहीं लिया

पडताल में सामने आया कि जिले में खाद्य एवं औषधि विभाग ने पिछले तीन साल में पैक्ड पेयजल के नमूने नहीं लिए हैं। पैक्ड पानी बनाने वाली इकाइयों और चिलिंग सेंटरों पर भी इस अवधि में कोई बडी विभागीय कार्रवाई सामने नहीं आई। अन्य तहसील में एक चिलिंग सेंटर बंद किया गया था,

विभागीय जानकारी के अनुसार, जिले में पैक्ड पेयजल की कोई बडी फैक्ट्री नहीं है। वहीं, चिलिंग सेंटर के संचालन के लिए खाद्य एवं औषधि विभाग से अलग लाइसेंस जारी नहीं होने और नगर पालिका स्तर से अनुमति की व्यवस्था होने की बात सामने आई है।

सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालु भक्तों के लिए ठहरने के लिए हाल निर्माण का भूमिपूजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

विश्व प्रसिद्ध महाकुंभ-2028 अवंतिका उज्जैन में लगने वाले सिंहस्थ पर्व का समय जैसे-जैसे नजदीक आता जा रहा है।

धार्मिक सामाजिक संस्थाएं और श्रद्धालुओं के मन में भी सेवा भाव को लेकर बहुत कुछ कार्य योजना मस्तिष्क में चल रही है। गत माह एक बैठक श्री चिंतामनेश्वर महादेव मंदिर विकास समिति देव कुआं सारंगपुर द्वारा आयोजित की थी, जिसके क्रियान्वयन में आज नवरात्रि दूज के पावन अवसर पर महादेव का अभिषेक एवं पूजन अर्चन पं.विष्णु प्रसाद जोशी के द्वारा यजमान राजन टेटवाल, रमेश चंद गुजरिया ने सपत्नीक



सभी पर्यावरण प्रेमी एवं चिंता महेश्वर महादेव मंदिर विकास समिति के सदस्य द्वारा की गई।

इस भूमि पूजन अवसर पर महेश पाटीदार, जितेंद्र सोलंकी, सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप सादानी, जगदीश चौरसिया, कैलाश पुष्पद भगत, कैलाश गोड, नंदकिशोर सोनी, राम नारायण टेटवाल, शिव सिंह चौहान, लक्ष्मीनारायण त्रिकार, जय हिंद प्रकाश दुबे मौजूद रहे।

श्री चिंता हरण हनुमान जी को चोला और अभिषेक चौधरी, कांतिलाल सूरजमल, अरविंद चौधरी द्वारा किया गया। इस मौके पर पूर्व प्रस्तावित बैठक का क्रियान्वयन भी मंदिर परिसर पर 14 बाय 18 का एक हॉल सिहस्थ आने जाने वाले श्रद्धालु भक्तों के लिए ठहरने और अन्य धार्मिक कार्य के लिए भूमि पूजन किया गया। यह निर्माण कार्य उनके द्वारा अनुमानित तीन लाख रुपए के सहयोग से किया जाएगा।

कृषक पुरस्कार के लिए 25 अक्टूबर तक कर सकते हैं आवेदन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।

परियोजना संचालक द्वारा बताया गया कि सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा योजना के अंतर्गत वर्ष 2026-27 के लिए जिला स्तरीय और विकासखण्ड स्तरीय सर्वोत्तम पुरस्कार दिए जाएंगे। फसल उत्पादन, उद्यानिकी, कृषि यंत्र, पशुपालन ओर मत्स्य पालन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसान निर्धारित फार्म 25 अक्टूबर तक विकासखण्ड स्तर पर आत्मा परियोजना के अतंर्गत बी.टी.एम को जमा कर सकते है एवं जिला स्तर पर जिला कार्यालय में जमा कर सकते है। सर्वाधिक अंक वाले 30 किसानों को विकासखण्ड स्तर पर 10-10 हजार रुपए एवं जिला स्तर पर 10 किसानों को 25-25 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाएगी।

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 16 अक्टूबर को तलेन में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के अंतर्गत जिले में प्रत्येक शुक्रवार को निर्धारित क्लस्टरों में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण, निरीक्षण, जनसंवाद एवं उद्यम संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उक्त अभियान के तहत आगामी 16 अक्टूबर को राजगढ़ विकासखंड अंतर्गत नगर परिषद तलेन में उद्यम संवाद आयोजित किया जाएगा। क्लस्टर में अमलार, बरनावद, बावडीखेडा, बैजड़, बुचाखेडी, इकलेरा, जंगीबड, कांसरोद, नहाली, पाडलियादान, पीपल्या तबक्कुल, टिकरिया, बकानी, बमोरासुखा, ढाबला, गागर, झाडपीपल्या, कंडारा कोठरी, पनवाडी, परसुखेडी, पीपल्याबिरम, रोसला, सुकली, उमरी, आंकखेडी, चाठा, हरलाय, कोडियागोड, कुकल्याखेडी, लसुडल्या जागीर, मण्डावर, निपानियागढी, नुन्याहेडी, पान्या, पीपल्या रसोडा एवं उमरिया ग्राम पंचायतें सम्मिलित हैं। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत निर्धारित भ्रमण क्षेत्रों में ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों से संबंधित सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई में लंबित शिकायतों तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की जाएगी। संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों का यथासंभव भ्रमण से पूर्व निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

अंजनीलाल धाम पर संस्कृति ज्ञान परीक्षा, संगीत और नृत्य प्रतियोगिताएं होगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।

श्री अंजनीलाल मंदिर ट्रस्ट द्वारा हर आयु के बच्चो में छुपी प्रतिभा को निखारने के लिये प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है. उपरोक्त परीक्षाएं नवरात्रि महोत्सव के दौरान मंदिर धाम पर आयोजित हो रही है।

नगर की प्रमुख धार्मिक एवं सामाजिक संस्था श्रीअंजनीलाल मंदिर ट्रस्ट नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर बच्चों, युवाओं के लिये विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कर रही है. संगीत, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा एवं त्वरित भाषण प्रतियोगिता के लिये अलग-अलग तिथियां निर्धारित की गई है। मंदिर ट्रस्ट द्वारा सर्वप्रथम 13 अक्टूबर को प्रातः 10.15 बजे भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन हुआ जबकि 14 अक्टूबर को सायंकाल 7 बजे गीत गायन प्रतियोगिता और 15 अक्टूबर को सायंकाल 7 बजे नृत्य प्रतियोगिता होगी।

ट्रस्ट परिवार द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में हर आयु वर्ग के बच्चो को प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है. 13 अक्टूबर को आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में रामचरित मानस, महाभारत, धर्म संस्कृति , महापुरुषों, वेद, पुराणों से जुड़े प्रश्न पूछे जायेंगे. 100 नम्बर का यह प्रश्न पत्र वस्तुनिष्ठ होगा. जिसमें प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प मौजूद रहेंगे. साथ में उत्तर पुस्तिका की एक सीट दी जायेगी जिसमें एक सही उत्तर के क्रम पर गहरा निशान करना होगा. इसमें कक्षा 9 से 12 वीं तक के छात्र-छात्राएं भाग ले सकेंगे। 14 अक्टूबर को सायंकाल 7 बजे गीत गायन और 15 अक्टूबर को नृत्य प्रतियोगिता होगी। इन प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को दो भागों में बांटा गया है. पहली से आठवी और नवीं से बारहवी कक्षा तक के बच्चे अपनी प्रस्तुति दे सकेंगे। सभी प्रतियोगिताओं के लिये नगर के सभी शासकीय एवं प्रायवेट विद्यालयों, महाविद्यालयों के प्रतिभागी भाग ले सकते है. इसके लिये कोई प्रवेश निःशुल्क है. निर्धारित समय पर प्रतिभागियों को श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर होंगी।

20 को बच्चों को पुरस्कृत किया जायेगा

प्रत्येक प्रतियोगिताओं में चयनित तीन प्रतिभागियों को सम्मानित किया जायेगा। 20 अक्टूबर को दशहरा पर्व के दिन क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों के हाथों चयनित बच्चों को पुरस्कृत किया जायेगा. मंदिर ट्रस्ट ने सभी स्कूल संचालकों से अपने विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को चयनित कर उपरोक्त प्रतियोगिताओं में भागीदारी निभाने हेतु प्रेरित करने का आह्वान किया है।

गरबा नाइट के लिए क्या खरीदें? लहंगा, घाघरा या चनिया चोली

नवरात्रि में गरबा या डांडिया नाइट्स का आयोजन हो रहा है। इस दौरान खूबसूरत गरबा लुक के लिए लहंगा, घाघरा और चनिया चोली पहनते हैं लेकिन तीनों में से अंतर क्या है।

रबा और डांडिया नाइट्स का सीजन आते ही सबसे पहला सवाल होता है, इस बार पहनें क्या? बाजार और ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म पर लहंगा, घाघरा और चनिया चोली के इतने डिजाइन नजर आते हैं कि कई बार इनके बीच अंतर समझना मुश्किल हो जाता है। खासकर पहली बार गरबा या डांडिया नाइट में शामिल होने वाली लड़कियों के लिए यह कन्फ्यूजन और बढ़ जाता है। देखने में ये तीनों आउटफिट भले ही एक जैसे लगें, लेकिन इनके स्टाइल, सिल्हूट, कढ़ाई और पारंपरिक पहचान में काफी अंतर हो सकता है। अगर आप भी नवरात्रि में गरबा खेलने के लिए आउटफिट खरीदने वाली हैं तो सिर्फ रंग और डिजाइन देखकर ड्रेस चुनने की बजाय यह समझना जरूरी है कि लहंगा, घाघरा और चनिया चोली आखिर होते क्या हैं? सही जानकारी होने पर आप न केवल अपनी पसंद का आउटफिट चुन पाएंगी, बल्कि गरबा के दौरान ऐसा लुक भी पा सकती हैं जो स्टाइलिश होने के साथ-साथ आरामदायक भी हो।

लहंगा क्या होता है?

लहंगा एक लंबी, फ्लेयर्ड स्कर्ट होती है जिसे आमतौर पर चोली और दुपट्टे के साथ पहना जाता है। आधुनिक फैशन में लहंगे के कई तरह के सिल्हूट देखने को मिलते हैं। जैसे ए-लाइन, फ्लेयर्ड, पैनल्ड और ज्यादा घेरट जैसे कई फैशन एलिमेंट्स हो सकते हैं। इसलिए अगर आप गरबा नाइट में वाले डिजाइन।




लहंगे की खासियत इसकी फिनिशिंग और डिजाइन की विविधता है। इसमें सीक्विन, जरी, मिरर वर्क, एम्ब्रॉयडरी और प्रिंट जैसे कई फैशन एलिमेंट्स हो सकते हैं। इसलिए अगर आप गरबा नाइट में ट्रेडिशनल के साथ थोड़ा ग्लैमरस लुक चाहती हैं, तो लहंगा एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

चनिया चोली किसे कहते हैं?

अब आते हैं उस आउटफिट पर जिसका नाम गरबा और नवरात्रि के साथ सबसे ज्यादा सुनाई देता है, चनिया चोली। गुजराती परंपरा से जुड़ी चनिया चोली में आमतौर पर चनिया यानी फ्लेयर्ड स्कर्ट और चोली यानी ब्लाउज शामिल होते हैं। इसके साथ दुपट्टा या ओढ़नी भी पहनी जा सकती है।

चनिया चोली की सबसे खास पहचान इसका रंगीन और जीवंत लुक है। मिरर वर्क, कच्छी कढ़ाई, पैचवर्क, ट्रेडिशनल मोटिफ्स, टैसल्स और चमकीले रंग इसे गरबा के लिए खास बनाते हैं।



फिर घाघरा क्या है?

घाघरा भी मूल रूप से एक लंबी और घेरदार स्कर्ट है। कई जगहों पर घाघरा और लहंगा शब्द एक-दूसरे के लिए भी इस्तेमाल किए जाते हैं, इसलिए इनके बीच बिल्कुल कठोर सीमा तय करना आसान नहीं है।फर्क अक्सर क्षेत्रीय परंपरा, सिल्हूट, कपड़े और स्टाइलिंग में दिखाई देता है। पारंपरिक घाघरे में ज्यादा लोकल या एथनिक टच देखने को मिल सकता है। अगर इसे कुर्ती, चोली या पारंपरिक ब्लाउज के साथ पहना जाए तो पूरा लुक ज्यादा देसी नजर आता है।



गरबा नाइट के लिए कौन सा आउटफिट चुनें?

अगर आपका फोकस पारंपरिक गुजराती गरबा लुक पर है, तो चनिया चोली सबसे स्पष्ट विकल्प हो सकता है। वहीं ज्यादा फैशनेबल और ग्लैमरस लुक चाहिए तो डिजाइनर लहंगा बेहतर लगूरत दिखना ही काफी नहीं है। कई घंटों तक डांस करने के लिए आउटफिट आरामदायक भी होना चाहिए। बहुत भारी लहंगा सकता है। घाघरा उन लोगों के लिए अच्छा विकल्प हो सकता है जो पारंपरिक और आरामदायक एथनिक लुक चाहती हैं। हालांकि गरबा में लगातार घूमने और डांस करने के कारण आउटफिट का घेर, वजन और फिटिंग जरूर जांचें।

खरीदते समय इन बातों का रखें ध्यान

गरबा या डांडिया के लिए सिर्फ खूबसूरत दिखना ही काफी नहीं है। कई घंटों तक डांस करने के लिए आउटफिट आरामदायक भी होना चाहिए। बहुत भारी लहंगा या अत्यधिक लंबा दुपट्टा डांस के दौरान परेशानी पैदा कर सकता है।

इसलिए शॉपिंग करते समय फैब्रिक, कमर की फिटिंग, घेर, वजन, ब्लाउज की फिटिंग और दुपट्टे की लंबाई जरूर देखें। ऐसा आउटफिट चुनें जिसमें आप आसानी से घूम और डांस कर सकें।

आखिर तीनों में सबसे बड़ा फर्क क्या है?

सीधी भाषा में समझें तो लहंगा और घाघरा मुख्य रूप से स्कर्ट या निचले परिधान के नाम हैं, जबकि चनिया चोली एक पूरे पारंपरिक आउटफिट को दशार्ता है जिसमें चनिया और चोली प्रमुख हिस्से होते हैं। हालांकि भारतीय फैशन में इन शब्दों का इस्तेमाल कई बार एक-दूसरे की जगह भी किया जाता है। इसलिए अगली बार शॉपिंग पर जाएं तो सिर्फ नाम देखकर कन्फ्यूज न हों। डिजाइन, फैब्रिक, सिल्हूट और सबसे जरूरी, आपके गरबा लुक की थीम देखकर आउटफिट चुनें।



डांडिया-गरबा नाइट में छा जाएगा आपका लुक

नवरात्रि में गरबा और डांडिया नाइट का उत्साह अलग ही होता है। रंग-बिरंगे लहंगे, चनिया चोली, खूबसूरत ज्वेलरी और ट्रेडिशनल हेयरस्टाइल के साथ मेकअप भी पूरे लुक को खास बना देता है। अगर आप इस गरबा नाइट पर कुछ ऐसा मेकअप करना चाहती हैं जो ट्रेडिशनल आउटफिट के साथ मॉडर्न टच भी दे, तो कुछ आसान मेकअप आइडियाज ट्राई किए जा सकते हैं।

गरबा नाइट के लिए मेकअप चुनते समय सबसे जरूरी है कि वह आपकी ड्रेस, ज्वेलरी और स्किन टोन के साथ अच्छा लगे। रातभर डांस और मस्ती के दौरान मेकअप ज्यादा फैलने से बचाने के लिए बेस को हल्का और अच्छी तरह सेट करना बेहतर होता है। आंखों के मेकअप में शिमर, कलरफुल आईलाइनर या बोल्ड काजल का इस्तेमाल फेस्टिव लुक को और आकर्षक बना सकता है।

होंठों के लिए आप क्लासिक रेड, डीप पिंक, बेरी या न्यूड शेड चुन सकती हैं। अगर आंखों का मेकअप बोल्ड है, तो लिप्स को थोड़ा सॉफ्ट रखना अच्छा संतुलन बना सकता है। सबसे जरूरी बात यह है कि मेकअप ऐसा हो जिसमें आप पूरी रात आरामदायक महसूस करें।

ग्लोइंग बेस मेकअप

गरबा नाइट के लिए बहुत ज्यादा हैवी बेस लगाने के बजाय हल्का और नेचुरल दिखने वाला बेस चुनें। सबसे पहले चेहरे को साफ करके मॉइस्चराइजर लगाएं। इसके बाद अपनी त्वचा के अनुसार बेस प्रोडक्ट लगाकर अच्छी तरह ब्लेंड करें। हल्का हाइलाइटर गालों के ऊपरी हिस्से और नाक के ब्रिज पर लगाया जा सकता है। इससे चेहरे पर फेस्टिव ग्लो आएगा।

Sport

पहली बार संभालेंगे कोचिंग की जिम्मेदारी; 2015 में दिल्ली ने 16 करोड़ में खरीदा था

दिल्ली कैपिटल्स के असिस्टेंट और बैटिंग कोच बने युवराज

एजेंसी ▸▸ ह्यूस्टन

पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के असिस्टेंट और बैटिंग कोच बन गए हैं। फ्रेंचाइजी ने मंगलवार को इसका ऐलान एक्स पर किया। युवराज पहली बार किसी टीम की कोचिंग करेंगे। टीम के हेड कोच सौरव गांगुली हैं। युवराज 2015 में दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए खेले थे। उस समय फ्रेंचाइजी ने उन्हें 16 करोड़ रुपए में खरीदा था। यह उस समय आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ी खिलाड़ी बोली थी। नई जिम्मेदारी मिलने पर युवराज ने कहा कि दिल्ली के साथ उनका पुराना जुड़ाव है। उन्होंने सौरव गांगुली के साथ काम करने को खास मौका बताया। युवराज ने कहा कि पहले वे गांगुली के साथ खिलाड़ी के तौर पर जुड़े थे, लेकिन अब दोनों कोच के रूप में साथ काम करेंगे। नई जिम्मेदारी मिलने पर युवराज ने कहा कि दिल्ली के साथ उनका पुराना जुड़ाव है। उन्होंने सौरव गांगुली के साथ काम करने को खास मौका बताया। युवराज ने कहा कि पहले वे गांगुली के साथ खिलाड़ी के तौर पर जुड़े थे, लेकिन अब दोनों कोच के रूप में साथ काम करेंगे।



2019 में लिया था क्रिकेट से संन्यास

युवराज ने 2008 से 2019 तक आईपीएल में हिस्सा लिया। अपने 12 साल के आईपीएल करियर में वे छह फ्रेंचाइजी से खेले। किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स), पुणे वॉरियर्स इंडिया, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, दिल्ली डेयरडेविल्स, सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस। उनका आईपीएल का आखिरी सीजन 2019 था। उस समय मुंबई इंडियंस का हिस्सा थे। मुंबई ने उस सीजन फाइनल में चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर अपना चौथा खिताब जीता था। युवराज ने 2019 में चार मैच खेले और 98 रन बनाए।

कैंसर के इलाज के कारण 2012 में आईपीएल नहीं खेले

युवराज के करियर में 2011 वनडे वर्ल्ड कप के बाद मुश्किल दौर आया। वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें कैंसर का पता चला और इलाज के लिए क्रिकेट से दूर होना पड़ा। उन्होंने अमेरिका में कीमोथेरेपी कराई और मार्च 2012 में इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी मिलने की जानकारी दी। इसी वजह से वे 2012 के आईपीएल सीजन में नहीं खेल पाए। युवराज भारत की 2007 टी-20 वर्ल्ड कप और 2011 वनडे वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम के सदस्य थे। 2007 के टी-20 वर्ल्ड कप में उन्होंने इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ओवर में छह छक्के लगाए थे। 2011 वनडे वर्ल्ड कप में युवराज ने 9 मैचों में 362 रन बनाए और 15 विकेट लिए। उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था।

रोनाल्डो का मैच मिसाइल हमले से प्रभावित

रियाद। सऊदी अरब के रियाद में हूती विद्रोहियों के मिसाइल हमले के खतरे के कारण एशियन फुटबॉल चैंपियंस ट्रॉफी का मैच एक घंटे देरी से शुरू हुआ। मुकाबले में क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीम अल नासर ने नफ्तची फरगाना को 3-1 से हराया। सऊदी लीडरशिप वाले सैन्य गठबंधन ने कहा कि उसने रियाद की ओर दागी गई हूतियों की बैलिस्टिक मिसाइल को रोककर नष्ट कर दिया। मैच अल-अव्वल पार्क में स्थानीय समयानुसार रात 9:15 बजे शुरू होना था। मुकाबला रात 10:15 में शुरू हो सका। रोनाल्डो ने पहले हाफ के अंत से ठीक पहले अपने करियर का 981वां गोल किया। मैच से कुछ देर पहले अऋछ के संवाददाताओं ने रियाद में धमाकों की आवाज सुनी। इसी दौरान शहर के लोगों के फोन पर हवाई खतरे का अलर्ट भी आया।

स्मृति मंधाना बैटिंग रैंकिंग में नंबर-1 पर बरकरार

नई दिल्ली। भारतीय ओपनर स्मृति मंधाना आईसीसी की विमेंस वनडे रैंकिंग में टॉप पर बरकरार है। वहीं भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा गेंदबाजी और ऑलराउंडर की रैंकिंग में टॉप-10 में शामिल एकमात्र भारतीय हैं। ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाज एलिस पेरी को रैंकिंग में दो स्थान का फायदा हुआ है। उन्होंने वनडे बल्लेबाजों की टॉप-10 लिस्ट में वापसी की है। ऑस्ट्रेलिया की खिलाड़ियों को बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन का फायदा मिला। ऑस्ट्रेलिया ने 3 मैचों की सीरीज के शुरूआती दोनों मुकाबले जीतकर 2-0 की बढ़त बना रखी है।

आवश्यकता है
होटल में सफाई व रूम सर्विस दिन और रात के लिए।
हिमालया गेस्ट हाउस
बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन
9669890245

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

आवश्यकता
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर की जो सभी कार्य कर सके आवश्यकता है।
संपर्क करे
9827820470

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

नैनो न्यूज

- **ऋषभ पंत चोट के कारण बाहर-** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत चोट के चलते न्यूजीलैंड दौरे पर भारत ए के शुरूआती दो मुकाबलों से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह कुमार कुशाग्र को टीम में शामिल किया गया है।
- **डेनमार्क ओपन में सिंधु की चुनौती-** डेनमार्क ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन भारतीय चुनौती पेश करेंगे। सिंधु का मुकाबला जर्मनी की यवोन ली से, जबकि लक्ष्य सेन का सामना चीनी ताइपे के चोउ तिएन चेन से होना है।
- **भारत की पैरा टीम के सामने चुनौतियां-** एशियाई पैरा खेलों से पहले भारतीय खिलाड़ियों को चयन विवाद, कोचिंग स्टाफ और प्रशासनिक मंजूरियों से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इससे कई खेलों की तैयारियां प्रभावित होने की चिंता है।
- **तुषार देशपांडे ने ली शानदार हैट्रिक-** मुंबई के तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे ने रणजी ट्रॉफी में चंडीगढ़ के खिलाफ सात ओवर में 17 रन देकर पांच विकेट लिए। उनके प्रदर्शन में हैट्रिक भी शामिल रही।
- **फुटबॉल लीग में मुकाबलों का रोमांच-** इंडियन सुपर लीग 2026-27 का नया सत्र शुरू हो चुका है। विभिन्न क्लब शुरूआती चरण में अंक जुटाने और लीग में मजबूत स्थिति बनाने के लिए मैदान पर उतर रहे हैं।

बावुमा की कप्तानी में टेस्ट हारा साउथ अफ्रीका

डरबन में ऑस्ट्रेलिया ने 214 से हराया, मैच में हेजलवुड को 8 विकेट

एजेंसी ▸▸ डरबन

टेम्बा बावुमा की कप्तानी में पहली बार साउथ अफ्रीका कोई टेस्ट मैच हार गया है। टीम को डरबन में हुए पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने 214 रन से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 390 रन बनाए थे। जवाब में साउथ अफ्रीका की टीम 284 रन पर ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 106 रन की बढ़त मिली। इसके बाद टीम ने दूसरी पारी 6 विकेट पर 314 रन बनाकर घोषित की और 421 रन का टारगेट दिया।

पांचवें दिन साउथ अफ्रीका की दूसरी पारी 206 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से जोश हेजलवुड ने मैच में 8 विकेट लिए। सीरीज का दूसरा टेस्ट 18 अक्टूबर से गेकेबेरा में खेला जाएगा। टेम्बा बावुमा की कप्तानी में साउथ अफ्रीका ने 12 टेस्ट खेले। इस दौरान टीम ने 11 मैच जीते। कप्तान के तौर पर पहली हार से पहले सबसे ज्यादा टेस्ट जीतने के मामले में बावुमा ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइक ब्रियरली को भी पीछे छोड़ा। ब्रियरली ने इंग्लैंड की कप्तानी करते हुए अपने शुरूआती 15 टेस्ट में 10 जीत दर्ज की थीं। साउथ अफ्रीका को घरेलू मैदान पर नवंबर 2024 के बाद पहली बार टेस्ट में हार मिली है। इससे पहले टीम ने अपने घर में लगातार चार टेस्ट जीते थे।



मार्करम ने सबसे ज्यादा 75 रन बनाए

साउथ अफ्रीका ने पांचवें दिन की शुरूआत 102/4 के स्कोर से की थी। एडेन मार्करम 45 और वियान मुल्डर 5 ने पारी को आगे बढ़ाया। मुल्डर 29 रन बनाकर आउट हुए। छठा विकेट काइल वेरेने का गिरा। उन्होंने 1 रन बनाया। इसके बाद मार्को यानसन 35, साइमन हार्मर 0, मार्करम 75 और एनरिक नोर्त्या 4 रन बनाए। केशव महाराज 1 रन बनाकर नाबाद लौटे। ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरा पारी में जोश हेजलवुड ने 6 विकेट लिए। उन्होंने पहली पारी में 2 विकेट लिए थे। ऑस्ट्रेलिया ने डरबन के किंग्समीड स्टेडियम में लगातार चौथा टेस्ट जीता है। टीम ने इस मैदान पर 2006 के बाद से अपना जीत का सिलसिला जारी रखा। कप्तान पैट कमिंस ने जीत के बाद रेनशॉ की पहली पारी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि रेनशॉ की पारी ने टीम को शुरूआती मुश्किल स्थिति से उबरने और मैच में बढ़त बनाए रखने में मदद की।

न्यूज कॉलम

मां वाग्देवी को अर्पित की 1111 मीटर लंबी चुनरी

धार। धार ऐतिहासिक भोजशाला में शारदीय नवरात्रि की तीसरी तिथि पर विशेष आयोजन हुआ। राजा भोज उद्यान से मां वाग्देवी को अर्पित करने के लिए 1111 मीटर लंबी चुनरी यात्रा निकाली गई। यात्रा में 2 हजार से अधिक महिला श्रद्धालु शामिल हुईं। रास्तेभर जगह-जगह फूलों की वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान भोज उत्सव समिति के सदस्य भी मौजूद रहे। ढोल-ढमाकों और धार्मिक उत्साह के बीच चुनरी यात्रा राजा भोज उद्यान से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए ऐतिहासिक भोजशाला पहुंची।

धार में 49 प्रतिशत कम बारिश, जल संकट गहराया

धार। धार जिले में कम बारिश के कारण जल संकट गहराने लगा है। इसका असर किसानों के साथ आम लोगों पर भी पड़ रहा है। खेतों की सिंचाई और पीने के पानी की उपलब्धता को लेकर चिंता बढ़ गई है। जिले में पिछले साल के मुकाबले इस साल अब तक 642.2 मिलीमीटर कम बारिश दर्ज की गई है। हालात को देखते हुए किसान और आम लोग जिले को सूखा घोषित करने की मांग कर रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2025 में जिले में 1298.6 मिलीमीटर बारिश हुई थी।

सरपंचों का प्रदर्शन, 10 दिन का अल्टीमेटम



पंचायती राज और वित्तीय अधिकार देने की मांग; आदेश नहीं हुए तो भूख हड़ताल करेंगे

झाबुआ। राष्ट्रीय सरपंच संघ के नेतृत्व में सरपंचों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष मुकेश मेड़ा के नेतृत्व में पहुंचे सरपंचों ने कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट और जिला पंचायत सीईओ जितेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने पंचायती राज व्यवस्था और वित्तीय अधिकार देने समेत कई मांगें रखीं। सरपंचों ने चेतावनी दी कि 10 दिन में मांगों पर आदेश जारी नहीं हुए तो कलेक्ट्रेट का घेराव कर भूख हड़ताल शुरू करेंगे। प्रदर्शन को थांदला विधायक वीरसिंह भूरिया का समर्थन मिला। सरपंचों ने ज्ञापन में पंचायती राज ग्राम स्वराज व्यवस्था फिर लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि सचिव और रोजगार सहायक की सीआर, वेतन और छुट्टी मंजूर करने का अधिकार ग्राम पंचायत को दिया जाए। साथ ही, पंचायतों को मौजूदा जनसंख्या के आधार पर राशि आवंटित करने की मांग रखी। सरपंचों ने 16वें और छठे वित्त आयोग की राशि सीधे ग्राम पंचायतों को देने की मांग की। इसके अलावा स्वच्छता के लिए 50 हजार रुपए का अनुदान जारी करने और वर्ष 2026-27 के एसओआर रेट लागू करने की मांग भी की।

देश-विदेश की नागर महिलाओं ने भेजीं प्रविष्टियां, बालिका वर्ग में उर्वी मेहता ने मारी बाजी

नागर ब्राह्मण महिला परिषद की संजा प्रतियोगिता में मधु नागर और प्रतिभा मण्डलोई प्रथम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश नागर ब्राह्मण महिला परिषद के तत्वावधान में प्रदेश अध्यक्ष सोनिया मण्डलोई की पहल पर 10 अक्टूबर 2026 को संजा बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रदेश सहित देश-विदेश में निवासरत नागर समाज की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में पारंपरिक गोबर से संजा बनाने के साथ ही ड्राइंग के माध्यम से भी संजा की आकर्षक कलाकृतियां प्रस्तुत की गईं।

प्रतियोगिता का आयोजन कार्यकारी अध्यक्ष नेहा मेहता, महासचिव प्रतिभा मेहता एवं अर्चना व्यास के सहयोग से किया गया। विभिन्न वर्गों में प्राप्त प्रविष्टियों का मूल्यांकन उर्मिला त्रिवेदी शाजापुर, सीमा आलोक नागर उज्जैन, कविता रावल इंदौर तथा पूनम मण्डलोई खण्डवा ने निर्णायक के रूप में किया।

ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रतिभा मण्डलोई अव्वल- महिला वर्ग की संजा ड्राइंग प्रतियोगिता में खण्डवा की प्रतिभा संजय मण्डलोई ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मलेशिया की पूजा रवि परोत और उज्जैन की नेहा अम्बरीष नागर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहीं। देवास की मोनिका मेहता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि खण्डवा की श्रीमती दर्शन ललित भट्ट को सांत्वना पुरस्कार मिला।



प्रथम मधु मनोज नागर, अभयपुर



सँजा ड्राइंग प्रथम प्रतिभा संजय मण्डलोई, खण्डवा



बालिका वर्ग प्रथम कु. उर्वी उत्सव मेहता, उज्जैन

बालिका वर्ग में पूर्वी मेहता प्रथम

बालिका वर्ग की ड्राइंग प्रतियोगिता में उज्जैन की पूर्वी उत्सव मेहता ने प्रथम, इंदौर की शर्वाणि मनीष नागर ने द्वितीय तथा उज्जैन की ब्रिशा राहुल मेहता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के माध्यम से संजा की पारंपरिक कला को प्रोत्साहित करने और नई पीढ़ी को सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का प्रयास किया गया। परिषद की ओर से सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

गोबर से संजा बनाने में मधु नागर प्रथम

महिला वर्ग की गोबर से संजा बनाने की प्रतियोगिता में अभयपुर की मधु मनोज नागर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शाजापुर की तृप्ति नवीन व्यास और नानपुर की पिंकी नागर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहीं। उज्जैन की सीमा मुरलीधर नागर को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

प्राकृतिक वादियों के साथ नदी-झरनों का आनंद ले सकेंगे पर्यटक, आसपास के घरों को बनाया होम स्टे

चोरल और कालाकुंड अब नए जंगल कैंपिंग डेस्टिनेशन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर से करीब 20 किमी दूर चोरल और कालाकुंड अब नए जंगल कैंपिंग डेस्टिनेशन के रूप में नजर आएंगे। पर्यटक यहां प्राकृतिक वादियों के साथ पहाड़ियों, नदी-झरनों व होम स्टे का आनंद ले सकेंगे।

यहां पहुंचने के लिए मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण (एमपीआरआरडीए) ने घने जंगल और वनौषधियों को सुरक्षित रखते हुए करीब 10 किमी लंबी बारहमासी सड़क बना दी है। अब यहां चोरल नदी पर चार ब्रिज बनाए जाएंगे, इनके निर्माण से बारिश में रास्ता बंद होने की समस्या दूर हो जाएगी। वहीं आसपास की पहाड़ियों में बसे आठ गांवों के लोगों को भी सालभर आवागमन की सुविधा मिल सकेगी। ब्रिज का काम इसी साल शुरू होने की उम्मीद है।



कालाकुंड प्राकृतिक वादियों, पहाड़ियों और आदिवासी ग्रामीण परिवेश के लिए जाना जाता है। यहां की पारंपरिक मिठाई कलाकंद भी खास पहचान है। विंध्याचल पर्वत श्रेणी की पहाड़ियों के बीच बसे इस क्षेत्र के सात से अधिक आदिवासी गांवों में 20 से अधिक होम स्टे हैं। रात्रि चौपाल में उठी थी नदी पर ब्रिज बनाने की मांग 30 मई को कलेक्टर शिवम वर्मा ने कालाकुंड में रात्रि चौपाल लगाई थी। इस दौरान ग्रामीणों ने चोरल नदी पर ब्रिज बनाने की मांग की थी। ग्रामीणों के लिए यह सिर्फ आवागमन का मामला नहीं, बल्कि बारिश में शहर और जरूरी सुविधाओं से संपर्क बनाए रखने का सवाल भी है। एमपीआरआरडीए के महाप्रबंधक लोकेंद्र मंडलोई के मुताबिक, चार ब्रिजों के निर्माण की निविदा प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसी वर्ष निर्माण कार्य शुरू करने की तैयारी है।

- स्कूल, आंगनवाड़ी और स्वास्थ्य केंद्र पहुंचना होगा आसान चोरल नदी पर चार ब्रिज बनने से पहाड़ी क्षेत्र के आठ गांवों के लोगों को स्कूल, आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र और राशन दुकानों तक पहुंचने में सुविधा होगी। अभी बारिश के दौरान नदी का जलस्तर बढ़ने पर रास्ता अवरुद्ध होने का खतरा बना रहता है।
- कलाकंद के साथ प्राकृतिक वातावरण, ग्रामीण परिवेश करेगा आकर्षित कालाकुंड में कई पशुपालक गाय और भैंस के दूध से पारंपरिक दानेदार कलाकंद बनाते हैं। इस मिठाई के साथ यहां का प्राकृतिक वातावरण और आदिवासी ग्रामीण जीवन पर्यटकों को आकर्षित कर सकता है। ब्रिज निर्माण से सड़क मार्ग की पहुंच और बेहतर हो जाएगी।

मिलिंद महाजन के शोरूम विवाद में करोसिया को झटका

पुलिस अफसरों पर कार्रवाई की मांग को कोर्ट ने किया खारिज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन के बेटे मिलिंद महाजन के ऑटोमोबाइल शोरूम से जुड़े विवाद में पुलिस अधिकारियों को कोर्ट से राहत मिली है। विशेष एससी-एसटी न्यायालय ने सोमवार को सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष प्रताप करोसिया की ओर से दायर परिवाद खारिज कर दिया।

इसमें पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह, तत्कालीन डीसीपी विनोद मीणा, एसीपी आशीष पटेल और आजादनगर थाने के तत्कालीन टीआई नीरज मेढ़ा सहित अन्य लोगों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग की गई थी। कोर्ट ने परिवाद में लगाए गए आरोपों, करोसिया के बयानों, पुलिस प्रतिवेदन और अन्य तथ्यों का परीक्षण किया। सुनवाई के दौरान परिवाद में उल्लेखित कुछ आरोपों और करोसिया के बयानों के बीच अंतर सामने आया। इन तथ्यों पर विचार करने के बाद कोर्ट ने परिवाद खारिज कर दिया। इससे संबंधित पुलिस अधिकारियों और अन्य लोगों को राहत मिली है। मिलिंद महाजन की कंपनी मिडवेस्ट ऑटोमोबाइल प्राइवेट लिमिटेड के शोरूम और सर्विस सेंटर में 6 दिसंबर 2024 को हुए विवाद, हमले और तोड़फोड़ के मामले में प्रताप करोसिया के रिश्तेदार सौरभ करोसिया सहित अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।

दो गुटों में जमकर मारपीट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

लसूड़िया इलाके में सोमवार देर रात एक कैफे में शुरू हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। अपोलो गोल्ड प्राइम बिल्डिंग में दो गुटों के युवक आमने-सामने आ गए। कहासुनी के बाद दोनों गुट के युवक बिल्डिंग से बाहर आए और पार्किंग में एक-दूसरे पर जमकर लात-घूंसे बरसाए। मौके पर मौजूद गार्ड ने युवकों को रोकने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची, हालांकि इससे पहले ही दोनों गुटों के युवक फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, सोमवार देर रात कैफे में तीन से चार युवक पहुंचे थे। वहां स्टाफ से उनकी कहासुनी हो गई।

टेम्पो ट्रैवलर ने रिक्शा और बाइक को मारी टक्कर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

एक टेम्पो ट्रैवलर चालक ने कई वाहनों को टक्कर मार दी। हीरानगर इलाके में लोडिंग वाहन को टक्कर मारने के बाद चालक बाणगंगा पहुंचा, जहां बाइक सवार को टक्कर मारते हुए बिजली के पोल में जा घुसा। घटना के बाद लोगों ने करीब दो किलोमीटर तक वाहन का पीछा किया और चालक की पिटाई कर दी।

यूपीआई ट्रांजेक्शन पर मर्चेंट चार्ज स्थगित, व्यापारियों ने बांटी मिठाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

2 हजार रुपए से अधिक के यूपीआई ट्रांजेक्शन पर प्रस्तावित मर्चेंट चार्ज को फिलहाल स्थगित किए जाने के निर्णय का अहिल्या चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने स्वागत किया है। निर्णय की खबर से व्यापारियों में उत्साह देखने को मिला। राजबाड़ा क्षेत्र में चेम्बर्स के संयुक्त सचिव अक्षय जैन के साथ व्यापारियों ने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की।



अहिल्या चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज लंबे समय से यूपीआई लेन-देन पर प्रस्तावित मर्चेंट चार्ज का विरोध कर रहा था। चेम्बर्स का कहना था कि पहले से सीमित मुनाफे पर कारोबार कर रहे व्यापारियों पर अतिरिक्त शुल्क का बोझ डालना उचित नहीं है। इससे छोटे और मध्यम कारोबारियों की लागत बढ़ने के साथ ही उनके मुनाफे पर भी असर पड़ने की आशंका थी। इस मुद्दे पर शहर के व्यापारिक संगठनों ने एकजुट होकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी। चेम्बर्स की बैठकों में भी व्यापारियों ने स्पष्ट किया था कि डिजिटल भुगतान की सुविधा का वे समर्थन करते हैं, लेकिन इसके लिए व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक भार नहीं डाला जाना चाहिए। राजबाड़ा क्षेत्र में मिठाई वितरण के दौरान व्यापारियों ने निर्णय को फिलहाल राहत के रूप में देखते हुए खुशी जाहिर की। चेम्बर्स ने उम्मीद जताई कि सरकार व्यापारियों की समस्याओं और उनके व्यावहारिक पक्ष को ध्यान में रखते हुए आगे भी सकारात्मक रुख अपनाएगी। चेम्बर्स का कहना है कि डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के साथ व्यापारियों के हितों की रक्षा भी जरूरी है।

नैनो न्यूज

- **व्यापारियों में डिजिटल भुगतान को लेकर चिंता-** इंदौर के व्यापारी डिजिटल भुगतान पर संभावित अतिरिक्त शुल्क को लेकर चिंतित हैं। व्यापारी संगठन छोटे दुकानदारों के कारोबार और मुनाफे पर पड़ने वाले असर को लेकर चर्चा कर रहे हैं।
- **उद्योगों ने सुविधाएं बढ़ाने की मांग उठाई-** इंदौर के उद्योग जगत ने निवेश बढ़ाने के लिए जमीन, बिजली और श्रमिक सुविधाओं में सुधार पर जोर दिया है। उद्यमियों का मानना है कि सरल प्रक्रियाओं से कारोबार बढ़ेगा।
- **आईटी क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़े-** इंदौर में आईटी और डिजिटल सेवाओं से जुड़ी कंपनियों की गतिविधियां बढ़ने से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर महत्वपूर्ण बने हुए हैं। कंपनियां ग्राहक सेवा और तकनीकी संचालन पर ध्यान दे रही हैं।
- **थोक बाजार में त्योहारों की तैयारी तेज-** इंदौर के थोक व्यापारियों ने आगामी त्योहारों को देखते हुए कपड़े, सजावटी सामान और घरेलू उत्पादों की मांग पर नजर बढ़ाई है। दुकानदार उपलब्ध स्टॉक और ग्राहकों की जरूरतों के अनुसार खरीदारी की योजना बना रहे हैं।
- **रियल एस्टेट में व्यावसायिक संपत्तियों पर नजर-** इंदौर में कारोबारी मुख्य सड़कों और विकसित होते व्यावसायिक क्षेत्रों में दुकान, कार्यालय और गोदाम की जगहों को लेने में रुचि दिखा रहे हैं।
- **ऑटोमोबाइल बाजार में ग्राहकों की हलचल-** इंदौर के वाहन बाजार में त्योहारी सीजन को लेकर डीलर नई बुकिंग, फाइनेंस विकल्पों और एक्सचेंज सुविधाओं पर ध्यान दे रहे हैं।

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संकर्प करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशाति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन



मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com